चैत्र कृष्ण पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 3 अप्रैल 2024
वर्ष -2, अंक -236, पृष्ठ -18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





चुनाव के बाद सुधर सकते हैं भारत-पाक रिश्ते 18

बॉलीवुड के सुपरस्टार का दोस्त उड़ाते थे मजाक 17


## एसबीआई का चुनावी बॉन्ड के एसओपी के खुलासा से इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- आरटीआई के जवाब में गोपनीयता के तहत दी छूट का दिया हवाला

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शाखाओं से जारी किए चुनावी बॉन्ड की बिक्री और भुनाने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का खुलासा करने से इनकार कर दिया है।

एसबीआई ने आरटीआई के जवाब में व्यावसायिक गोपनीयता के तहत दी गई छूट का हवाला देते हुए यह जानकारी देने से मना किया। सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत दायर एक आवेदन में अंजलि भारद्वाज ने चुनावी बॉन्ड की बिक्री और उन्हें भुनाने के लिए एसओपी का विवरण मांगा था। एसबीआई के केंद्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारी और उप महाप्रबंधक एम कन्ना बाबू ने अपने जवाब में 30 मार्च को कहा कि अधिकृत शाखाओं को समय-समय पर जारी चुनावी बॉन्ड योजना-2018 की एसओपी आंतरिक दिशानिर्देश हैं, जिन्हें आरटीआई के तहत छूट दी गई है। आरटीआई कानून की धारा 8(1)(डी) वाणिज्यिक विश्वास, कारोबारी गोपनीयता या बौद्धिक संपदा सहित ऐसी जानकारी के खुलासे से छूट देती है, जिसे बताने से प्रतिस्पर्धी स्थिति को नुकसान होगा।

## दोषसिद्धि के खिलाफ मुख्तार की अपील पर कोर्ट ने सुनवाई रोकी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मुख्तार अंसारी की मौत पर संज्ञान लेते हुए मंगलवार को उस मामले को बंद कर दिया, जिसमें उसने 24 साल पुराने मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा खुद को पांच साल कारावास की सजा सुनाए जाने के फैसले को चुनौती दी थी। मुख्तार अंसारी ने जेल में रहते हुए सजा के खिलाफ अपील दाखिल की थी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने अंसारी के निधन संबंधी बयान पर संज्ञान लेते हुए कहा, याचिकाकर्ता अब जीवित नहीं है। इसलिए सुनवाई की प्रक्रिया समाप्त की जाती है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रुद्रपुर में विजय शंखनाद रैली में जनता को संबोधित कर उत्तराखंड में फूंका चुनावी बिगुल**

# तीसरे टर्म में भ्रष्टाचार पर और तेज प्रहार होगा : मोदी

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रुद्रपुर में विजय शंखनाद रैली से उत्तराखंड में चुनावी बिगुल फूंक दिया है। उन्होंने इसको प्रचार नहीं विजय रैली करार देते हुए कहा कि तीसरे टर्म की शुरुआत में अब 75 दिन से भी कम का समय है। इस टर्म में भ्रष्टाचार पर और तेज प्रहार होगा। भ्रष्टाचार, गरीब और मध्यम वर्ग का हक छीनता है और वह ऐसा नहीं होने देंगे।

एफसीआई के सामने मोदी मैदान में विजय शंखनाद रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दो खेमे बन गए हैं। एक तरफ ईमानदारी और पारदर्शिता है, दूसरी तरफ भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। ये भ्रष्टाचारी, मोदी को धमकी और गाली दे रहे हैं। मैं कहता हूं- भ्रष्टाचार हटाओ वे कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। मोदी इनकी गालियों और धमकियों से डरने वाला नहीं है।



उन्होंने कहा कि ऊधमसिंह नगर को मिनी इंडिया कहा जाता है। देवभूमि और मिनी इंडिया से मिले प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत हूं। उत्तराखंड को विकसित बनाना और सबसे आगे ले जाना है इसलिए भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। 10 वर्षों में जितने विकास कार्य हुए हैं, उतने आजादी के 60-65 वर्षों में नहीं हुए। आज हर प्रकार की कनेक्टिविटी है। 85 हजार पक्के मकान, 12 लाख घरों में पानी, 5.5 लाख शौचालय, 5 लाख महिलाओं को उज्ज्वला गैस कनेक्शन, 3 लाख को स्वामित्व योजना में प्रापर्टी कार्ड देना, 35 लाख लोगों के बैंक खाते खुलवाए गए हैं। 2200 करोड़ की विकास योजनाएं दी हैं। यह तभी संभव है जब नीयत सही तो नतीजे सही।

### मोदी की गारंटी, गारंटी पूरी करने की गारंटी

हमारा लक्ष्य देश को दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति बनाना है, इससे नौकरी के अवसर व कमाई बढ़ेगी। इसका लाभ देवभूमि को भी होगा। उत्तराखंड में एम्स आया, यह दशक उत्तराखंड का दशक बनाने के लिए काम कर रहे हैं। यह मोदी की गारंटी से हुआ है और मोदी की गारंटी, गारंटी पूरी करने की गारंटी है। इस गारंटी ने घर-घर में सुविधाएं पहुंचाई और स्वाभिमान बढ़ाया है।

### मानसखंड से बढ़ेगा पर्यटन और रोजगार

प्रधानमंत्री ने कहा कि केदारखंड की तरह ही देश दुनिया में मानसखंड की स्थिति होगी। पिछले वर्ष आदि कैलास गया था। पहले वहां पांच हजार लोग बामुश्किल वर्ष भर आते थे। अब यह संख्या लाखों में है। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प है कि यहां पलायन नहीं हो। लोग रोजगार के इंतजाम के लिए शहर नहीं जाएं।






# बाइक को बचाने में पलटी बस तीन छात्राओं समेत चार की मौत

**शैक्षिक भ्रमण पर गये थे लखनऊ जू, गंभीर रूप से घायल दो बच्चे व बाइक सवार ट्रामा रेफर**

- देवा कोतवाली क्षेत्र के सलारपुर गांव के पास हुआ हादसा
- मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान, बच्चों के इलाज के लिए दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बाराबंकी में एक सरकारी स्कूल के बच्चों को शैक्षिक भ्रमण पर लेकर लखनऊ गई निजी बस वापसी में हादसे का शिकार हो गई। इस दर्दनाक हादसे में तीन छात्राओं समेत बस कंडेक्टर की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल दो बच्चों व बाइक सवार को लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। हादसे में तीन दर्जन बच्चे घायल हुए है।

बस में 42 बच्चे, ड्राइवर, कंडेक्टर व शिक्षकों के स्टाफ सहित कुल 50 लोग सवार थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे का संज्ञान लेते हुए आलाधिकारियों को तत्काल घायल बच्चों के अच्छे इलाज के निर्देश दिए हैं।

पुलिस के अनुसार, सभी बच्चे विकासखंड सूरतगंज के कंपोजिट विद्यालय हरक्का के हैं। जिनको विभाग की ओर से शैक्षिक भ्रमण पर लखनऊ के चिड़ियाघर समेत दूसरी जगहों पर सुबह ले जाया गया था। शाम को यह बस लखनऊ से वापस सूरतगंज आर रही थी। तभी जिले के देवा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सलारपुर गांव के पास अचानक सामने आए गये एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस का चालक अपना संतुलन खो बैठा। जिसके चलते तेज रफ्तार बस सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गई। इस हादसे में छात्रा मानसी(12), शुभी(12), कामिनी(17) समेत कंडेक्टर सूफियान(38) की मौत हो गई। दो बच्चे व एक बाइक सवार को गंभीर हालत में लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। करीब तीन दर्जन बच्चे घायल हो गये। बस में कुल 50 लोग सवार थे। खबर लिखे जाने तक डीएम सत्येंद्र कुमार ने मुआवजे का ऐलान नहीं किया है। स्कूल के शिक्षक दीपक ने बताया कि बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित हुई और रोड के किनारे जा पलटी।



कामिनी



मानसी



शुभी

### स्कूल स्टाफ के छह लोग भी थे सवार

बस में बच्चों के साथ प्रधानाध्यापक ज्ञानेश वर्मा, सहायक अध्यापक ओंकार, अनिरुद्ध प्रकाश, अनामिका, दीपक यादव और हंसराज सवार थे। उधर, बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पाण्डे से फोन पर बातचीत की। उन्होंने हादसे के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए बच्चों और उनके परिजनों की मदद का आश्वासन दिया। वहीं डॉ एम के शनमुगा सुंदरम प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा भी बच्चों को देखने जिला अस्पताल पहुंचे है।



सलारपुर गांव के पास पलटी स्कूली बस।

### एक नजर

#### छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में नौ नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में नौ नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लेंड्रा गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में नौ नक्सलियों को मार गिराया है। गंगालूर थाना क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सोमवार को सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। दल में डीआरजी, एसटीएफ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के जवान शामिल थे। नक्सलियों से निपटने के लिए गृह मंत्रालय ने अनेक योजनाएं तो बनाई है, लेकिन वहां पूरी तरह अमल में नहीं आ पा रही है।

## कारोबारी के बेटे ने कार से दो महिलाओं को रौंदा, मौत

**लखनऊ।** महानगर क्षेत्र में मंगलवार तड़के शराब व्यवसायी के नाबालिग बेटे ने 100 की रफ्तार में कार दौड़ाकर दो महिलाओं को रौंद दिया। अस्पताल में डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने नाबालिग चालक और उसके पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महानगर थाना क्षेत्र के पेपर मिल कॉलोनी निवासी साइदा बानो (54) और शबनम (40) सुबह 4:50 बजे घर के सामने खड़ी थी। मेट्रो अपार्टमेंट की ओर से 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से कार आई और साइदा व शबनम को रौंदते हुए दो बाइकों को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद कार छोड़कर भाग रहे चालक को दबोच कर लोग पीटने लगे। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस चालक को भीड़ से बचाकर थाने ले गई। घायल साइदा और शबनम को अस्पताल भेजा गया, जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। एडीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने बताया कि आरोपी चालक की उम्र 15 साल है। आरोपी और उसके पिता प्रतीक जायसवाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## चित्रकूट में ऑटो और ट्रक की भीषण टक्कर में सात की मौत



हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार :** मिर्जापुर-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह ऑटो और 12 टायरा ट्रक की टक्कर में पांच श्रद्धालुओं सहित सात लोगों की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल एक युवक का इलाज प्रयागराज में चल रहा है। हादसा तब हुआ जब ऑटो चालक तेज रफ्तार में ओवरटेक कर रहा था और तभी सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराया।

मंगलवार सुबह लगभग साढ़े पांच बजे चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन से सवारियां लेकर एक ऑटो तीर्थक्षेत्र जा रहा था। हाईवे पर सम्राट ढाबा के पास ऑटो चालक ने आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की और इसी दौरान सामने से आ रहे 12 टायरा ट्रक से टकरा गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि ऑटो के यात्री उछलकर ट्रक के पहिये के नीचे आ गए और उनकी वहीं पर मौत हो गई। तीन लोग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त ऑटो में फंस गए। आसपास के लोगों ने इनको निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल भेजा। वहां पांच लोगों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि तीन को प्रयागराज रेफर कर दिया। रास्ते में दो और लोगों की मौत हो गई।

### मृतकों के नाम

अनिरुद्ध यादव (30), अखिलेश यादव (22) निवासी मलिकपुर गुरुसहायगंज (कन्नौज), अतर सिंह (50) निवासी तिर्वा (कन्नौज), धर्मेंद्र सोनी (30) और उसकी बहन निधि (19) निवासी भरुआ सुमेरपुर (हमीरपुर), ऑटो चालक सूरज (20) निवासी बेड़ी पुलिया (कर्वी) व निर्भय (20) निवासी नारायणपुर (कर्वी)।

# भाजपा में जाने या गिरफ्तारी के लिए तैयार रहने की दी गई सलाह: आतिशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- मंत्री का दावा- सौरभ, दुर्गेश और राघव होंगे गिरफ्तार
- भाजपा के वीरेंद्र ने कहा- झूठ बोल रही हैं आतिशी

आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की मंत्री आतिशी ने मंगलवार को दावा किया कि उनके एक करीबी व्यक्ति ने उनसे कहा था कि उन्हें भाजपा में शामिल हो जाना चाहिए या एक महीने में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के लिए तैयार रहना चाहिए। आतिशी ने दावा किया कि उनके अलावा 'आप' के तीन नेताओं - दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज, विधायक दुर्गेश पाठक और राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने दावा किया कि आतिशी झूठ बोल रही हैं। उन्होंने कहा कि पूरी पार्टी शराब घोटाले में शामिल थी और उसके नेता इस आशंका पर लड़ रहे हैं कि अगला बलि का बकरा कौन होगा। दिल्ली की मंत्री ने दावा किया कि उन्हें बताया गया था कि ईडी उनके और उनके रिश्तेदारों के आवास पर छापे मारेगा। सौरभ भारद्वाज ने आतिशी को भाजपा में शामिल होने या गिरफ्तार किए जाने के प्रस्ताव को खुली धमकी करार दिया। दिल्ली भाजपा प्रमुख ने कहा कि केजरीवाल ने कहा है कि आबकारी नीति मामले के आरोपी विजय नायर, आतिशी और भारद्वाज को रिपोर्ट करते थे इसीलिए आप नेता आपस में लड़ रहे हैं।

### विधायकों ने सुनीता से कहा- सीएम न दें इस्तीफा

आप विधायकों ने अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता से मुलाकात की और कहा कि मुख्यमंत्री को जेल से ही सरकार चलानी चाहिए और इस्तीफा नहीं देना चाहिए। मंगलवार को बैठक के दौरान आप विधायकों ने सुनीता से कहा कि दिल्ली के दो करोड़ लोग मुख्यमंत्री के साथ खड़े हैं और उन्हें किसी भी कीमत पर इस्तीफा नहीं देना चाहिए।

**आबकारी नीति घोटाला**

## संजय सिंह को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में आप नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को मंगलवार को जमानत दे दी। ईडी ने कहा था कि अगर सिंह को जमानत दी जाती है तो उसे कोई आपत्ति नहीं है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने छह महीने से जेल में बंद संजय सिंह को रिहा करने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि आप नेता राजनीतिक गतिविधियां जारी रख सकते हैं, लेकिन मामले के संबंध में बयान नहीं दे सकते। सिंह की रिहाई ऐसे समय हो रही है जब आप के चुनाव से पहले नेतृत्व का संकट है।

# भाजपा ही भ्रष्टाचारियों को भेज सकती जेल: योगी

बरेली/बदायूं/पीलीभीत, ब्यूरो

**मुख्यमंत्री ने की पीलीभीत से जितिन प्रसाद, बदायूं से दुर्विजय सिंह शाक्य, बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार को सदन में भेजने की अपील**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पीलीभीत, बरेली और बदायूं पहुंचे। इन तीनों सीटों पर भाजपा ने नए उम्मीदवारों को उतारा है। पार्टी ने पीलीभीत से जितिन प्रसाद, बदायूं से दुर्विजय सिंह और बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार को टिकट दिया है। योगी आदित्यनाथ ने तीनों का हाथ थाम प्रबुद्धजनों से संवाद किया और कमल खिलाकर इन्हें सदन में भेजने की अपील की। वहीं दो रैलियों में सीएम ने आंवला से धर्मेंद्र कश्यप को जिताने का आह्वान किया। सीएम जहां सपा-कांग्रेस समेत समूचे इंडी गठबंधन पर हमलावर रहे तो वहीं पीएम मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनाईं। सीएम ने इस चुनाव को 'स्वार्थ के परिवार' बनाम 'मोदी परिवार' के बीच का बताया।



मुख्यमंत्री पीलीभीत में बोले कि देश और प्रदेश का नौजवान पलायन बी बजाय खुद का स्टार्टअप स्थापित कर रहा है। बेटियां असुरक्षित नहीं महसूस कर रही हैं, बल्कि फाइटर पायलट बनकर भारत की सुरक्षा का सिंहनाद कर रही हैं। प्रदेश दंगा मुक्त हो चुका है। पीलीभीत में मेडिकल कॉलेज, रोड और पुल के सारे प्रस्ताव को स्वीकृत कर सरकार ने विकास की नई धारा से जोड़ने का काम किया है।

बरेली में सीएम योगी ने कहा कि पूरे देश में एक ही आवाज है- फिर एक बार मोदी सरकार, लेकिन यह गूंज अचानक नहीं सुनाई दे रही है। इसके पीछे दस वर्ष तक लगातार की गई मोदी जी की मेहनत है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत विकास की नई बुलंदियों को छू रहा है। 2024 का चुनाव मोदी जी के प्रति भारत वासियों के लिए कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है। सीएम ने वर्तमान सांसद संतोष गंगवार की तारीफ भी की।

### पिछली सरकारों में बम विस्फोट होते थे: योगी

मुख्यमंत्री योगी ने बदायूं में कहा कि इस लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस का गठबंधन है। यह लोग प्रदेश को बाहर बदनाम करते हैं। अराजकता फैलाते थे। कांवड़ यात्रा पर बैन लगाते थे। यह कर्फ्यू के समर्थक हैं। इनके समय गुंडे जगह-जगह बम विस्फोट करते थे, लेकिन हमने कहा कि उप्र में बमबाजी नहीं, हर-हर-बम-बम होगा। हमें भी पीएम मोदी के नेतृत्व में नए भारत के लिए जुटना है। मोदी जी ने वह कार्य किए, जो असंभव लगते थे। तीन तलाक की प्रथा पर रोक लगी, धारा-370 हटी, राम मंदिर का निर्माण हुआ और रामलला विराजमान हो गए।

# निर्वाचन आयोग ने विशेष पर्यवेक्षक किए नियुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रशासनिक, सुरक्षा और व्यय निगरानी की होगी जिम्मेदारी
- पश्चिम बंगाल, उप्र, महाराष्ट्र और बिहार में किए गए तैनात

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के दौरान समान अवसर सुनिश्चित करने को मंगलवार को कई राज्यों में प्रशासनिक, सुरक्षा और व्यय निगरानी के मकसद से विशेष पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की।

आयोग ने कहा कि ये विशेष पर्यवेक्षक शानदार काम की पृष्ठभूमि वाले पूर्व नौकरशाह हैं तथा इनसे कहा गया है कि ये धनबल, बाहुबल और गलत सूचना से पैदा होने वाली चुनौतियों की पृष्ठभूमि में चुनावी प्रक्रिया की सख्ती से निगरानी करें। आयोग का कहना है कि विशेष पर्यवेक्षकों (सामान्य और पुलिस) को पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार में तैनात किया गया है जहां की आबादी सात करोड़ से अधिक है। इनकी तैनाती आंध्र प्रदेश और ओडिशा में भी की गई जहां लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव भी होना है। उसने कहा कि आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और ओडिशा में विशेष व्यय पर्यवेक्षक भी तैनात किए गए हैं।

## पतंजलि विज्ञापन में अवज्ञा पर रामदेव से नाराज कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापन मामले में अनुपालन को लेकर उचित हलफनामा दायर नहीं कर और अवज्ञा पर योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के एमडी आचार्य बालकृष्ण के प्रति मंगलवार को नाराजगी जताई। कोर्ट ने पतंजलि के बयान को खारिज किया कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम पुराना है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने कहा, केवल सुप्रीम कोर्ट ही नहीं, सभी अदालतों के आदेश का सम्मान होना चाहिए... यह अवज्ञा है। पीठ ने रामदेव और बालकृष्ण से कहा कि आपको कोर्ट में दिए वचन का पालन करना होगा, आपने सीमा तोड़ी है।

# दुष्कर्म पीड़ित बच्ची को नहीं मिल रही सरकारी मदद, सर्जरी रुकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बाराबंकी की पांच साल की बच्ची से 9 महीने पहले हुई थी दरिंदगी
- सर्जरी के लिए 18 दिन से केजीएमयू में है भर्ती

**अमृत विचार:** दुष्कर्म पीड़ित पांच वर्षीय बच्ची की किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में तीसरी बार सर्जरी होने जा रही है। वह करीब 18 दिनों से केजीएमयू में भर्ती की गई। लेकिन, सिस्टम की उदासीनता के कारण उसका इलाज प्रभावित हो रहा है। करीब 9 महीने की जद्दोजहद के बाद बच्ची को अभी तक सरकारी मदद के नाम पर आयुष्मान कार्ड ही बन पाया है।

आयुष्मान कार्ड बनने के बाद इलाज का हालांकि रास्ता साफ हो गया है। किंतु बाहर से दवाओं की खरीद के लिए पीड़ित बच्ची के माता-पिता दूसरों के आगे हाथ फैलाने के लिए मजबूर हैं। बच्ची की मां का आरोप है कि बाराबंकी के जिलाधिकारी को तीन बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई है।

इतना ही नहीं रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष योजना का लाभ भी बच्ची को अभी तक नहीं मिल सका है। उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की तरफ से बाराबंकी जिलाधिकारी को पत्र लिखकर पीड़ित बच्ची को आर्थिक मदद देने के निर्देश भी बेमानी दिखाई दे रहे है।

> यहां से सभी कार्रवाई पूरी कर दी गई है। बजट के अभाव में आर्थिक मदद नहीं हो पाई है। लेकिन कोशिश की जा रही है कि बच्ची के इलाज के लिए कुछ मदद हो सके। – **पल्लवी सिंह**, डीपीओ

**यह है मामला :** दरअसल, 26 जुलाई 2023 को बाराबंकी निवासी पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। आरोपी ने बच्ची के साथ दरिंदगी की सभी हदें पार कर दी थीं और उसे मरा हुआ समझ कर मौके से भाग निकला था। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को गंभीर हालत में भर्ती कराया था। हालत में सुधार नहीं होने पर बाराबंकी जिला अस्पताल से उसे राजधानी स्थित केजीएमयू में इलाज के लिए भेजा गया था। केजीएमयू में पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में बच्ची की सर्जरी हुई थी। दोबारा सर्जरी के लिए डॉक्टरों ने 6 सप्ताह बाद बुलाया था। दोबारा से बच्ची की तबीयत खराब होने पर बाल कल्याण समिति (बाराबंकी) की अध्यक्ष बाला चतुर्वेदी और समाजसेवी अमृता शर्मा ने बच्ची को एक बार फिर बाराबंकी स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से बच्ची को केजीएमयू भेजा गया था। जहां पर केजीएमयू प्रशासन और बाल कल्याण समिति (बाराबंकी) की अध्यक्ष के प्रयासों से बच्ची को इलाज मिल पाया था। एक बार फिर बच्ची की सर्जरी होनी है जिसके लिए उसे केजीएमयू में भर्ती किया गया है।

### रानी लक्ष्मीबाई कोष से मिलनी है मदद

रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष योजना के तहत जघन्य हिंसा की शिकार महिलाओं या बालिकाओं को आर्थिक और चिकित्सा सहायता दी जाती है, लेकिन 9 महीने बाद भी सरकारी तौर पर आर्थिक मदद न मिलना कई तरह के सवाल खड़े कर रहा है। बच्ची की मां ने बताया कि अधिकारियों ने बैंक में खाता खुलवा दिया था और कहा था कि इलाज के लिए सरकार पैसा देगी, लेकिन वह आज तक नहीं मिला। डीएम साहब को भी प्रार्थना पत्र दे चुके हैं। वहां से भी कोई मदद नहीं मिल रही है।

# खुल गए स्कूल, अभिभावकों की जेब पर बोझ बढ़ा

## स्कूलों की फीस व स्टेशनरी में हुई 10 फीसदी की वृद्धि ने बिगाड़ा बजट

डॉ. दिनेश मिश्रा, अयोध्या


स्टेशनरी की दुकान पर किताब-कॉपियों के लिए लगी अभिभावकों की भीड़।

**अमृत विचार:** स्कूलों के नए सत्र शुरू होने के साथ ही स्टेशनरी की दुकानों पर अभिभावकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। हर साल की तरह इस बार भी किताबों के दामों में 10 फीसदी वृद्धि के साथ-साथ स्कूलों की 10 फीसदी तक बढ़ी फीस ने अभिभावकों का बजट बिगाड़ दिया है।

दुकानों पर किताब-कॉपी के बंडल बंधे रखे हैं। उन पर स्कूल व क्लास के हिसाब से रेट टैग लगे हैं। स्टेशनरी वाले पहले से तैयारी कर के बैठे हैं। बस अभिभावक को स्कूल और क्लास भर बताना है। इसके बाद तो दाम सुनकर अभिभावक एक बार चुप सा हो जाता है। खास बात यह है कि स्कूलों के अनुसार पुरानी किताबें नहीं चलनी हैं, नई ही खरीदनी पड़ेगी। स्कूलों ने हर साल की तरह इस बार भी 10 फीसदी तक फीस में बढ़ोत्तरी की है, जिसका सीधा असर अभिभावकों की जेब पर पड़ा है। स्कूलों की मानें तो बच्चों की बढ़ी फीस से ही शिक्षकों और सहयोगी स्टाफ की तनख्वाह दी जाती है। बढ़ी फीस के क्रम में ही शिक्षकों व स्टाफ की तनख्वाह में भी इंक्रीमेंट होता है। स्कूल प्रबंधकों का इस बाबत कहना है कि मंहगाई के लिहाज से पांच से 10 फीसदी फीस बढ़ोत्तरी लाजमी है। इससे अभिभावक की जेब पर कोई बहुत ज्यादा असर नहीं पड़ता।

### स्टेशनर्स बोले- हम तो स्कूलों व प्रकाशक के बीच की कड़ी मात्र

नगर के स्टेशनर्स के प्रोप्राइटर अनुराग टंडन ने बताया कि हम तो स्कूलों व प्रकाशक के बीच की कड़ी मात्र हैं। स्कूल जिन प्रकाशकों की किताबों को बताता है हम उसे ही लाते हैं। अब किताबों के दाम तो प्रकाशक व स्कूल के बीच का मामला है। वैसे इस बार प्राइवेट किताबों में 10 फीसदी की वृद्धि हुई है। जबकि कॉपियों व एनसीईआरटी की किताबों के दामों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। स्कूल प्रबंधन विद्यार्थियों को बेस्ट व लेटेस्ट कनटेन्ट के साथ प्रकाशित किताबों को लेने पर जोर देता है। इस बात की चिन्ता किए बिना कि इसमें अभिभावक कितना पिस रहा है। जिले के सभी स्कूलों में प्री-नर्सरी से आगे की सभी कक्षाओं की किताब-कॉपी अभिभावकों को स्वयं लेनी होती है। यहां प्रतिवर्ष फीस में वृद्धि तो होती ही है साथ ही किताबों व कॉपियों का भी भारी बोझ अभिभावकों को झेलना होता है। इन सभी स्कूलों में कक्षा छह से आठ तक की किताब कॉपी का सेट लगभग साढ़े चार हजार का पड़ता है। ऐसे में यदि किसी अभिभावक के दो या दो अधिक बच्चे सीबीएसई स्कूल में पढ़ने वाले हों तो उसकी जेब अच्छी खासी ढीली होती है।

### स्कूल देता है कक्षा पांच तक की किताबें

जिंगल बेल स्कूल की प्रधानाचार्या बीना अग्रवाल ने बताया कि हमारे यहां प्राइमरी क्लास में प्ले-ग्रुप से लेकर कक्षा पांच तक के बच्चों को किताब बाहर से खरीदने पर प्रतिबंध है। बच्चों को पूरे वर्ष भर किताबें स्कूल मुहैया कराता है, वह भी नि:शुल्क। अभिभावक को महज 600-700 रुपए तक की स्टेशनरी लेनी होती है वह भी पूरे साल के लिए। ऐसे में प्राइमरी के बच्चों के अभिभावकों की जेब पर किताबों का कोई बोझ नहीं पड़ता।

### कक्षा छह की कॉपी-किताबें साढ़े तीन से पांच हजार तक

किताबों की बात करें तो कक्षा छह की कॉपी- किताब का सेट जेबी अकादमी में साढ़े चार हजार, आर्मी स्कूल में साढ़े तीन हजार, कैम्ब्रियन स्कूल में साढ़े पांच हजार, कनोसा में छह हजार, इनोवेटिव में पांच हजार, फैजाबाद पब्लिक स्कूल में साढ़े चार हजार, जयपुरिया में तीन हजार, सनबीम में साढ़े पांच हजार, अवध इंटरनेशनल में चार हजार, कनक किड्स में चार हजार, अनिल सरस्वती चार हजार, केटी पीएस साढ़े चार हजारउदया पब्लिक स्कूल साढ़े चार हजार के लगभग है। केन्द्रीय विद्यालय व नवोदय विद्यालय में एनसीईआरटी किताबों के कारण महज डेढ़ से दो हजार में निपट जाता है।

> स्कूल तीन वर्ष में एक बार 10 फीसदी तक फीस बढ़ा सकते हैं। यदि ऐसा नहीं है और स्कूल तीन वर्ष के पहले या हर साल फीस बढ़ाते हैं और इसकी शिकायत आती है तो स्कूल पर कार्रवाई की जाएगी। स्टेशनरी के मामले में शासन से स्पष्ट दिशा-निर्देश है कि कोई भी स्कूल अपने कैम्पस में या स्वयं से किताबें नहीं बेच सकता। यदि बेचने की शिकायत मिलती है तो इस पर भी कार्रवाई होगी।
> – संतोष राय, बीएसए

## एक नजर

### चुनाव में डॉक्टरों को नहीं मिलेगा अवकाश

**अयोध्या। अमृत विचार :** जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. अरुण प्रकाश ने मंगलवार को चिकित्सालय में डॉक्टरों के साथ बैठक भी की। उन्हें स्पष्ट बता दिया गया है कि चुनाव नजदीक आ रहे हैं। उस दौरान अपरिहार्य कारणों को छोड़कर अवकाश नहीं मिलेगा। उन्होंने बताया कि शिकायतें मिली हैं कि बाहर से दवाएं व जांचें लिखीं जा रही हैं। इस संबंध में सभी को अंतिम चेतावनी दी गई है। साथ ही यह भी कहा गया है कि अगर कोई भी बाहरी दवा लिखता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सकों को हिदायत दी गई है कि ड्रेस कोड में रहना अनिवार्य होगा। अपने पास सिर्फ इंटर्न को ही बैठाएं। वार्डों में राउंड करें और मरीजों से अच्छा व्यवहार करें।

### खनन कर रही ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

**बड़ागांव, अयोध्या।** रौनाही थाना चौकी सती चौरा क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन कर रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को चौकी प्रभारी गोविंद अग्रवाल ने पकड़ा लिया। चौकी प्रभारी ने बताया जिला खनन अधिकारी ने जुर्माना भी लगाया है।

## तालाब में उतरा करंट, तीन मवेशियों की हुई मौत

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या कोतवाली के मौनी बाबा की कुटिया क्षेत्र स्थित एक तालाब में मंगलवार शाम करंट उतरने से तीन पशुओं की मौत हो गई। क्षेत्रीय लोग रोज की तरह अपने जानवर चराने के लिए परिक्रमा मार्ग किनारे मौनी बाबा की कुटिया क्षेत्र में रेलवे लाइन के किनारे ले गए थे। शाम को लौटते समय उनके पशु जलकुंभी युक्त तालाब में घुस गए और पानी में उतरे करंट की चपेट में आ गए। जानवरों की हरकत देख लोगों को मामले की जानकारी हुई। लोगों ने मशक्कत कर तालाब में उतरे कई भैसों को बाहर निकाल लिया, हलांकि करंट की चपेट में आकर दो भैसों और एक पड़िया की मौत हो गई। चौकी प्रभारी रायगंज वीरेंद्र कुमार पाल ने बताया कि देर शाम तालाब में उतरे करंट की चपेट में आकर दो भैंस और एक पड़िया की मौत हुई है।

# तीन दिन तक लगातार रामलला को जगाए रखने पर ऊहापोह

अयोध्या कार्यालय

▸▸ ट्रस्ट व संतों ने बताया अनुचित पांच को बैठक में होगा निर्णय



**अमृत विचार :** राम नवमी पर रामलला को तीन दिन के लिए 24 घंटे जगाए जाने के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पांच अप्रैल को निर्णय लेगा। इसके पहले ट्रस्ट संतों के साथ विचार कर रहा है। हालांकि संतों ने बालक स्वरूप पांच वर्षीय रामलला को 24 घंटे तीन दिनों तक जगाए जाने के सवाल पर आपत्ति जताई हैं। उनके मुताबिक सनातन धर्म और मंदिरों की परंपरा में ऐसा नहीं है।

17 अप्रैल को रामनवमी उत्सव का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद प्रशासन रामलला के दर्शन के लिए 16 से 18 अप्रैल तीन दिन तक 24 घंटे तक मंदिर खोले जाने पर विचार कर रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय के मुताबिक पांच वर्षीय बालक स्वरूप रामलला विराजमान है। उन्हें 24 घंटे तक जगाए रखना उचित नहीं है। इस संबंध में ट्रस्टियों के साथ विचार कर निर्णय लिया जाएगा। राम मंदिर पूजन समिति के सदस्य मिथिलेश नंदिनी शरण का कहना है कि रामलला को 24 घंटे जगाना उचित नहीं है, जिला प्रशासन और ट्रस्ट के साथ विचार करने के बाद ही निर्णय लिया जाएगा। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि वर्तमान में भगवान को सुबह 4 बजे जगाया जाता है। ऐसे में तीन दिनों तक मंदिर खुला रखना सही नहीं है। इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

## दुष्कर्म का आरोपी दोष मुक्त, झूठी गवाही में वादिनी पर मुकदमा

**अयोध्या। अमृत विचार :** मुकदमा दर्ज करवाने के बाद अदालत में अभियोजन कथानक से मुकरने पर कोर्ट ने दुष्कर्म और पाक्सो के आरोपी को तो दोष मुक्त कर दिया, लेकिन झूठी गवाही देने पर वादिनी के खिलाफ प्रकीर्ण वाद दर्ज करके उसे विचारण के लिए तलब किया है। यह आदेश विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट अभिषेक बगड़िया की अदालत से मंगलवार को हुआ। अधिवक्ता निवास चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि घटना 4 नवंबर 2020 की है। महाराजगंज थाना क्षेत्र के गांव जगदीशपुर के रहने वाले संजय वनराजा के खिलाफ हैदरगंज थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली महिला ने अपनी सात वर्षीय पुत्री को अगवा करके जंगल में ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई। विवेचक ने संजय वन राजा के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। गवाही के दौरान वादिनी अभियोजन कथानक से मुकर गई। उसने कहा कि न तो उसकी पुत्री को कोई उठा कर ले गया था और न ही उसने ऐसा कोई बयान दरोगा को दिया था। दरोगा ने उसका बयान कैसे लिख लिया यह उसे पता नहीं है। इस पर अदालत ने वादिनी को पक्ष द्रोही घोषित कर आरोपी संजय बना राजा को उस पर लगाए गए आरोप से दोष मुक्त कर दिया, लेकिन अदालत में झूठी गवाही देने पर वादिनी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धारा 22 के तहत कार्यवाही किए जाने के लिए प्रकीर्ण वाद दर्ज किए जाने और उसे इस आशय की नोटिस जारी किए जाने का आदेश दिया है। उसके द्वारा मिथ्या सूचना देकर संजय के खिलाफ दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट के तहत झूठा मुकदमा क्यों दर्ज कराया गया।

# एमबीबीएस फर्स्ट बैच का रिजल्ट जारी, 91 विद्यार्थी पास, नौ फेल

अयोध्या कार्यालय

▸▸ केजीएमयू से जारी हुए नतीजे, अभी विद्यार्थियों करनी होगी इंटर्नशिप



**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के फर्स्ट बैच के एमबीबीएस विद्यार्थियों का नतीजा मंगलवार देर शाम जारी हो गया। पहले बैच के 100 में से 91 विद्यार्थी ही पास आउट हुए हैं। नौ विद्यार्थियों को निराशा हाथ लगी है।

मेडिकल कॉलेज में 2019 में एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू हुई थी। पहले बैच में 100 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया था। केजीएमयू से जारी नतीजों के मुताबिक छह मेडिसिन में, दो गायिनी व एक विद्यार्थी पीडिया में फेल हुआ है। नंबर तीन दिन बाद बताए जाएंगे। पास हुए विद्यार्थियों को अभी एक साल तक मेडिकल कॉलेज में ही इंटर्नशिप करनी पड़ेगी। वहीं निराश हुए विद्यार्थियों को अभी एक मौका मिलेगा। 45 दिन में सप्लीमेंट्री पेपर कराया जाएगा। हालांकि रिजल्ट अच्छा माना जा रहा है। क्योंकि 15 विद्यार्थियों के फेल होने पर ही नतीजा खराब माना जाता है। उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को प्रिंसिपल डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार, वाइस प्रिंसिपल डॉ. सत्यजीत वर्मा, ब्लड बैंक विभागध्यक्ष डॉ. डीके सिंह समेत वरिष्ठ चिकित्सकों ने उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। वहीं फेल छात्रों की हौसलाआफजाई करते हुए उन्हें सप्लीमेंट्री पेपर की तैयारी में जुट जाने को कहा है। डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों को सभी विभागों में लगाया जाएगा।

# जीआईसी से होगी पोलिंग पार्टियों की रवानगी

अयोध्या कार्यालय


राजकीय इंटर कॉलेज का निरीक्षण करते जिलाधिकारी नितीश कुमार व एसएसपी।

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में मतदान और मतगणना स्थलों के चयन का काम शुरू कर दिया गया है। डीएम नितीश कुमार ने मंगलवार अफसरों के साथ इसके मद्देनजर जीआईसी और जीजीआईसी का निरीक्षण किया। पोलिंग पार्टियों की रवानगी और स्ट्रांग रुम के भी स्थान और व्यवस्था का जायजा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी व एसएसपी ने सबसे पहले राजकीय इंटर कॉलेज अयोध्या का निरीक्षण किया। पोलिंग पार्टियों के रवानगी, वापसी और स्ट्रांग रूमों का निरीक्षण कर तैयारियां देखी। संबंधित अफसरों को निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके बाद अफसरों ने पोलिंग पार्टियों के रवानगी के संबंध में ही राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अयोध्या का भी निरीक्षण किया। यहां भी निर्देश दिया। उनके साथ एसएसपी राजकरन नय्यर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह सहित अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड एसपी भारतीय, एक्सईएन आरईडी, डीआईओएस सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे।

### मतदाता पहचान पत्र के लिए कराएं सर्वे

**अयोध्या कार्यालय।** जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अद्भुत अयोध्या स्वीप अभियान को तेज करें। साथ ही वोटर के पास मतदाता पहचान पत्र की उपलब्धता को लेकर सर्वे कराएं। उक्त निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने मंगलवार को दिए। उन्होंने कहा कि अद्भुत अयोध्या स्वीप अभियान के तहत वृहद स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करें। अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर मतदान के लिए प्रेरित करें। सर्वे में अगर किसी भी मतदाता के पास मतदाता पहचान-पत्र नहीं होने की जानकारी मिलती है तो उसे पहचान पत्र उपलब्ध कराया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव में लगे कर्मचारी पिछले चुनावों में मतदान का प्रतिशत के बारे में जानकारी करें और जिन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत कम रहा है वहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए काम करें। स्वीप कार्यक्रम से सम्बन्धित बुकलेट तैयार कराकर बीएलओ को देने का निर्देश दिया।

## मतदाता सूची में नाम नहीं तो फॉर्म भरिए

**अयोध्या कायार्लय। अमृत विचार :** मतदाता सूची में नाम नहीं है। वोट डालना है तो चिंता मत करिए। अभी आपका नाम मतदाता सूची में जुड़ सकता है बस इसके लिए आवेदन फॉर्म भरना होगा। लोकसभा चुनाव की मुनादी हो गई है। राजनीतिक दलों के नेता से समर्थक तक मैदान में आ गए हैं, केवल मतदाता मौन है। ऐसे भी मतदाता हैं जो अब तक मतदाता नहीं बन पाए हैं। उम्र पूरी हो गई। किसी ने फॉर्म भरा था लेकिन नाम नहीं आया। वोटर कार्ड भी नहीं बना। ऐसे में वह मतदान करने को लेकर चिंतित हैं। अब भी वह मतदाता बन सकते हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक चुनाव के दौरान भी 18 साल की उम्र पूरा करने वाले मतदाता बन सकते हैं। इसके लिए संबंधित व्यक्ति को भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर फॉर्म छह भरना होगा। उसके साथ उम्र संबंधी प्रमाण पत्र लागाना होगा। यह आवेदन फॉर्म निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के जरिए बीएलओ के पास पहुंचेगा। वह स्थलीय जांच करके रिपोर्ट लगाएगा। इसके बाद संबंधित व्यक्ति का नाम उस बूथ की पूरक मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। नाम सूची में आने के बाद वह व्यक्ति मतदान करने के लिए पात्र हो जाएगा।

# आसान नहीं होगा चुनाव की ड्यूटी से बच पाना

अयोध्या कार्यालय

▸▸ कार्मिक विभाग ने तैयार की सूची, होगा मेडिकल परीक्षण

**अमृत विचार :** चुनाव ड्यूटी से बच पाना आसान नहीं होगा। लोकसभा चुनाव के लिए बनाए गए कार्मिक विभाग ने ऐसे लोगों का पूरा डाटा बेस तैयार कर लिया है। इनका मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। विभागों को इसकी सूचना भेजे जाने की तैयारी है।

चुनाव में मतदान और मतगणना के लिए कार्मिकों का डाटा बेस पहले ही तैयार कर लिया गया। सूत्रों के मुताबिक कार्मिकों की सूची और ड्यूटी न कर पाने के तरह-तरह के कारण बताए गए है। महिला कर्मचारियों के साथ छोटे बच्चे का हौना, गर्भधारण, प्रसूति अवकाश, नि:शक्तता जैसे कारण इसमें शामिल बताए गए हैं। बड़े बच्चे होने, प्रसूति अवकाश की अवधि, नि:शक्तता दिखाकर डियूटी से बचने के प्रयास हो सकते है। इससे कार्मिकों की संख्या प्रभावित हो सकती है। कार्मिक विभाग में इसकी पूरी सूची तैयार कर ली गई है। इन कारणों की वास्तविक स्थिति क्या है? इसको लेकर चर्चाएं तरह-तरह की है। लेकिन बगैर मेडिकल बोर्ड के इनको ड्यूटी से छूट मिलने की उम्मीद कम है। मेडिकल बोर्ड के समक्ष इन कार्मिकों को प्रस्तुत होना पड़ेगा। इनका परीक्षण होगा। इसके बात मेडिकल बोर्ड तय करेगा कि वह ड्यूटी करने की स्थिति में है या नहीं। इसके बाद ही वह चुनाव ड्यूटी से मुक्त हो पाएंगे। विभागों को इसकी सूचना भेजे जाने की तैयारी है। अपर प्रभारी कार्मिक व डीडीओ उपेंद्र प्रसाद पाल ने बताया कि नि:शक्त और स्वास्थ्य कारणों की जांच के लिए मेडिकल बोर्ड बैठेगा। वह ऐसे कर्मचारियों की जांच करेगा। उसके रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप


रुदौली में मंगलवार को निकली निशान शोभायात्रा में शामिल महिलाएं।

### खाटू श्याम बाबा का चतुर्थ वार्षिक महोत्सव शुरू

**भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार :** श्री श्याम भक्ति मंडल द्वारा रुदौली में मंगलवार को श्री रामलीला मैदान में खाटू श्याम बाबा का चतुर्थ वार्षिक महोत्सव आयोजित गया। जिसमे सुबह गाजे-बाजे के साथ बाबा का पूजन कर श्याम निशान यात्रा निकाली गई। जिसमें परम्परागत वस्त्रों में सजी महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे बाबा का निशान हाथ में लहराते हुए जयकारे लगाते चले। निशान यात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर कोठी, कटरा, नवाब बाजार, टेढ़ी बाजार, नयागंज होते हुए वापस रामलीला मैदान पहुंची। यात्रा का जगह-जगह स्वागत भी हुआ। यात्रा में अजय गोयल, अशोक गर्ग, दिनेश गुप्ता, ओम डालमिया, नितेश अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल सहित बड़ी संख्या मेंश्याम प्रेमी शामिल हुए।

### 85 प्लस मतदाता की जानकारी न होने पर एसडीएम नाराज

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** तहसील सभागार में मंगलवार को निर्वाचन की तैयारी बैठक हुई। उपजिलाधिकारी अंशिका दीक्षित ने बीएलओ से दिव्यांग व 85 प्लस के मतदाताओं की जानकारी मांगी। न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा बीएलओ दिव्यांग और 85 प्लस के मतदाता के सूची बना कर उनसे संपर्क करें। निर्वाचन आयोग के ऐसे मतदाताओं को घर पर ही मतदान की सुविधा की जानकारी भी दें। बीएलओ अपने क्षेत्र की भौगोलिक जानकारी भी रखे। इस मौके पर नायब तहसीलदार अनूप श्रीवास्तव, रेशू जैन, सुरेश पांडेय, अनिल यादव समेत बीएलओ एवं सुपरवाइजर रहे।

### भक्ति का अनूठा संगम है श्रीमद्भागवत

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** ज्ञान, भक्ति और वैराग्य का अनूठा संगम है श्रीमद्भागवत कथा। यह बातें विकासखंड पूराबाजार के विशेषरपुर में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित सुकदेव जी ने कहीं। कथा व्यास ने कहा सांसारिक मोह, माया को त्याग कर परमात्मा का स्मरण करना ही वैराग्य होता है। जिसके जीवन में भक्ति नहीं होती उसका जीवन नीरस एवं सारहीन होता है। इस अवसर पर मुख्य यजमान साधुराम मिश्रा, हर्षित मिश्रा, रंजीत शुक्ला, दिलीप मिश्रा सहित ग्रामीणों ने कथा का रसपान किया।

### बकाए मानदेय को लेकर रोजगार सेवकों ने सौंपा ज्ञापन


ज्ञापन देने पहुंचा रोजगार सेवकों का प्रतिनिधिमंडल। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** बकाए मानदेय सहित अन्य पैसों के भुगतान कराए जाने की मांग को लेकर ग्राम रोजगार सेवकों ने मंगलवार को ज्ञापन सौंपा। ग्राम रोजगार सेवक संघ के बैनर तले जिलाध्यक्ष अमरदीप गौड़ के नेतृत्व में रोजगार सेवक डीएम से मिलकर ज्ञापन देने पहुंचे थे लेकिन उस समय डीएम कार्यालय में नहीं थे तो दिवस अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि जिले में 660 रोजगार सेवक हैं। इनको अल्प मानदेय 7788 रूपये प्रतिमाह मिलते हैं। 2212 रूपये ईपीएफ जमा किया जाता है। तीन से नौ माह का मानदेय व अक्टूबर 2021 से ईपीएफ बकाया है। पहले भी लोकसभा, विधानसभा चुनाव में डियूटी लगाई गई। मिशन अन्त्योदय और ईओएल में डियूटी लगाई गई लेकिन पारिश्रमिक नहीं दिया गया। मांग उठाई कि बकाए का भुगतान कराया जाए। ज्ञापन देने के लिए जिला संयोजक रामू निषाद, अनूप सिंह, अजहरुद्दीन, आदित्य पांडेय, विपिन पांडेय, आशा राम, मंजीत सहित अन्य रोजगार सेवक मौजूद रहे।

### भाईचारे का संदेश देती है होली: प्रवीण

**अयोध्या, अमृत विचार।** अखिल भारतवर्षीय गोंड धुरिया पंचायती मंदिर समिति अयोध्या धाम की ओर से सोमवार देर शाम मंदिर प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए गोंड महासभा के जिला अध्यक्ष प्रवीण धुरिया ने कहा कि होली भाईचारे का संदेश देती है। गोंड, धुरिया समाज के उत्थान के लिए सहभागिता के साथ शिक्षा जरूरी है। हरभजन गोंड ने संगठन की मजबूती और तरजीत गोंड ने एकजुटता की अपील की। लोग एक-दूसरे को तिलक एवं गुलाल लगाकर गले मिले। राम तिलक गोंड की अध्यक्षता और रामअनंत के संचालन में संपन्न इस समारोह में कन्हैया गोंड, महेश कशयप, राधेश्याम गोंड चौधरी, सियाराम गोंड, रामसुंदर, शिवनाथदास, हीरालाल समेत अन्य मौजूद रहे।

### 21वीं रमजान पर निकला मातमी जुलूस


रुदौली में निकले जुलूस में शामिल लोग। अमृत विचार

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** शिया समुदाय के पहले इमाम तथा मुसलमानों के चौथे खलीफा हजरत अली की शहादत पर मस्जिदों और इमामबाड़ों में शुरू मजलिसों का दौर चल रहा है। अजादारों ने शहादत पर आंसुओं का नजराना पेश किया। 21वीं रमजान का मातमी जुलूस सोमवार रात मोहल्ला सलार से दूधाधारी कर्बला तक निकाला गया। 19 से 21 रमजान तक मनाए जाने वाले शोक में शिया मुसलमान काले लिबास पहने हुए हजरत अली के प्रतीकात्मक ताबूत की जियारत के लिए बड़ी संख्या में शामिल रहे और मातम कर मौला-ए-कायनात की शहादत पर आंसुओं का नजराना पेश किया। कुढा सादात, कोपा सादात, मंझनपुर में शहादत पर मजलिस और मातम का आयोजन कर जुलुस निकाला गया।

**हालात** — डिमांड 199 व आपूर्ति 184 मेगावाट, 13 उप केंद्रों वाले नगर में 33 हजार केवीए लाइन से है आपूर्ति

# मांग व आपूर्ति में 40 फीसदी का अंतर, गर्मी में होगा बिजली संकट

कमर अब्बास, अयोध्या


चौक स्थित उपकेंद्र में लगा जर्जर ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

**अमृत विचार :** इस बार अप्रैल में ही गर्मी के तेवर देख कर आने वाले मई-जून में बिजली संकट का संभावना है। मांग और आपूर्ति में 40 फीसदी से अधिक के चल रहे अंतर से बिजली कटौती का संकट गहरा गया है। हालांकि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम का दावा है कि दर्शननगर के बाद मक्खापुर में बने नए परेषण खंड के बाद आपूर्ति का अधिक संकट इस वर्ष नहीं रहेगा।

वर्तमान में नगर क्षेत्र में कुल 13 उप केन्द्रों द्वारा बिजली आपूर्ति की जा रही है। इसमें हाल ही में 67 करोड़ की लागत से उच्चीकृत किए गए देवकाली और कौशलपुरी विद्युत उपकेंद्र भी शामिल हैं। जिनकी क्षमता बढ़ाई गई है। विभाग के अनुसार बीते माह नगर क्षेत्र में 261 ट्रांसफार्मरों की भी क्षमता वृद्धि की गई है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप अयोध्या को 24 घंटे कटौती मुक्त किया जाना है। इसलिए फरवरी में ही दर्शननगर के 132 विघुत उपकेंद्र के सामान्तर मक्खापुर में दूसरा पारेषण केंद्र तैयार कर लिया गया था। जिसके द्वारा अब एक दो उपकेंद्रों पर एक लाइन की व्यवस्था खत्म हो गई है। चार करोड़ की लागत से बने मक्खापुर पारेषण केन्द्र से आपूर्ति शुरू होने के कारण सभी 13 उप केन्द्रों पर आने वाले लोड में 50 फीसदी से अधिक की कमी दर्ज की जा रही है। पारेषण खंड के अनुसार गत वर्ष मार्च में 184 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई थी। जो इस वर्ष मार्च में बढ़ कर 194 मेगावाट हो गई है। वहीं गत वर्ष अप्रैल में भी 184 मेगावाट तक ही आपूर्ति हुई थी। बताया जाता है कि वर्तमान में नगर क्षेत्र में रोजाना 25 लाख यूनिट बिजली खर्च हो रही है। जो मई और जून में 35 लाख यूनिट से अधिक होने की संभावना है। यदि इस संभावना को सही माना जाए तो भी प्रचंड गर्मी में अकेले नगर क्षेत्र में ही 35 प्रतिशत अतिरिक्त मेगावाट बिजली की आवश्यकता होगी।

> गर्मी को लेकर सभी तरह की तैयारी युद्धस्तर पर की जा रही है। अधिकतर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि और उपकेन्द्रों का अनुरक्षण पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में बेहतर निर्बाध आपूर्ति की जा रही है। –सुशील गर्ग, अधीक्षण अभियंता।

### तेजी के साथ बढ़ रही बिजली की डिमांड

एक सप्ताह से जिले में गर्मी बढ़ रही है। इससे बिजली की खपत में भी इजाफा हो रहा है। मार्च के 30 दिनों में शहर में औसत बिजली खपत 30 दिनों और मार्च-2023 के 30 दिनों से सात-आठ प्रतिशत अधिक दर्ज हुई है। वर्तमान में दैनिक बिजली मांग 184 से 190 मेगावाट के करीब है, जबकि बिजली की खपत 25 लाख यूनिट के पार हो गई है। भीषण गर्मी में शहर में पांच लाख यूनिट खपत में इजाफा होने के आसार हैं। गर्मी में एसी, पंखे, कूलर, फ्रीज आदि बड़ी संख्या में उपयोग में लिए जाएंगे। अनुमान हैं कि 40 डिग्री तापमान होने पर 40 लाख यूनिट के करीब, 41 डिग्री होने पर 45 लाख यूनिट खपत पहुंच सकती है। 43 डिग्री होने पर 50 लाख या उससे ज्यादा गर्मी की स्थिति बनी तो दैनिक खपत 80 लाख यूनिट से ज्यादा पहुंच सकती है।

### तहसील व पंचायतों में अब होगी कटौती

यूपीएसएलडीसी लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता प्रणाली नियंत्रण के द्वारा 30 मार्च को जारी पत्र के अनुसार 30 अप्रैल तक तहसील और पंचायत मुख्यालयों पर कुल 230 घंटे की बिजली कटौती की जाएगी। तहसील क्षेत्र में सुबह छह बजे से 7:10 और शाम को 4:30 से 6:10 तक कटौती होगी। वहीं पंचायत मुख्यालयों पर भी कटौती इतने ही समय होगी। 230 घंटे कटौती के दायरे में मंडल के अम्बेडकरनगर, अमेठी, सुल्तानपुर जिले भर शामिल हैं।

## रमजान का तीसरा अशरा बड़ा अफजल : मौलाना



**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** माह-ए-रमजान के दो अशरे रहमत और मगफिरत के खत्म हो गए। इन दो अशरों में अल्लाह के नेक बंदों से जो भी टूटी फूटी इबादत हुई अल्लाह उसे कुबूल फरमा ले और माह-ए-रमजान के तीसरे अशरे को भी इबादत वाला बना दे। यह अशरा बड़ा ही अफजल है और जहन्नुम की आग से आज़ादी दिलाने वाला अशरा है। यह बातें मौलाना कामिल हुसैन नदवी ने मंगलवार को कहीं। उन्होंने बताया कि रमजान का तीसरा अशरा बहुत ही अफजल है। यह 20 वें रमजान से शुरू होता है। इसे निजात वाला अशरा कहा गया है। इसी अशरे में पांच शबे कद्र आती है। जिनमें से सबसे अफजल और रुहानी 27 वीं शबे कद्र को माना गया है।

**Kanak Kids International School**
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg
Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449

Admission Open



Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)

**Saryu International School**
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849




**रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.30 बजे
इफ्तार : 06.32 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.28 बजे
इफ्तार : 06.13 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### ईद-उल-फितर की तैयारी को लेकर बैठक आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** रमजान माह के अंतिम शुक्रवार और ईद-उल-फितर को लेकर तैयारी बैठक तीन अप्रैल बुधवार को होगी। बैठक में शांति, सुरक्षा एवं अन्य विभागीय व्यवस्था को लेकर मुस्लिम सम्प्रदाय के धार्मिक व प्रबुद्ध नागरिकों और पुलिस व कार्यदायी विभाग के अधिकारियों के बीच चचार् होगी। यह जानकारी अपर जिला मजिस्टेरट नगर सलिल कुमार पटेल ने दी।

# पुलिस टीम पर किया हमला चौकी इंचार्ज की अंगुली काटी

**महिला और पुरुष आरक्षी भी मौके पर थे मौजूद**

**रौनाही थाने के चौकी सती चौरा का मामला**

## पेड़ की डाल छंटवाने पहुंची थी पुलिस, तीन सगी बहनों समेत चार ने धारदार हथियार से किया हमला, गिरफ्तार

बड़ागांव(अयोध्या),कार्यालय

**अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र में एक मकान के निर्माण में बाधा बनी शहतूत की डाल कटवाने गई पुलिस टीम पर महिलाओं ने मंगलवार को हमला बोल दिया। महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में धारदार हथियार से हुए इस हमले में सती चौरा चौकी प्रभारी गोविंद अग्रवाल के दाहिने हाथ की अंगुली कट गई। घायल चौकी प्रभारी का सीएचसी पर उपचार और मरहम पट्टी कराया गया है। पुलिस ने तीन सगी बहनों समेत चार को गिरफ्तार किया है। एक दिन पूर्व भी मौके पर गई पुलिस के साथ अभद्रता की गई थी।

थाना क्षेत्र के मुबारकगंज गांव निवासी संजय गुप्ता अपने मकान का निर्माण करवा रहे थे। पड़ोसी ओमप्रकाश गुप्ता के घर के पास लगे शहतूत के पेड़ की शाखाओं के चलते निर्माण में बाधा खड़ी हो गई। पहले तो उन्होंने हालात का हवाला देकर पड़ोसी से मान-मनौव्वल की और संबंधित शाखाओं को कटवा लेने की अपील की। ऐसा न होने पर उन्होंने मामले की शिकायत सत्ती चौरा चौकी पुलिस को दी थी। आरोप लगाया था जान-बूझकर निर्माण रोकने के लिए अड़ंगा लगाया जा रहा है। जिसके बाद सोमवार को चौकी से पुलिसकर्मियों को शिकायत के निपटारे के लिए मौके पर भेजा। पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे तो ओम प्रकाश प्रकाश की तीनों पुत्रियों ने उनसे अभद्रता शुरू कर दी थी, जिसके चलते पुलिस को बैरंग वापस लौटना पड़ा था।




सत्ती चौरा पुलिस चौकी। अमृत विचार

महिला और पुरुष पुलिस कर्मियों के साथ चौकी प्रभारी गोविंद अग्रवाल मंगलवार को दोपहर बाद मुबारकगंज गांव पहुंचे तो तीनों बहनें और परिवार के लोग सामने आ गए। डाल कटवाने से साफ इंकार कर दिया। चौकी प्रभारी ने विपक्षी की शिकायत और समस्या का हवाला दिया तथा मकान निर्माण में बाधक बन रही शहतूत की डाल कटवाने का दबाव बनाया तो युवतियां हमलावर हो गई। धारदार हथियार के हमले से चौकी प्रभारी के दाएं हाथ की आधी अंगुली कट गई। इसके बाद पुलिस ने तीनों युवतियों ज्योति गुप्ता, शोभा गुप्ता व दीप्ति गुप्ता पुत्रीगण ओम प्रकाश गुप्ता और उसके चाचा ज्ञान प्रकाश गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया।

चौकी प्रभारी सत्ती चौरा उपनिरीक्षक गोविंद अग्रवाल ने बताया कि वह शिकायत का निवारण कराने पुलिस टीम के साथ मौके पर गए थे। इसी दौरान परिवार के लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया और महिलाओं ने धारदार हथियार से हमला बोल दिया। बचाव के लिए उन्होंने हाथ उठाया तो दाहिने हाथ की अंगुली कट गई। उन्होंने बताया कि मेडिकल परीक्षण करवा हिरासत में ली गई तीन सगी बहनों और उनके चाचा का शांति भंग में चालान किया जा रहा है।

### महज शांतिभंग में चालान

पुलिस टीम पर धारदार हथियार से हमला करने और चौकी प्रभारी की अंगुली कट जाने में मामले में आरोपियों का सिर्फ शांतिभंग की धारा में चालान करना लोगों के गले नहीं उतर रहा है। उनका कहना है कि जरा सी बात पर कड़ी कार्रवाई की जाती है, यहां तो पुलिस टीम पर हमला गंभीर मामला है। ऐसे में पुलिस की पूरी कार्रवाई संदेह के दायरे में है।

# हनुमानगढ़ी में भी वीआईपी दर्शन की व्यवस्था शुरू



हनुमान गढ़ी पर वीआईपी मार्ग से जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। प्रत्येक दिन डेढ़ से दो लाख श्रद्धालु राम मंदिर और हनुमान गढ़ी पर दर्शन कर रहे हैं। जिसमें वीआईपी भी पहुंच रहे हैं। इसे देखते हुए अब हनुमान गढ़ी के निकास मार्ग पर वीआईपी दर्शन कराने की व्यवस्था मंगलवार से लागू की गई है। बीते दिनों पुलिस प्रशासन और मंदिर के प्रमुख संतों के बीच बैठक हुई थी। जिसमें हनुमान गढ़ी के निकास मार्ग से होकर मंदिर परिसर के अंदर विशिष्ट अतिथियों के लिए वीआईपी मार्ग बनाए जाने पर सहमति बनी थी। इसको लेकर लोहे की रेलिंग बनाई गई है।

### ...ताकि लंबे समय तक न करना पड़े इंतजार

पूर्व अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत ज्ञान दास के उत्तराधिकारी महंत संजय दास ने बताया कि अयोध्या में बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ तमाम वीवीआइपी जैसे अलग-अलग राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्री, सचिव का भी आगमन हो रहा है। ऐसे में दर्शन के लिए लंबे समय तक इंतजार न करना पड़े इसके लिए अलग एक व्यवस्था बनाई गई है। यह व्यवस्था अभी अस्थाई रूप से है।

# व्यवस्था : मरीज लगाएंगे चिकित्सकों की हाजिरी

अयोध्या कार्यालय

**मेडिकल कॉलेज के सर्जरी वार्ड में मरीज देंगे फीडबैक**

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों में मरीजों द्वारा अक्सर यह सुनने को मिलता है कि डॉक्टर साहब आज राउंड पर नहीं आए, या फिर वार्ड में आए थे, लेकिन हमारे मरीज को देखकर नहीं गए। ऐसे ही मामलों को हल करने के लिए मेडिकल कॉलेज में नई व्यवस्था शुरू होने जा रही है। इस पर सबसे पहले सर्जरी विभाग काम शुरू करने जा रहा है। इसमें मरीजों को चिकित्सकों से होने वाली शिकायत पर फीडबैक लिया जाएगा। उनसे रजिस्टर पर हस्ताक्षर कराया जाएगा कि आपके पास चिकित्सक राउंड करने आए थे या नहीं।

दर्शन नगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के अलग-अलग वार्डों में 500 बेड हैं। इनमें करीब 120 बेड का सर्जरी वार्ड ही है। सर्जरी विभाग के प्रमुख व वाइस प्रिंसिपल डॉ. सत्यजीत वर्मा ने बताया कि सर्जरी वार्ड में इस व्यवस्था को लागू करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। हमारे यहां विभाग के नौ जेआर और पांच एसआर हैं। इस व्यवस्था के तहत वार्ड में एक रजिस्टर रहेगा। वह रजिस्टर सभी मरीजों के पास पहुंचेगा। उसमें चिकित्सकों के मरीज के पास आने का समय व उनको मिलने वाली सुविधाओं का फीडबैक लिया जाएगा।

## दर्ज कराएं पेयजल समस्या की शिकायत, नंबर जारी

**अयोध्या। अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण की ओर से गर्मी में पेयजल समस्या का समाधान कराने के लिए जिले स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कोई भी व्यक्ति पेयजल की समस्या को लेकर कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक अभियंता अजीज अहमद चौधरी के मोबाइल नंबर-9473965871 और सहयोगी राहुल पांडेय के मोबाइल नंबर 9473965891 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। यह मोबाइल नंबर 24 घंटे चालू रहेगा। यह जानकारी अधिशासी अभियंता खंड कार्यालय ने विज्ञप्ति जारी कर दी।



# हैदराबाद के लिए भी कीजिए टेक ऑफ

अयोध्या कार्यालय

**स्पाइस जेट की 611 फ्लाइट 133 यात्रियों को लेकर पहुंची**

**अमृत विचार :** अयोध्या से धीरे-धीरे देर भर के लिए उड़ानें शुरू हो रही हैं। इसी क्रम में मंगलवार से हैदराबाद के लिए भी उड़ान सेवाएं शुरू हो गई हैं। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पहली फ्लाइट दोपहर में महार्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या पहुंची। एयरपोर्ट डायरेक्टर के नेतृत्व में यात्रियों का स्वागत किया गया। 45 मिनट बाद ही फ्लाइट यहां से हैदराबाद के लिए रवाना हो गई। यह फ्लाइट हफ्ते में तीन दिन संचालित होगी।

30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों के अयोध्या एयापोर्ट के उद्घाटन के बाद से छह से भी अधिक एयरलाइन्स कंपनियों ने श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए अपने विमानों का बेड़ा अयोध्या में उतार दिया है। सबसे अधिक फ्लाइट्स दिल्ली के लिए संचालित हो रही है। स्पाइस जेट ने अब हैदराबाद के लिए भी सेवाएं शुरू की हैं। स्पाइस जेट की फ्लाइट 611 ने हैदराबाद के एयरपोर्ट से मंगलवार को सुबह 10:45 पर उड़ान भरी और यहां दोपहर 12:45 पर लैंड हो गई। विमान से कुल 133 यात्री अयोध्या पहुंचे। एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही सभी एक स्वर में जय श्रीराम का उद्घोष करते दिखे। इसके बाद दोपहर में 1:25 पर वही फ्लाइट 121 यात्रियों को लेकर यहां से टेक ऑफ हुई और 3:25 पर हैदराबाद पहुंच गई। अयोध्या से हैदराबाद के लिए हफ्ते में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार व शनिवार को होगा।



अयोध्या एयरपोर्ट।

> अयोध्या से अब हैदराबाद के लिए भी दूरी कम हो गई है। हर कोई अब रामलला के दर्शन करने के लिए आना चाह रहा है। इसे देखते हुए समर शेड्यूल के तहत फ्लाइट्स की संख्या भी बढ़ रही हैं। **–विनोद कुमार, डायरेक्टर, अयोध्या एयरपोर्ट**

## सार-संक्षेप

### वाराणसी से लखनऊ के बीच स्पेशल ट्रेन शुरू

**अयोध्या,अमृत विचार।** रामनगरी और काशी विश्वनाथ का दर्शन-पूजन करने आने वाले श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए रामनवमी के पूर्व उत्तर रेलवे ने वाराणसी से लखनऊ के बीच विशेष ट्रेन का संचालन शुरू किया है। 20 अप्रैल तक चलने वाली यह ट्रेन मंगलवार को अयोध्या धाम जंक्शन से गुजरी। उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि वाराणसी-जफराबाद-शाहगंज-अयोध्या धाम-बाराबंकी के रास्ते लखनऊ तक चलने वाली इस ट्रेन का ठहराव जिले में केवल अयोध्या धाम जंक्शन और रुदौली स्टेशन पर तय किया गया है। अयोध्या कैंट के साथ गोसाईंगंज, पटरंगा, सोहावल स्टेशन पर यह ट्रेन नहीं रुकेगी। सुबह 6:25 बजे वाराणसी से चलने वाली यह ट्रेन पौने 12 बजे लखनऊ पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन शाम को साढ़े चार बजे लखनऊ से रवाना होगी और 21:50 बजे वाराणसी जंक्शन पहुंचेगी। इलेक्ट्रिक इंजन युक्त ट्रेन 324 किमी. की दूरी पांच घंटा 20 मिनट में तय करेगी।

### किसानों को सम्मान देकर गेहूं खरीद शुरू



किसानों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया।

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या मंडल के अमेठी में जायस मंडी में गेहूं खरीद का शुभारंभ संभागीय खाद्य नियंत्रक अशोक कुमार पाल ने किसानों को माला पहनाकर किया। संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी अयोध्या सत्येंद्र नाथ पांडेय व जिला खाद्य विपणन अधिकारी अमेठी संतोष द्विवेदी भी मौजूद रहे। मंडल के जनपदों में अभी गेहूं की कटाई जोर पकड़ने में एक सप्ताह का समय लगेगा। अधिकरियों द्वारा बताया गया कि इस बार गेहूं की खरीद शासन के निर्देशानुसार अधिक से अधिक मात्रा में सुनिश्चित कराई जाएगी। जिसके लिए मंडल में 418 क्रय केंद्र स्थापित कराये गए हैं। किसानों को गेहूं बेचने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। भुगतान खरीद के 48 घंटे के अंदर खाते में किया जा रहा है। छनाई-उतराई के मद में 20 रुपये प्रति क्विंटल का खर्च सरकार वहन करेगी।

### रामपथ पर बैग छीन फरार हुआ स्कूटी सवार

**अयोध्या, अमृत विचार।** अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में रामपथ पर मंगलवार को सरेशाम एक स्कूटी सवार युवक एक बालिका के हाथ से ट्रॉली बैग छीनकर फरार हो गया। दिल्ली के रोहिणी नगर निवासी संजय अग्रवाल ने बताया कि वह परिवार के साथ दर्शन-पूजन के लिए ट्रेन से अयोध्या पहुंचे। नयाघाट क्षेत्र में उन्होंने एक होम स्टे में कमरा बुक किया था, नयाघाट क्षेत्र में ई-रिक्शा से उतरने के बाद परिवार के साथ सड़क क्रास कर रहे थे। इसी दौरान करीब 4.20 बजे के बीच स्कूटी सवार लाल टीशर्ट पहने युवक ने पुत्री के हाथ से उसका ट्रॉली बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गया। बैग में कोई कीमती सामान तो नहीं था लेकिन पुत्री के कपड़े थे। उनका कहना है कि लता मंगेशकर चौक के पास स्थित पुलिस चौकी पर शिकायत की तो पुलिस ने सीसीटीवी रिकॉर्डिंग में ऐसा कुछ न दिखने की बात कही है। इस बाबत अयोध्या कोतवाल के सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया तो फोन उनके हमराही हिमांशु ने उठाया और जाँच-पड़ताल कराये जाने की बात कही है।

### मारपीट व तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार।** नगर कोतवाली के कृष्णा नगर कॉलोनी में हमलाकर मारपीट और तोड़फोड़ का मामला प्रकाश में आया है। कोतवाली क्षेत्र के कृष्णा नगर कालोनी फेस एक निवासी राजेश यादव का कहना है कि उनके घर के सामने शिशिर पाठक का छात्रावास है। जिसमें किराये का कमरा लेकर प्रवीन मिश्रा, प्रशांत कुमार, प्रदीप वर्मा, उमाशंकर एवं पाँच-छह अन्य निवास करते हैं। उनका आरोप है कि सोमवार देर रात सभी उसके घर पहुंचे तथा गेट का लॉक तोड़कर भीतर घुसकर अहाते में खड़ी ई-रिक्शा को क्षतिग्रस्त करने लगे। विरोध करने पर उनको और उनके साले ओम प्रकाश को मारा-पीटा। पत्नी कंचन यादव पर भी हमला किया, लेकिन हल्ला-गुहार मचाने पर धमकी देते हुए भाग निकले। नगर कोतवाल अश्वनी कुमार पांडेय ने बताया कि मामले में चार को नामजद करते हुए अन्य अज्ञात के खिलाफ बलवा, मारपीट, धमकी और तोड़फोड़ की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवेचना कराई जा रही है।

### बूथ समित व पन्ना प्रमुख की बैठक कल से

**अयोध्या।** भाजपा की बूथ समिति और पन्ना प्रमुख की बैठक चार से 10 अप्रैल के बीच होगी। इसकी तैयारी को लेकर लोकसभा चुनाव कार्यालय पर मंगलवार को बैठक की गई। 60 वोटर पर पन्ना प्रमुख की नियुक्ति की गई है। बैठक में लोकसभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कहा कि बूथ प्रबंधन से चुनाव में जीत प्राप्त की जा सकती है। बैठक में जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अवधेश पांडे बादल, अभिषेक मिश्रा, रामपति पांडे, अशोक कसौधन, कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू, इं. राम धीरज पांडेय, सोमनाथ आदि मौजूद थे।

# रामनवमी पर छह किलोमीटर तक बिछेगी कारपेट

अयोध्या कार्यालय

**तीन दिन तक बिछी रहेगी कारपेट**

**धर्मपथ पर हनुमान गुफा के पास ही श्रद्धालुओं को उतारने होंगे जूते-चप्पल**

**अमृत विचार :** रामनवमी मेले की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। नए-नए प्लान बनाए जा रहे हैं। नंगे पैर दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए नगर निगम प्रशासन ने छह किलोमीटर में कारपेट बिछाने का निर्णय लिया है।

कारपेट का एक नमूना मंगलवार को नगर निगम के तिलक हाल में बिछाया गया। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि साकेत पेट्रोल पंप से लेकर हनुमान गुफा तक धर्म पथ के डिवाइडर पर शू-रैक लगाए जाएंगे। दर्शनार्थी अपने जूते-चप्पल वहीं उतार देंगे। हनुमान गुफा से छह किलोमीटर तक में कारपेट बिछाई जाएगी, जो कि लता चौक, जन्मभूमि पथ, दंतधावन कुंड होते हुए वापसी में हनुमान गुफा तक बिछी रहेगी। इसको बिछाने के लिए टेंडर निकाला गया है। 16 से 18 अप्रैल तक कारपेट बिछी रहेंगी।



नगर निगम के तिलक हाल में बिछाई गई कारपेट का निरीक्षण करते नगर आयुक्त संतोष शर्मा। अमृत विचार

### पटरियों से ठेले हटाने की कवायद

रामनवमी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। अयोध्या धाम में पटरियों पर चलने में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके लिए ठेले-खुमचे हटवाए जा रहे हैं। अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार ने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र में मुनादी करवाई जा रही है। प्रवर्तन दल जुटा हुआ है। दोनों मीटिंग में कार्रवाई चल रही है। ठेला न हटाने पर जब्त कर लिया जाएगा। साथ ही जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है।

# मरीज को दीं पथरी की एक्सपायरी दवाएं, जांच शुरू

**नौ दवाओं में से आठ थीं एक्सपायर, वापस करने गया तो बैरंग लौटाया**

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार :** तहसील के एक निजी अस्पताल की लापरवाही का मामला सामने आया है। निजी अस्पताल द्वारा पथरी के एक मरीज को एक्सपायरी दवाएं देने की शिकायत सामने आई है। पीड़ित की शिकायत पर तहसील प्रशासन की ओर से जांच शुरू कर दी गई है।



पीड़ित संजय।

मुबारकगंज निवासी संजय कुमार गौतम ने एक निजी अस्पताल में पथरी की शिकायत पर इलाज कराया। रौनाही पड़ाव पर स्थित इस निजी अस्पताल पर आरोप लगाया कि नौ दवा लिखी गई थीं। नर्सिंग होम में बने मेडिकल सेंटर से दवाएं लेने पर आठ दवा एक्सपायरी दे दी। मरीज को यह जानकारी तब हुई जब उसने दवाएं चिकित्सक को दिखाई। पीड़ित का आरोप है कि दवाएं वापस नहीं ली गईं। पीड़ित ने मेडिकल स्टोर संचालक और निजी अस्पताल प्रबंधन पर मिलीभगत का भी आरोप लगाया है। उप जिला अधिकारी अशोक कुमार सैनी ने बताया कि गंभीर शिकायत है। जांच के लिए सीएचसी प्रभारी को लिखा गया है। जांच में यदि आरोप सत्य पाए गए तो संबधित अस्पताल और मेडिकल स्टोर के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



पीड़ित को दी गईं दवाएं।

**सूरत-ए-हाल** — प्राण प्रतिष्ठा के समय गाजे-बाजे के साथ आई थीं बड़ी-बड़ी बोट, उद्घाटन के बाद से नहीं हुआ संचालन

# नहीं चले वाटर मेट्रो व जटायु, मारुति बोट को सवारियों का इंतजार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कम नहीं हो रही है। रामलला के दर्शन करने के बाद बहुत से भक्त सरयू नदी में नौका विहार का लुफ्त उठा रहे हैं, लेकिन एक बात की कसक आज भी है कि गाजे-बाजे के साथ अयोध्या पहुंचे वाटर मेट्रो और जटायु का संचालन नहीं हो रहा है।

पर्यटन विभाग के भारतीय जल प्राधिकरण के द्वारा 150 सीटर वाटर मेट्रो की शुरुआत की गई थी। उद्घाटन के बाद से अभी तक इसका संचालन प्रारंभ नहीं हो सका है। वाटर मेट्रो प्रभारी अनुराग तिवारी बताते हैं कि भारतीय जल प्राधिकरण और पर्यटन निगम के द्वारा इस वाटर मेट्रो का संचालन किया जाना है, लेकिन अभी तक पर्यटन निगम के द्वारा कोई भी निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है और न ही किराया और रूट निर्धारण की प्रक्रिया को पूरा किया गया है। वहीं 100 सीटर मिनी जटायु क्रूज और मारुति मोटर बोट की यात्रा लोगों को नहीं भा रही है। 30 सीटर मारुति बोट भी सवारी के इंतजार में खड़ी रह गई। महिला श्रद्धालु ऋतु तिवारी ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों का भी 50 रुपये किराया है, जबकि परिवार में कई लोग होंगे तो उसमें एक बच्चा जरूर आएगा। मारुति बोट पर घूमने के कई बार गए, कहा गया कि 50 से अधिक यात्रियों के होने पर ही बोट चलेगी।




सरयू तट पर खड़ी वाटर मेट्रो के बाहर लगा नो एंट्री का बोर्ड।



मुकेश सिंह



ऋतु तिवारी

### 50 का है आदेश, लिए जा रहे 100 रुपये

सरयू नदी में 48 से अधिक नाव चल रही हैं। हर दिन लगभग 500 लोग नौका विहार कर रहे हैं। नाविक प्रति व्यक्ति 100 रुपये मनमाना किराया वसूल रहे हैं, जबकि पूर्व में मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में नागरिकों के साथ बैठक कर यात्रियों से सिर्फ 50 रुपये ही किराया वसूले जाने का मौखिक निर्देश दिया गया है। नाविक गुड्डू ने बताया कि अयोध्या में भीड़ का लाभ हम लोगों को भी मिल रहा है। सुबह और शाम अधिक यात्री आते हैं। नाव पर घूमने के लिए 100 रुपये प्रति व्यक्ति से किराया लिया जाता है। एक नाव में 10 यात्रियों को ही बैठाते हैं। लक्ष्मण घाट से संत तुलसी दास घाट तक लगभग दो किलोमीटर का सफर कराते हैं। उत्तराखंड से आए श्रद्धालु मुकेश सिंह ने कहा कि अयोध्या में प्रभु रामलला का दर्शन करने के लिए परिवार के साथ आये थे। सरयू नदी में घूम कर बहुत अच्छा लग रहा है। हम पांच लोगों से नाविक ने 500 रुपये किराया लिया।

### अब तो और नहीं चल सकेंगी बोट

गर्मी के मौसम शुरु होने के साथ ही सरयू नदी का जलस्तर भी घट रहा है। नदी की जल धारा घाटों को छोड़ कर लगभग 500 मीटर दूर पहुंच गई। घाटों पर स्नान के लिए बीच धारा में जाना पड़ रहा है। जलस्तर कम होने के कारण अब वाटर वॉटर मेट्रो, मोटर बोट और जटायु क्रूज भी नहीं चल सकेगा।

> नौका विहार को लेकर रेजीडेंट मजिस्ट्रेट संदीप कुमार ने निर्देश दिया है। इसके बावजूद नाविक यात्रियों से अधिक पैसा ले रहे हैं। इसकी शिकायत भी जिला प्रशासन को की जा चुकी है, लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई का निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। **– रूबे कुमार, प्रभारी, जल पुलिस**

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic
& Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112



# लोकसभा चुनाव की तैयारी जल्द करें पूर्ण : डीएम



23वां रोजा

शिया
सहरी : 04.27 बजे
इफ्तार : 06.29 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.22 बजे
इफ्तार : 06.23 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## बीएलओ, सुपरवाइजर और जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ की समीक्षा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आवश्यक बैठक आहूत की गई है। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधान सभावार रिसीविंग व डिस्पैच सेन्टर पर लगायी गई डयूटी, विधान सभावार ईवीएम रैण्डमाइजेशन और कमिशनिंग के समय लगायी गई ड्यूटी, विधान सभावार तैयार कराए जा रहे मॉडल बूथों, पिंक बूथ, युवा बूथ, दिव्यांग बूथ की अलग-अलग क्रिटिकल बूथों पर कहां-कहां वेबकास्टिंग, वीडियोग्राफी किया जाना है और किन-किन बूथों पर माइक्रो आब्जर्वर की तैनाती की जानी है।

एसडी मतदाताओं की सूची तैयार कराकर रखना, निरंतर पुनरीक्षण में प्राप्त फार्मों के निस्तारण की स्थिति का विवरण, मतदाता पर्चीं और वोटर गाइड वितरण के लिए तैयार की गई। रणनीति के संबन्ध में, सुपर 100 वाले बूथों पर स्वीप योजना के अन्तर्गत की गई कार्यवाही और कराए जाने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा से संबन्धित विवरण, दिव्यांग व 85 प्लस आयु वाले मतदाताओं को मतदान कराए जाने की रणनीति के संबंध में और बीएलओ, सुपरवाइजर और जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट को मतदान कराने की व्यवस्था के बारे में बिंदुवार समीक्षा की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपरोक्त के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, समस्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, उप जिलाधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।



लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह।

### भ्रामक खबर फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में एमसीएमसी टीम की बैठक का आयोजन किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127क के अधीन कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के चुनावी पैम्फलेट या पोस्टर, हेंडबिल या अन्य दस्तावेज प्रकाशक और मुद्रक के नाम, पता वर्णित किए बिना और प्रकाशक की घोषणा, जो कि दो व्यक्तियों द्वारा अनुप्रमाणित की गई हो, प्राप्त किए बगैर निर्वाचन के लिए न तो प्रकाशित व मुद्रित करेंगे और न ही मुद्रण या प्रकाशन करेंगे। यह ऐसे प्रेस की जिम्मेदारी है कि वह दस्तावेज के मुद्रण के बाद युक्तिसंगत समय के भीतर जिला निर्वाचन अधिकारी को दस्तावेज की प्रति के साथ घोषणा की प्रति सौंपने के लिए निर्देशित किया है। मीडिया प्रमाणन अनुवीक्षण समिति एमसीएमसी केबल नेटवर्क, रेडियो इत्यादि सहित इलेक्ट्रानिक प्रिंट मीडिया के माध्यम से अभियान की बारीकी से निगरानी करने के निर्देश दिए है। भ्रामक खबरें फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## 24 मई को पोलिंग पार्टियों को किया जाएगा रवाना

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर का जायजा लिया। जहां से 24 मई को पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा। वहां पर सभी उप जिलाधिकारी और प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिसमें वहां पोलिंग पार्टियों के रवानगी के समय चुनाव ड्यूटी में लगाए गए कार्मिकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। हवाई पट्टी पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा अलग-अलग विधानसभाओं के लिए आवंटित स्थान पर जाकर वहां की व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संतुष्टि जाहिर की गई। इसके उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त अधिकारियों और प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर का निरीक्षण किया गया। जहां पर पांचों विधानसभा क्षेत्र अकबरपुर, जलालपुर, टांडा, कटेहरी और आलापुर की ईवीएम मशीन 25 मई मतदान के उपरांत जमा कराया जाएगा और स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रत्येक विधानसभा के लिए बनाए गए 20 रिसीविंग सेंटर बनाए गए हैं। वहां पर निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए कि ईवीएम जमा करते समय लगाए गए कार्मिकों को किसी प्रकार की कोई असुविधा का सामना न करना पड़े और ईवीएम सकुशल रूप से जमा कराई जा सके।



राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी।



तैयारियों को लेकर इंजीनियरिंग कॉलेज का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी।

## ट्रेनरों को ईवीएम मशीन के बारे में किया गया प्रशिक्षित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थित में लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से संबंधित संपूर्ण प्रक्रिया का प्रशिक्षण 17 मास्टर ट्रेनरों को प्रथम पाली में और 25 मास्टर ट्रेनरों को द्वितीय पाली में दिया गया। जिसमें एक-एक मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम मशीन को जोड़ने तथा उनके निर्वाचन के दौरान या निर्वाचन शुरू होने के पूर्व उत्पन्न होने वाले त्रुटियों के संबंध में विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया और प्रत्येक मास्टर ट्रेनरों द्वारा एक-एक करके स्वयं पूरी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षकों द्वारा विस्तार पूर्वक भारत निर्वाचन आयोग के दिए गए निर्देशों को अवगत कराया गया साथ ही साथ कंट्रोल यूनिट, वैलिड यूनिट व वीवी पैट को सुचारू रूप से संचालित करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से इसके बारे में विस्तृत रूप से पूछा भी गया। प्रशिक्षण के दौरान परियोजना निदेशक डीसी मनरेगा, मास्टर ट्रेनर मौके उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मारपीट के मामले में दो महिलाओं पर मुकदमा दर्ज

**टांडा, अंबेडकरनगर।** जमीनी विवाद को लेकर थाना इब्राहिमपुर क्षेत्र के ग्राम नैपुरा जलालपुर में दो महिलाओं ने एक महिला की जमकर लाठी और डंडों से जमकर पिटाई कर डाली। पुलिस ने दोनों महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उक्त ग्राम की महिला सिंधु पत्नी स्व. राम गरीब का आरोप है कि सुरेखा पुत्री बाबूलाल कनोजिया निवासनी ग्राम दरियापुर थाना अलीगंज और गीता पत्नी अज्ञात निवासनी ग्राम देईपुर ने पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर गाली धमकी देते हुई लाठी व डंडों से जमकर पीटा। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है।

### चार अभियुक्त गिरफ्तार

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** थाना अलीगंज पुलिस ने क्षेत्र के मोहल्ला मुसहां नाला के पास से जुआ खेल रहे चार लोगों को पकड़ कर ताश के पत्ते और 3610 रुपये नगद बरामद किया है। थानाध्यक्ष अलीगंज गजेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि थाने के दरोगा नीरज कुमार को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त स्थान पर जुआ खेला जा रहा है। तभी उन्होंने पुलिस बल के साथ छापा मार जुआ खेलते हुए चारों लोगों को अपनी गिरफ्त में ले लिया। पकड़े गए लोगों की शिनाख्त ने मैनुद्दीन राजगीर निवासी मोहल्ला मुसहां, सैफ अख्तर, सीएचसी के पीछे बाबूगंज अलीगंज, सौदागर अली व आलम निवासी मोहल्ला अलाहदादपुर के रूप में हुई। पुलिस ने सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### निकाली गई शोभायात्रा

**देवरिया बाजार, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** होली के बाद पड़ने वाले पहले मंगलवार को मनाए जाने वाले ऐतिहासिक बुढ़वा मंगल का जुलूस भव्य तरीके से निकाला गया। शोभायात्रा यात्रा नगर के हनुमान गढ़ी से आरंभ होकर पूरे नगर क्षेत्र का भ्रमण किया। शोभायात्रा यात्रा में दर्जन भर देवी देवताओं की आकर्षक झांकी शामिल रही। सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ हाथी घोड़े भी साथ चल रहे थे। लोग एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर बधाई दी। इस मौके पर हनुमान गढ़ी सेवा समिति के संयोजक रामकरन मोदनवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद प्रजापति, पूर्व विधायक अनीता कमल, समाजसेवी विवेक सिंह प्रधान, राजेन्द्र सिंह पप्पू सहित तमाम लोग रहे। सुरक्षा व शांति की दृष्टि से क्षेत्राधिकारी आलापुर रामबहादुर सिंह, थानाध्यक्ष विजय तिवारी सहित भारी संख्या में पुलिस बल मुस्तेद रहे।

## चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण का आयोजन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

लोकसभा चुनाव के लिए सामान्य निर्वाचन प्रक्रिया और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से संबंधित संपूर्ण प्रक्रिया का प्रशिक्षण 15 मास्टर ट्रेनरों को प्रथम पाली में और 16 मास्टर ट्रेनरों को द्वितीय पाली में दिया गया। जिसमें एक-एक मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम मशीन को जोड़ने और उनके निर्वाचन के दौरान या निर्वाचन शुरू होने के पूर्व उत्पन्न होने वाले त्रुटियों के संबंध में विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया। प्रत्येक मास्टर ट्रेनरों द्वारा एक-एक करके स्वयं पूरी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षकों द्वारा विस्तार पूर्वक भारत निर्वाचन आयोग के दिए गए निर्देशों के बारे में जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से इसके बारे में विस्तृत रूप से पूछा भी गया। प्रशिक्षण के दौरान परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर, डीसी मनरेगा, डीसी एनआरएलएम, मास्टर ट्रेनर मौके उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचारियों को बचाने को हुई थी विपक्षियों की रैली

▸▸ केंद्र सरकार अपने 10 वर्षों के चहुमुखी विकास के कार्य को लेकर चुनाव में है उतरी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** दिल्ली के रामलीला मैदान में भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए आयोजित रैली के जवाब में भाजपा राष्ट्र से लेकर जनपदों तक प्रेस वार्ता कर विपक्षी दलों के रैली का जवाब दे रही है।

भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में मंगलवार को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी पदमसेन चौधरी ने भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय के साथ प्रेस वार्ता किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए देश की 140 करोड़ जनता उनका परिवार है और मोदी अपने परिवार को भ्रष्टाचारियों से बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। मोदी की गारंटी है कि जिसने देश को लूटा है उसे लौटाना ही पड़ेगा। भ्रष्टाचारी यह भी चाहते हैं कि उनके भ्रष्टाचार पर चर्चा भी न हो। पदमसेन चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र सरकार ने अपने 10 वर्षों के चहुमुखी विकास के कार्य को लेकर चुनाव में उतरी है। मोदी ने भारत को विश्व के विकसित राष्ट्र में शामिल कराने का लक्ष्य लिया है। विपक्षी दल चाहते हैं कि उनके भ्रष्टाचार पर कोई कार्यवाही न हो। यह विपक्षी गठबंधन जन बंधन नहीं है, यह ठग बंधन है। आम आदमी पार्टी कहती है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में यह रैली हो रही है। कांग्रेस कहती है कि यह पूरे गठबंधन की रैली है।



कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी पदमसेन चौधरी।

## सार-संक्षेप

### डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में एनआईसी कक्ष में प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान भारत निर्वाचन आयोग में दिए गए निर्देश के क्रम में लोकसभा प्रत्याशियों को 22 प्रकार की अनुमति के संबंध में विस्तार पूर्वक जिसमें प्रमुख रूप से वाहन, झंडा की साइज, फ्लैक्स, लाउड स्पीकर, रैली सहित अन्य अनुमतियों के बारे में जानकारी दी गई। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, संबंधित विभाग के अधिकारी और प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौके पर उपस्थित रहे।

### यासिर हयात बनाए गए लोकसभा क्षेत्र प्रभारी

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन का मुख्य आधार पीडीए समीकरण के मिशन 2024 के चुनावी कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इकबाल खां कादरी ने एक प्रखर वक्ता और राष्ट्रीय सचिव यासिर हयात को 38 सुल्तानपुर लोकसभा क्षेत्र और अंबेडकरनगर 55 लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी बना कर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक सभा यासिर हयात ने कहा कि पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताते हुए जो जिम्मेदारी दिया है उसको मैं दोनों लोकसभा क्षेत्रों में कड़ी मेहनत व पूरे संघर्ष के साथ निभाऊंगा।



### उड़नदस्ता टीम ने अभियान चलाकर की वाहनों की चेकिंग

**आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में आचार संहिता का पालन कराने के लिए विधानसभा आलापुर के अलग-अलग क्षेत्रों में उड़नदस्ता टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान वाहनों की चेकिंग की गई। लाइसेंस और गाड़ी का कागज नहीं मिलने वालों पर कार्रवाई भी हुई। स्टेटिक मजिस्ट्रेट डॉ. विवेक सिंह ने एसआई अमृत लाल यादव, कांस्टेबल मनीष कुमार, दिलीप कुमार आदि के साथ मंगलवार को बसखारी, जहांगीरगंज मार्ग पर अभियान चलाकर वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान विभिन्न मामलों में पांच हजार का चालान भी काटा। स्टेटिक मजिस्ट्रेट डॉ. विवेक सिंह ने बताया कि चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने के लिए शनिवार को वाहनों की अभियान चलाकर वाहनों की चेकिंग की गई।

### जीवन बीमा निगम का पैसा निकालने के आरोप में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पति के नाम पर चल रहे भारतीय जीवन बीमा की रकम उनकी मौत के बाद सास, ससुर व जेठ जेठानी द्वारा मिलकर निकाल लेने व परिवार रजिस्टर से मृतक की पत्नी और पुत्री के नाम कटवा देने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में कोतवाली टांडा पुलिस ने विधवा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। प्रियंका वर्मा पत्नी स्व. कुलदीप वर्मा निवासनी ग्राम मुस्तफाबाद ने आरोप लगाया है कि उनके पति की मौत के बाद मेरे उनके नाम भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी को ससुर श्रीराम व सास राधा वर्मा, जेठ संदीप वर्मा, जेठानी रूपा ने निकाल लिया। जानकारी होने पर जब मांगने गयी तो सभी ने गाली देते हुए भगा दिया और दोबारा आओगी तो जान से मार डालेंगे। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली टांडा इंस्पेक्टर दीपक सिंह रघुवंशी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना उप निरीक्षक रविन्द्र यादव को सौंपी गई है।

## चुनाव में बूथ अध्यक्ष की भूमिका अहम : रमन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** विश्व के सबसे बड़े घोटाले इलेक्टोरल बांड घोटालेबाजों की हकीकत को घर-घर पहुंचाना है। लोकसभा कोआर्डिनेटर रमन पांडेय जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेसजनों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राहुल गांधी की गारंटी घर-घर ले जाने में बूथ अध्यक्ष और न्याय पंचायत संगठन की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है कि देश को भाजपा और मोदी सरकार के अन्याय से आजादी दिलाने के लिए संगठन को बूथ लेबल पर मजबूत करते हुए एक-एक बूथ पर पांच न्याय योद्धा तैयार करें। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जनपद के समस्त कांग्रेसजनों की अति महत्वपूर्ण बैठक में लोकसभा कोआर्डिनेटर रमन पांडेय बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी डॉ. विजय शंकर तिवारी ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, उप्र प्रभारी अविनाश पांडे और उप्र कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के आवाहन पर हुई बैठक में जिलाध्यक्ष अमित कुमार वर्मा और कांग्रेसजनों ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व मंत्री लालजी वर्मा को ऐतिहासिक शिल्पकार और विकास पुरूष बताते हुए शानदार दमदार विकसित अंबेडकरनगर का श्रेय देते हुए लाखों वोट से जिताने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल छोटू ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुखीलाल वर्मा, विशाल वर्मा, संजय यादव, आदित्य नारायण तिवारी, दीपक वर्मा, संजय वर्मा, वीपी गौतम, राजेश प्रजापति और रजनीश राजभर आदि मौजूद रहे।



जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक में मौजूद लोकसभा कोआर्डिनेटर रमन पांडेय।

### मौलाना शब्बर रजा मुस्तफ्वी का निधन

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** नगर के शानदार शख्सियत के मालिक 45 वर्षीय मौलाना शब्बर रजा मुस्तफ्वी का सोमवार 21 रमजान को हैदराबाद में इंतकाल हो गया। मौलाना पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उन्होंने ने अपनी पूरी जिंदगी दीनी तालीम की रोशनी फैलाने में गुजार दी। अपने दौर में मदरसों मस्जिदों में सेवाएं दी जो आज भी यादगार है। उन्हें सभी ने एक सुर में नगर का चमकता हुआ सितारा बताया जो हमेशा के लिए बुझ गया। जनाजा देर रात हैदराबाद में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

तीसरा अशरा | हर अशरे की होती हैं अलग-अलग मान्यताएं

# जहन्नुम से निजात को मांगें दुआ

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** रमजान के मुबारक महीने को तीन भागों में बांटा गया है। दस दिन का पहला अशरा रहमत का होता है। दूसरा दस दिन मगफिरत और अंतिम के दस दिन जहन्नुम से निजात का तीसरा अशरा होता है।

मशहूर दीनी शिक्षण संस्थान दारूल उलूम निदा-ए-हक के प्रधानाचार्य मौलाना हबीबुर्रहमान नूरी ने रमजान के तीसरे अशरे के संबंधित वार्ता में चर्चा करते हुए कहा कि रोजेदार तीसरे अशरे में अल्लाह से जहन्नुम से निजात के लिए दुआएं मांगते हैं। हदीस के मुताबिक इन तीनों अशरा में अलग-अलग मान्यताएं होती है। इन्हीं अशरा के अनुसार इबादत और तिलावत के साथ रोजेदार रब की बारगाह में दुआएं मांगते हैं। रमजान उल मुबारक के पहले व दूसरे अशरे समाप्ति के बाद रोजेदारों ने कारोबार घर दुकान और मकान में रहमत और बरकत की रब से खूब दुआएं मांगी। रविवार को सूर्यास्त के बाद जहन्नुम से निजात का तीसरा अशरा का आगाज हो गया। रमजान के इन दस दिनों में रोजेदार अल्लाह से जहन्नुम से निजात के लिए रब से दुआएं मांगेंगे। रविवार की रात से ही कुरान की तिलावत और इबादत के साथ महिला अकीदतमंद घरों में जहन्नुम से निजात के लिए दुआएं करना शुरू कर दिया है। वहीं मस्जिदों में पांच वक्त की नमाज के साथ ही तरावीह की नमाज के बाद रोजेदार अल्लाह की बारगाह में अपने गुनाह की माफी मांग रहे हैं। शिया आलिम व इमाम-ए-जुमा मौलाना रहबर सुल्तानी ने कहा कि अंतिम अशरे में 23वीं रमजान की रात्रि को शब-ए-कद्र की रात होने से इस रात्रि की बहुत अहमियत है। इस रात्रि को पवित्र कुरान नाजिल हुआ था। इसके अलावा 19वीं और 21वीं रमजान को भी शब-ए-कद्र की रात के तौर पर जाना जाता है। इन रातों में रोजेदार पूरी रात बेदार रहकर अल्लाह की इबादत करते हैं।



आग लगने से जली गेहूं की खड़ी फसल। अमृत विचार

### शार्ट सर्किट से लगी आग से गेहूं की फसल जलकर राख

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के बसखारी थाना क्षेत्र के सनदहा मजगवा गांव में शार्ट सर्किट से आग लगने से करीब आठ बीघा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। बसखारी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा संदहा मजगवा निवासी रामकिशोर पुत्र जगेसर, मेवालाल, दिलीप कुमार पुत्रगण जियालाल, मनीता पत्नी स्व. विनोद कुमार, सजना देवी पत्नी स्व. जियालाल, बाबूराम, संतराम पुत्र मंगल प्रसाद, मुन्नीलाल पुत्र मंगल प्रसाद व मो. वकील, मो. नसीर पुत्रगण कुतुब अली का खेत मजरे संदहा तालाब के दक्षिण तरफ स्थिति खेत के बगल विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए 11 हजार वोल्टेज के तार जिसमे विद्युत आपूर्ति चालू था। तेज हवाओं के कारण तार आपस में टाकराने लगे। जिससे निकली चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। आग पर काबू पाने से पूर्व ग्रामीणों ने इसकी सूचना डायल 112 और फायर ब्रिगेड को दिया। लेकिन फायर ब्रिगेड मौके पर घटना स्थल पर नहीं पहुंची। वहीं डायल 112 की पुलिस के पहुंचने से पूर्व ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। विद्युत उपकेंद्र मकोइया के जेई मुन्ना यादव ने बताया कि गेहूं का मुआवजा विद्युत विभाग से दिया जाएगा।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबंधक/विद्युत/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन "खुली" निविदायें (ई-टेंडरिंग) आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं.-1, निविदा सूचना संख्याः** ई-निविदा-एल-44-23-24, **कार्य का नामः** प्रयागराज रामबाग रेलवे स्टेशन एवं झूंसी रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ मेला-25 से संबंधित विविध विद्युतीय कार्य। **अनुमानित लागतः** ₹ 1,23,89,292.36, **अमानत राशिः** ₹ 2,12,000.00, **कार्य समापन अवधिः** 06 माह, **निविदा समापन की तिथि एवं समयः** 23.04.2024, 14.30 बजे, **निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** 23.04.2024, 14.30 बजे, **नोटः** उपरोक्त ई-निविदा के पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य
मुजाधि/विद्युत-01 वाराणसी
"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# पीसीयू को मिला 42 हजार एमटी गेहूं खरीद का लक्ष्य

## जिले में 6 एजेंसियों को मिली है गेहूं खरीद की जिम्मेदारी, इस बार बनाए गए 112 क्रय केंद्र

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार :** सरकारी क्रय एजेंसियों को गेहूं खरीदने का लक्ष्य तय कर दिया गया है। जिले में सर्वाधिक खरीद का लक्ष्य पीसीयू संस्था को दिया गया है। पीसीयू 42 हजार एमटी गेंहू की खरीद करेगी। इसके अतिरिक्त पांच अन्य एजेंसियों को भी खरीद की जिम्मेदारी दी गई है।



मंडी में लगे गेहूं क्रय केंद्र के कांटे। अमृत विचार

गेहूं खरीद के लिए जिले में 112 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। इस बार जिले को इस बार 130700 मीट्रिक टन गेहूं खरीदने की जिम्मेदारी मिली है। पिछले वर्षों के मुकाबले यह अब तक सर्वाधिक खरीद लक्ष्य है। ऐसे में जिले की जिम्मेदारी काफी बढ़ गयी है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए गेहूं खरीद से जुड़े अफसरों ने कसरत शुरू कर दी है। मंगलवार को सभी एजेंसियों के खरीद का लक्ष्य तय कर दिया गया। इसमें पीसीयू संस्था को सर्वाधिक लक्ष्य दिया गया है। पीसीयू को 42 हजार मीट्रिक टन गेंहू खरीद का लक्ष्य मिला है। इसके अलावा खाद्य विभाग को 20 हजार एमटी, पीसीएफ को 33 हजार, यूपीएसएस को 20 हजार, भारतीय खाद्य निगम को 11700 मीट्रिक टन व कृषि उत्पादन मंडी समिति को 4 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य दिया गया है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि जिले में छह एजेंसियां गेहूं खरीद कर रही हैं। शासन की ओर से सभी एजेंसियों को गेहूं खरीद करने का लक्ष्य आवंटित कर दिया गया है।

### 4 हजार किसान करा चुके हैं पंजीकरण

गेहूं खरीद के लिए अब तक चार हजार किसान अपना पंजीकरण करा चुके हैं। जिन किसानों ने अभी पंजीकरण नहीं कराया है उनसे केंद्र प्रभारी संपर्क कर रहे हैं और उन्हें अपना पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। खरीद से जुड़े अफसर इसकी निगरानी भी कर रहे हैं। अफसरों का कहना है कि इस बार सर्वाधिक खरीद लक्ष्य मिला है। ऐसे में अतिरिक्त प्रयास भी किया जा रहा है।

### एक महीने में हुई 61 क्विंटल गेहूं की खरीद

जिले में गेंहू खरीद एक महीना पहले ही प्रारंभ हो चुकी है लेकिन अभी किसान केंद्रों पर नहीं आ रहे हैं। अब तक सिर्फ 4 केंद्रों पर 61 क्विंटल गेंहू की खरीद हुई है। हालांकि, तीन-चार दिनों से मौसम में तब्दीली आई है और पछुआ हवा ने जोर पकड़ा है। ऐसे में एक सप्ताह बाद गेंहू की फसल पकने की उम्मीद है। फसल कटने के बाद क्रय केंद्रों पर गेहूं की आवक शुरू हो जायेगी।

## एक नजर

### पूर्व माध्यमिक विद्यालय स्थापित करने की मांग

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत निबिहा परसपुर में पूर्व माध्यमिक विद्यालय नहीं स्थापित किया जा सका है। प्राथमिक शिक्षा ग्रहण कर चुके बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है। प्रधान अनूप कुमार तिवारी ने बताया कि ग्राम पंचायत में माध्यमिक विद्यालय खुलवाए जाने की मांग बीएसए से की गई है। बीएसए ने शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### सड़क निर्माण कराए जाने की उठाई मांग

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत नव्वा गांव के गोमती पुरवा गांव से आर्य नगर पृथ्वीनाथ सड़क तक जाने वाले मार्ग का निर्माण आज तक नहीं किया गया है। ग्राम प्रधान राकेश वर्मा ननबच्चा ने बताया कि मार्ग का निर्माण कराए जाने की मांग क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से कई बार की पर सुनवाई नहीं हुई। बारिश में परेशानी उठानी पड़ती है।

### गुदगुदियापुर स्कूल तक नहीं है जाने का रास्ता

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय गुदगुदियापुर से जमुना चौकीदार के घर तक जाने वाली सड़क का निर्माण आज तक नहीं हो सका है। ग्राम प्रधान रामनाथ मौर्य ने बताया कि सड़क का निर्माण न होने से स्कूल जाने बच्चों को आवागमन में दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं।

### भंडारा आयोजित

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत भवनियापुर उपाध्याय में बालाजी का भंडारा आयोजित किया गया। ग्राम प्रधान संजय कुमार सोनी ने बताया कि भंडारे में क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार द्विवेदी मुन्ना भैया, सांसद प्रतिनिधि राजेश सिंह सहित अन्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## मैजापुर मिल में गन्ने की खुली खरीद शुरू

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** बलरामपुर चीनी मिल की इकाई मैजापुर में गन्ने की खुली खरीद प्रारंभ कर दी गयी है। इकाई प्रमुख संदीप अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार से गन्ने की खुली खरीद प्रारम्भ कर दिया गया है किसान भाई अपना अवशेष गन्ना शीघ्र ही आपूर्ति कर दें। अग्रवाल ने बताया कि गन्ने की खुली खरीद पांच अप्रैल तक कि जायेगी। बराबर गन्ने की आपूर्ति होती रही तो खुली खरीद 5 अप्रैल से आगे भी बढ़ाई जा सकती है जिससे किसानों का गन्ना रह न जाए। किसान साफ व ताजे गन्ने की आपूर्ति करें।

## सभी प्रखंडों में मनाया जाएगा रामोत्सव

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद प्रखंड की बैठक बानगढ़ देवी मंदिर मनकापुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीराम सिंह व संचालन प्रखंड मंत्री विनोद मिश्रा ने किया।

बैठक में मुख्य अतिथि जिला कार्याध्यक्ष जनार्दन सिंह व जिला मंत्री विजय प्रताप सिंह की मौजूदगी में प्रखंड के सभी उप खंडों में आगामी राम नवमी के दिन रामोत्सव कार्यक्रम मनाने व प्रशिक्षण केंद्रों पर प्रखंड से बजरंग दल, मातृ शक्ति, दुर्गा वाहिनी, परिषद शिक्षा वर्ग के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण में जाने की योजना बनाई गई। आयोजक प्रखंड कार्याध्यक्ष राकेश सिंह, जिला मीडिया प्रमुख आरडी पांडेय सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# बुढ़वा मंगल पर दर्शन-पूजन को उमड़े श्रद्धालु

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** नगर के प्रसिद्ध श्री भैरवनाथ मंदिर में बुढ़वा मंगल के मौके पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का जबरदस्त तांता लगा रहा। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भैरवनाथ के दर्शन किए। इसके अलावा, अलग-अलग हनुमान मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया।



भैरवनाथ मंदिर पर जुटे श्रद्धालु। अमृत विचार

श्री भैरवनाथ मंदिर पर सुबह 8 बजे से ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं का जमावड़ा होने लगा और शाम होते-होते शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं की हजारों की भीड़ मंदिर में दर्शन करने के लिए उमड़ पड़ी। पूरे दिन मेले जैसा माहौल रहा। बुढ़वा मंगल की मान्यता रही है की होली के दूसरे मंगलवार को यह मेला आयोजित होता रहा है और हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर में दर्शन करने और प्रसाद चढ़ाने के लिए आते हैं। भैरवनाथ मंदिर के महंत गिरिजा शंकर गिरी, रमा शंकर गिरी ने बताया कि सुबह से शाम तक करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाया और दर्शन किया। वहीं बजरंग नगर मेहंदी हाता हनुमानगढ़ी मंदिर पर मेले का आयोजन हुआ। यहां हनुमान जी के दर्शन करने के साथ-साथ श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाया। हनुमानगढ़ी सेवा समिति की तरफ से भंडारे का आयोजन किया गया। बाबा हरिदास ठाकुर राम जानकी मंदिर बालक राम पुरवा में भी पूजन के साथ प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया।

# दूसरे की जमीन दिखा हड़पे 12 लाख

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** करनैलगंज क्षेत्र में दूसरे की जमीन दिखाकर 12 लाख रुपये हड़प लिए है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

मोहल्ला सकरौरा निवासी जुबेर अहमद ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि थाना कटरा बाजार अंतर्गत ग्राम निंदूरा निवासी मुकीद खां जमीन खरीद कर बिक्री करने का काम कर रहे हैं। दो वर्ष पूर्व मुकीद खां व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमीक जामई खां निवासी निकट मस्जिद डाली बाग लखनऊ, इफ़्तिखार अंसारी निवासी नई बाजार कस्बा करनैलगंज ने मिलकर षड्यंत्र रचा। तीनों ने मिलकर उसके साथ धोखाधड़ी व जालसाजी करते हुए धन हड़पने की नीयत से अमीक जामई खां के नाम बाराबंकी निवासी एक व्यक्ति से जमीन खरीदने का कूटरचित दस्तावेज तैयार कराया। उसके बाद दस्तावेज दिखाते हुए जून 2022 में उस्मान कुरैशी, जमील, फिरोज को बुलाकर मुकीद खां व इफ़्तिखार अंसारी के साथ बाराबंकी गया जहां लखनऊ-फैजाबाद मार्ग पर सागर इंस्टीट्यूट के सामने अमीक जामई दो अन्य व्यक्तियों के साथ मौजूद थे। पांचों लोगों ने जमीन दिखाई। उसके साथ गए अन्य तीनों लोगों ने भी एक-एक प्लाट लेने की इच्छा जाहिर की जिस पर 4 प्लाट 20 लाख रुपये में तय हुए। नकद व फोन- पे के माध्यम से उसने अमीक जामई को 5 लाख रुपये दिए। 8 जुलाई को तीनों आरोपी उसके घर पहुंचे जहां प्लाट खरीदने वाले चारों लोगों के साथ अन्य लोग भी थे। सबके सामने उसने 7 लाख 50 हजार रुपये से भरा पालीथिन अमीक जामई खां को दिया। गारंटी के तौर पर 5-5 लाख रुपये की दो चेक देकर तीनों लोग चले गए। 18 जुलाई को मुकीद खां व इफ़्तिखार अंसारी उसके घर से 6 लाख 25 हजार रुपये ले गए। आज तक जमीन का बैनामा नहीं किया। आरोप है कि जमीन भी अमीक जामई के नाम नहीं है, दिखाए गए दस्तावेज फर्जी थे। कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि दो दिन बाद दोनों पक्षों को बुलाया गया है, विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# राहत : बलरामपुर फाउंडेशन ने लगवाई 40 सोलर स्ट्रीट लाइट

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** बलरामपुर फाउंडेशन ने पथ प्रकाश की सुविधा के लिए विभिन्न स्थानों पर 40 स्ट्रीट लाइट लगवाई। बलरामपुर चीनी मिल की इकाई मैजापुर के मुख्य महाप्रबंधक संदीप अग्रवाल ने बताया कि बलरामपुर फाउंडेशन की ओर से पथ प्रकाश योजना के अंतर्गत 40 स्ट्रीट लाइट 14 मार्च को लगवाई गई थी जिसे मंगलवार को सुचारू रूप से चालू करा दिया गया है।

महाप्रबंधक ने बताया कि 10 सोलर लाइट कलेक्ट्रेट गोंडा, 10 पुलिस अधीक्षक कार्यालय व आवास, 15 पुलिस उपमहानिरीक्षक कार्यालय व पुलिस लाईन व 05 तहसील प्रांगण करनैलगंज में लगवाई गई हैं। सोलर स्ट्रीट लाइट का लाभ जनता को भी मिलेगा। मुख्य महाप्रबंधक संदीप अग्रवाल ने बताया कि पद्मश्री मीनाक्षी सरावगी संस्थापक बलरामपुर चीनी मिल समूह के मानव जीवन उत्थान के विचारों को साकार करते हुए अनेकों सामाजिक कार्य जनहित में किए जा रहे हैं। उपजिलाधिकारी करनैलगंज व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने कहा कि सोलर स्ट्रीट लाइट से जनमानस को लाभ मिलेगा। महाप्रबंधक गन्ना पीके चतुर्वेदी, महाप्रबंधक मुकेश कुमार झुनझुनवाला, सौरभ गुप्ता, श्रीप्रकाश सिंह सहित उपस्थित रहे।

## शिक्षक को दी गई भावभीनी विदाई

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार:** रुपईडीह के कंपोजिट विद्यालय भवनियापुर उपाध्याय में शिक्षक कृष्ण कुमार श्रीवास्तव के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कृष्ण कुमार श्रीवास्तव प्रधानाध्यापक पद पर अपनी सेवा पूरी कर सेवानिवृत हो गए। कंपोजिट विद्यालय भवनियापुर उपाध्याय में कार्यरत सभी शिक्षकों छात्रों ने शिक्षक सम्मान व विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी मनीष प्रताप सिंह, एआरपी चंद्रशेखर तिवारी, घनश्याम शुक्ल, अनुज तिवारी, श्वेता गुप्ता, राजधर, राजेश पांडेय, जगदीश प्रसाद, त्रिपुरारी मिश्र आदि रहे।

# शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, वह पथ प्रदर्शक होता है

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार :** 31 मार्च को सेवानिवृत हुए ब्लॉक के तीन शिक्षकों का खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह की देखरेख में ब्लॉक संसाधन केंद्र पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मनीष कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता है, उसका सम्मान हमेशा रहा है और हमेशा रहेगा। शिक्षक हमेशा पूजनीय होता है। अच्छे समाज के निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है, चाहे वह सेवा में रहे या ना रहे।

शिक्षक नेता अजीत कुमार तिवारी, एआरपी चंद्रशेखर तिवारी, देव प्रकाश पांडेय, अवधेश त्रिपाठी, राजेश तिवारी, अश्वनी कुमार शुक्ल, बालमुकुंद पांडेय, देवेंद्र प्रताप सिंह, सूर्यमणि पांडेय, तिलक राम आदि लोगों ने सेवानिवृत शिक्षकों के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनसे सभी लोगों को सीख लेने की आवश्यकता बताई। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्राथमिक विद्यालय अनंतपुर के सहायक अध्यापक गणेश तिवारी, कंपोजिट विद्यालय गोकरन शिवाला के सहायक अध्यापक नकछेद गुप्त व भवनियापुर उपाध्याय के कृष्ण कुमार श्रीवास्तव को सभी लोगों ने फूलमाला व अंग वस्त्र भेटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक विद्यालय भैरमपुर के सहायक अध्यापक आशुतोष गिरी ने किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व सेवानिवृत शिक्षक सुरेंद्र सिंह, एआरपी अनुज तिवारी, घनश्याम शुक्ल, पवन कुमार शुक्ल, अनिल चौरसिया, सुशील पांडेय, राहुल तिवारी, राजदार अहमद, अनिल चौरसिया, केसभान पांडेय, पवन कुमार यादव, विनय पांडेय, देवनंदन तिवारी, लेखाकार प्रभाकर त्रिपाठी, अंकित तिवारी, चंद्रभान वर्मा, बाबूराम चौहान, पंकज मिश्र, कमला प्रसाद, राजेश शुक्ल आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### ग्राम न्यायालय की शुरुआत से अधिवक्ताओं में हर्ष



न्यायिक अधिकारी का स्वागत करते अधिवक्ता। अमृत विचार

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** आखिरकार करनैलगंज के अधिवक्ताओं का संघर्ष सफल रहा। मंगलवार को ग्राम न्यायालय की विधि-विधान से शुरुआत की गई। कार्यक्रम आयोजित कर अधिवक्ताओं ने न्यायाधिकारी अरुण गौतम का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष गोपाल जी तिवारी व मंत्री ओम प्रकाश यादव समेत तमाम वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने संबोधित किया। ग्राम न्यायालय की स्थापना को लेकर तहसील परिसर के सभी अधिवक्ताओं में काफी हर्ष का माहौल है। इस दौरान तहसील के अधिवक्ता त्रिलोकी नाथ तिवारी, प्रताप बली सिंह, धर्मेंद्र मिश्र, अरविंद कुमार शुक्ल, अमरेश चतुर्वेदी, हृदय नारायन मिश्र, संजय श्रीवास्तव, बाबादीन मिश्र, सुरेन्द्र कुमार द्विवेदी, रामसभा मिश्र आदि मौजूद रहे।

### होली मिलन समारोह में जुटे साहू समाज के लोग



साहू समाज के होली मिलन समारोह में उपस्थित समाज के लोग।

**गोंडा, अमृत विचार :** गांधी पार्क टाउन हॉल में साहू समाज ट्रस्ट ने होली मिलन समारोह व जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष पद का चुनाव आयोजित किया गया। इस दौरान ट्रस्टियों एवं सदस्यों ने जिलाध्यक्ष पद के लिए बीआर साहू निवासी अमदही तरबगंज को निर्विरोध चुना गया। चार उम्मीदवार हरिशंकर साहू, शिवपूजन साहू, श्रीराम साहू व बीआर साहू ने नामांकन किया। बाद में तीन उम्मीदवारों ने अपना नाम वापस लिया। इससे बीआर साहू को निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। चुनाव ओमप्रकाश साहू और राजीव साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। चुनाव के बाद सभी लोगों ने होली मिलन कार्यक्रम में एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान राम बदल, ओमप्रकाश, परमात्मा दीन पूर्व प्रधान, संजय साहू, अश्वनी साहू, राम संजीवन, ई. अरविंद, प्रधान अमरनाथ साहू आदि रहे।

### संचारी रोगों को लेकर एक माह चलेगा सफाई अभियान

**अमृत विचार, गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज विकासखंड के तहत संचारी रोगों के रोकथाम के लिए एक महीने के सफाई अभियान का आगाज हुआ जो 30 अप्रैल तक चलेगा। एडीओ पंचायत रवि मिश्रा ने बताया कि संचारी रोगों के प्रभावी रोकथाम के लिए शिड्यूल बनाकर सफाईकर्मियों की टीम बनाई गई हैं। टीमें स्कूल परिसर, सड़क, नालियों की सफाई करेंगी। सोमवार से शुरू हुए अभियान में एडीओ पंचायत ने सफाईकर्मियों के कार्यों का निरीक्षण कर उन्हें जिम्मेदारी से कार्य करने की नसीहत दी। एडीओ ने बंधवा, बेलभरिया जमुनहा मझरेती गांवों का निरीक्षण किया।

### मारपीट के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार :** मारपीट करने का आरोप में कौड़िया के पैड़ीबरा मुन्ना पुरवा गांव निवासी राजेश शुक्ल, विपुल व मनोज शुक्ल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किये गये के सभी आरोपितों को न्यायालय भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी दारोगा प्रतीक पांडेय की अगुवाई में पुलिसकर्मियों द्वारा की गई है।

### शिक्षक को पितृशोक, दी गई श्रद्धांजलि

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य के वृद्ध पिता की लंबी बीमारी के चलते सोमवार देर शाम को निधन हो गया। ग्राम बैरीपुर रामनाथ के दत्तूपुर गांव निवासी अनिरुद्ध कुमार पांडेय जो एपी इंटर कालेज में प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत्त हैं। इनके पिता भवानी प्रसाद पांडेय (90) जो रेलवे विभाग से सेवानिवृत्त थे। मंगलवार को उनके बड़े बेटे अनिरुद्ध कुमार पांडेय ने मनवर नदी स्थित शमशान घाट पर पिता को मुखाग्नि देकर दाह संस्कार किया। तरुण कुमार पांडेय, वृजेश कुमार पांडेय, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अतुल पांडेय, फूल चंद, संजय पांडेय, पवन मौर्या, विन्द्रा प्रसाद, अजय पांडेय आदि ने अंतिम संस्कार में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दी। एपी इंटर कॉलेज में मंगलवार को प्रधानाचार्य विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक शोक सभा आयोजित की गई। समीर सिंह, राजेंद्र दत्त राम पांडेय, एमडी मिश्र, सुजीत सिंह, विनोद सिंह आदि मौजूद रहे।

## दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल

**धानेपुर, गोंडा, अमृत विचार:** धानेपुर थाना क्षेत्र के गोंडा उतरौला मार्ग पर सोमवार की रात प्राथमिक विद्यालय बगुलही के समीप दो बाइकों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। धानेपुर पुलिस ने घायलों को सीएचसी मुजेहना पहुंचाया जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घायलों की पहचान घानेपुर थाना क्षेत्र के फरास पुरवा निवासी साहिल व इरशाद तथा भावे नगर बखरवा निवासी श्यामू के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि दुर्घटना हुई है।दोनों बाइकें क्षतिग्रस्त हुई हैं। उन्हें कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विष्णु ने वराह अवतार लेकर पृथ्वी लोक की रक्षा की

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** नवाबगंज क्षेत्र के महंगूपुर गांव में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन मंगलवार को कथा वाचक ने विष्णु के वराह अवतार की कथा सुनाई। श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया



कथा सुनाते आचार्य विद्याभूषण।

कथा वाचक ने बताया कि सनकादिक ऋषियों के श्राप के कारण जय विजय असुर योनि में जन्मे। हिरण्याक्ष पृथ्वी को लेकर पाताल लोक चला गया। पृथ्वी को नष्ट कर देने का उपक्रम करने लगा। देवों ने वैकुंठ निवासी विष्णु से गुहार लगाई। वराह अवतार लेकर भगवान विष्णु ने हिरण्याक्ष का वध कर पृथ्वी की रक्षा की। कथा प्रवाचक ने कुंती द्वारा श्रीकृष्ण स्तुति व भीष्म के प्रसंग की कथा का भी वर्णन किया गया। इसके बाद आरती उतारी गई और महिलाओं ने मंगल गीत गाए। इस दौरान राजन पांडेय, अमिताभ पांडेय, हरिशंकर मिश्रा, संजय शर्मा, शशिधर पांडेय, अनमोल मिश्र, आशीष आदि रहे।

## तार लगाने के विवाद में हमला, दो लोग घायल

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** विद्युत तार लगाने के विवाद को लेकर पिता पुत्र पर हमला कर दिया गया। जिसमें दोनों घायल हो गये। पुलिस ने आरोपित तीन भाइयों पर हमला, धमकी व गंभीर रूप से घायल करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोनावा दरगाह के मजरा अलीनगर निवासी जाफर हुसैन ने आरोप लगाया कि गांव के रहमत अली, अमानत अली व जुमाई सहित तीनों भाइयों ने विद्युत तार लगाने के विवाद में उसे व बेटे तौहीर रजा (22) पर हमला कर दिया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध हमला व धमकी सहित गंभीर रूप से घायल करने का केस दर्ज किया है।

# घर से रिपोर्ट कार्ड लेने गईं कक्षा 9 की दो छात्राएं लापता

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दो बालिकाएं सोमवार की शाम से लापता हैं।

परिजनों के मुताबिक, नवाबगंज कस्बे के कन्या इंटर कालेज में दोनों चचेरी बहनें कक्षा 9 में पढ़ती हैं। सोमवार को घर से रिजल्ट लेने के लिए विद्यालय गई थी। शाम चार बजे के आसपास किसी दूसरे के मोबाइल से दोनों किशोरी बालिका ने घर पर संपर्क करते हुए मां को बताया था कि वह अपनी एक सहेली के घर आ गई हैं सुबह घर लौटेंगी। मंगलवार की सुबह भी जब बच्चियां घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने थाने पहुंचकर घटना की सूचना दी। बालिकाओं ने जिस मोबाइल नंबर से घर पर संपर्क किया था, परिजनों के उस मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर किसी महिला ने कॉल रिसीव करते हुए यह बताया कि दोनों लड़कियां उन्हें रास्ते में मिली थीं और उनके आग्रह पर उन्होंने परिजनों से बात करा दी थ्ज्ञी। पुलिस को इस मामले में उक्त महिला की भूमिका संदिग्ध लग रही है। महिला अपनी लोकेशन सहीं नहीं बता रही है। उधर, किशोरियों के लापता होने से परिजन परेशान हैं। थाना प्रभारी मनोज कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिली है, बच्चियों की तलाश की जा रही है। मोबाइल नंबर के बारे में जानकारी ली जा रही है।

**लापरवाही** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटियाथोक के अंतर्गत स्थापित हैं 33 उप स्वास्थ्य केंद्र

# एचएससी में लटका ताला, ग्रामीणों को नहीं मिल रहीं सुविधाएं

इटियाथोक, गोंडा

**अमृत विचार:** सरकार की योजनाओं को पलीता लगाने में उनके ही मातहत कर्मचारी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। सरकार ग्रामीण स्तर तक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है, उसके लिए जगह-जगह उप स्वास्थ्य केंद्रों (हेल्थ सब सेंटर्स) का निर्माण कराया गया है और एएनएम की नियुक्ति की गई है। वह 24 घंटे केंद्र पर रहकर प्रसव, टीकाकरण व अन्य स्वास्थ्य सेवाओं को संचालित करें लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है।





उप स्वास्थ्य केंद्र पारासराय। अमृत विचार

सामुदायिक स्वास्थ्य इटियाथोक के अंतर्गत 33 उप स्वास्थ्य केंद्र स्थापित हैं। अभी तक यह बताया जा रहा था कि एएनएम की नियुक्ति न होने के कारण कुछ जगह दिक्कत हो रही है। लेकिन वर्तमान समय में सभी केंद्रों पर एएनएम की नियुक्ति हो चुकी है। उसके बावजूद उप स्वास्थ्य केंद्र पर कोई भी एएनएम 24 घंटे ड्यूटी नहीं कर रही हैं। ग्राम पंचायत पारासराय स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र पर आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि केंद्र कब खुलता है कब बंद होता है यह उन्हें जानकारी नहीं है। प्रसव की तो बात ही छोड़िए जब केंद्र ही नहीं खुलता है तो प्रसव करने व कराने की तो बात ही नहीं जबकि सरकार के दिशा-निर्देश के अनुसार उप स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव करने की पूरी व्यवस्था है जिसके लिए 24 घंटे की ड्यूटी एएनएम की है। केवल बुधवार व शनिवार को टीकाकरण कराया जाता है। उसको छोड़कर बाकी सभी दिनों में प्रसव केंद्र पर उपस्थित रहना एएनएम की ड्यूटी है। सरकार लाख प्रयास कर ले लेकिन स्वास्थ्य सेवाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही है। वही इन स्वास्थ्य केदो की देखरेख के लिए अधिकारी भी केवल कोरम पूरा कर इतिश्री कर लेते हैं। जिसके कारण सरकार के द्वारा ग्रामीण स्तर तक जो भी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है लोगों को नहीं उपलब्ध हो पा रही है जिससे सरकार की मनसा फलीभूत नहीं हो पा रही है। इस बारे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक सुनील कुमार पासवान से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि एएनएम का हाथ टूटा हुआ है। इसलिए वह केंद्र पर नहीं आ रही हैं। इसके लिए दूसरे एएनएम की व्यवस्था की गई है जबकि ग्रामीणों की माने तो केंद्र काफी दिनों से नहीं खुल रहा है।

## अपने बच्चों की प्रथम शिक्षिका होती हैं माताएं

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय नये गांव में 'माता उन्मुखीकरण' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी उपेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि माताएं बच्चों के समग्र विकास की प्रथम शिक्षिका हैं, इसलिए अपने बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के प्रति सचेत रहें, उन्हे औपचारिक शिक्षा के लिए तैयार करें। सांस्कृतिक कार्यक्रम के विजेताओं को सम्मानित किया गया। सत्र 2023-24 में सर्वाधिक उपस्थित रहने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया गया। ज्योति कटियार, पूनम जायसवाल, मंजू कुमारी, मीनाक्षी त्रिपाठी, आंगनवाड़ी कार्यकत्री ऊषा देवी, काजल, सरिता उपस्थित रहीं।

# बिखरे समाज को संजोती हैं मातृ शक्तियां

संवाददाता, बहराइच



आरएसएस महिला शाखा की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करतीं वक्ता।

**अमृत विचार:** नगर के पुलिस लाइन रोड स्थित लान सभागार कक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की महिला इकाई राष्ट्र सेविका समिति के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका एवं राष्ट्र सेविका समिति की विभाग कार्यवाहिका सुनीता सिंह रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरु कृपा डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल की संस्थापक एवं प्रधानाचार्य छवि रायतानी, संचालन शिवानी ने किया।

कार्यक्रम को मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अजय ने संबोधित करते हुए कहा कि मातृशक्ति द्वारा बिखरे हुए समाज को जोड़ने के लिए जो त्याग किया जाता है, वह अतुलनीय है। मातृशक्ति ही राष्ट्र शक्ति है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं जिले की प्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं पूर्व सदर विधायक स्व. धर्मपाल की बेटी छवि रायतानी ने कहा की महिला सशक्तिकरण के विषय में हर महिला को जानना चाहिए अपने अधिकारों और संविधान द्वारा प्रदत्त मूल अधिकारों का प्रयोग भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर महिला अष्टभुजा धारी है, महिला अगर ठान ले तो वह क्या नहीं कर सकती। होली मिलन कार्यक्रम की संयोजिका एवं राष्ट्र सेविका समिति की विभाग कार्यवाहीका सुनीता सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं राष्ट्र सेविका समिति दोनों का उद्देश्य सामान्य है, कार्य पद्धति भी एक है। इसका लक्ष्य भारत माता को परम वैभव पर ले जाना है, परंतु इसकी निर्णय करने की प्रक्रिया स्वतंत्र है। राष्ट्र सेविका समिति की नीव महिलाओं ने रखी है या मातृ शक्तियों का संगठन है। इस अवसर पर पुष्पा चौधरी, डॉ शशिप्रभा गोंड, श्वेता सिंह, शशि, शीला वर्मा, निर्मला सिंह, मंजू, रीना, मनीषा खन्ना, प्राची मिश्रा सहित सैकड़ो की संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

# पुरानी परंपरा को जीवंत किए है सनातन समाज

संवाददाता, बहराइच



दशहरा बाग में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद पूर्व कैबिनेट मंत्री। अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर में हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान होली मिलन समारोह एवं शीतलाष्टमी मेला दशहरा बाग में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि विधानसभा कैसरगंज संयोजक गौरव वर्मा रहे। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी संतोष श्रीवास्तव ने किया।

लोकतंत्र सेनानी के मुख्य संरक्षक प्रमोद कुमार गुप्ता मुख्य अतिथि रहे। नगर के नारायण दास मंदिर से देवी-देवताओं की झाकियों सहित एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुकुट बिहारी वर्मा ने कहा कि सनातन धर्म की अद्भुत संयोग जरवल नगर में देखने को मिलती है। सनातन समाज ही पुरानी परंपरा को जीवंत किए हुए है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा, लोकतंत्र सेनानी प्रमोद कुमार गुप्ता ने भी संबंधित किया। कीर्तन मंडलियों ने फगुआ गीत गाए। समिति के संरक्षक विजय कुमार सर्राफ, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, उपाध्यक्ष जितेंद्र कसौधन, महामंत्री लवकुश गुप्ता, कोषाध्यक्ष परमेश अग्रवाल, डॉ दीपक गुप्ता आदि रहे।

# चिकित्सा शिविर में 65 मरीजों का हुआ इलाज

**तेजवापुर, बहराइच:** आरोग्य भारती बहराइच एवं डॉक्टर सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सबलापुर के संयुक्त तत्वाधान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन ग्रामसभा गनियापुर दुल्महा में किया गया। शिविर में डॉ. शैलेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. संदीप वर्मा, डॉ. मनीष शुक्ला, फार्मासिस्ट राबिया खातून ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा दी। शिविर में 15 मरीजों के खून की निःशुल्क जांच की गई और 65 का उपचार किया गया। इस दौरान पीआरओ गौरव पांडे, सतीश कुमार, अंकित शुक्ला समेत आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** जिले की इकौना थाना की पुलिस ने इकौना नगर के दो व्यक्तियों को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने के कारण तास की गड्डी सहित 5360 रुपये के साथ गिरफ्तार किया। इकौना नगर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी रघु पुत्र चिंताराम तथा सतीश सोनीपत महेश चंद्र सोनी उर्फ छेदीलाल निवासी अंबेडकर नगर इकौना नगर के मुक्तिधाम के पास खुलेआम जुआ खेल रहे थे सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों उपायुक्तों को गिरफ्तार कर लिया और उनके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर धारा जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें जेल रवाना कर दिया।

### हजार से अधिक वाहनों का होगा अधिग्रहण

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए परिवहन विभाग ने वाहनों की अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दो हजार छोटे वाहनों के साथ ही करीब 800 हल्के व भारी वाहनों को अधिग्रहीत किया जाएगा। वाहन स्वामियों को इस बार किराया भी बढ़कर मिलेगा। परिवहन विभाग की ओर से वाहनों के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। चुनाव आयोग की ओर से वाहनों के किराये को निर्धारित किया गया है। 15 से 20 सीटर बसों के लिए 1697 रुपये प्रतिदिन, 25 से 34 सीटर बसों के लिए 1912 रुपये वहीं 30 से 40 सीटर बसों के लिए 2139 व 41 से 45 सीटर बसों के लिए 2213 व 46 सीटर से अधिक क्षमता वाली बसों के लिए 251 रुपये का भुगतान किया जाएगा। इसी प्रकार 1450 सीसी डीजल इजन वाली चार पहिया वाहनों को 1460 रुपये व पाच सीटर से अधिक क्षमता वाली चार पहिया वाहनों को 2140 रुपये दिए जाएंगे। यदि वाहन स्वामियों की ओर से अधिग्रहीत वाहनों को समय से नहीं पहुंचाया गया तो उनके विरूद्ध कार्रवाई भी की जा सकती है।

### साइकिल सवार को बचाने में बाइक सवार घायल

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** वीरपुर इकौना मार्ग पर बैदौरा गांव के पास सायकिल सवार को बचाते हुए बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे बाइक सवार युवक घायल हो गए। नवीन मॉडर्न थाना श्रावस्ती क्षेत्र में कुर्मी पुरवा दीननामगढ़ निवासी बुधई पुत्र ओरी लाल व रामविलास पुत्र पेशकार किसी कार्य से रिस्तेदारी में गए हुए थे। सोमवार देर रात वापस बाइक से लौटते समय बैदौरा गांव के पास साइकिल सवार को बचाते समय बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे दोनों लोग घायल हो गए। सायकिल सवार मौके से भाग निकला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों घायलों को सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया।

# आग लगने से होटल और पांच मकान जलकर खाक

## जिले के अलग -अलग क्षेत्रों में हुईं घटनाओं से मचा हड़कंप

संवाददाता, विशेश्वरगंज, बहराइच


आग लगने से मकान हुआ राख और मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले के विशेश्वरगंज, कोतवाली देहात और मूर्तिहा क्षेत्र में आग लगने की घटनाएं हो गई। जिसमें एक होटल और पांच मकान पूरी तरह से जलकर राख हो गए। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। लाखों का नुकसान हुआ है।

विशेश्वरगंज थाना अंतर्गत ग्राम रानियापुर के मजरा अहिरन पुरवा में मंगलवार दोपहर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। ग्रामीण संजय के छप्पर वाले कच्चे मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने के समय हवा इतनी तेज थी, कि जब तक ग्रामीण इकट्ठा होकर आग पर काबू पाते तब तक संजय सहित राम किशुन, रामरानी तथा रामरंग का घर जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों के कड़ी मेहनत से गांव के अन्य घरों को बचाया जा सका। जले मकानों में रखा अनाज, कपड़े, बीस हजार नकदी सहित अन्य गृहस्थी के समान जल गए। मौके पर स्थानीय पुलिस व राजस्व लेखपाल पहुंचकर जांच पड़ताल किया। लेखपाल शैलेंद्र वर्मा ने संबंधित कोटेदार से पीड़ित परिवार को तत्काल अनाज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पीड़ित परिवार को अन्य सरकारी आर्थिक सहायता हेतु आश्वाशन भी दिया। ज्ञातव्य हो घटना स्थल से महज पांच किमी की दूरी पर अभी हाल ही में फायर स्टेशन का शुभारंभ हुआ है, परंतु दमकल की व्यवस्था नहीं हो सकी। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सरकार गरीबों को पक्का मकान देने का ताल ठोक रही है, इस अग्नि कांड ने आवास योजना किस तरह गांव तक पहुंचती है, पोल खोल दिया है। उधर कोतवाली मुर्तिहा के ग्राम कठौतिया निवासी गोवर्धन के घर में रात में 12 बजे आग लग गया। जिसमें सारा सामान जलकर राख हो गया। एक मवेशी की जिंदा जलकर मौत हो गई। कोतवाली देहात के मरी माता मंदिर के निकट विनोद के खाना के होटल में आग लगने से हजारों का नुकसान हुआ है। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

### डिजिटल इंडिया में धोखा दे रहा नेटवर्क

**रुपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग मतदाताओं को सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूक कर रहा है। लेकिन दूरसंचार विभाग के अधिकारी अपनी ज़िम्मेदारी से अनजान ए सी कमरों में आराम फरमा रहे हैं। डिजिटल इंडिया पूरी तरह से धरा रह गया है। भारत नेपाल सीमा के नगर पंचायत रुपईडीहा में पिछले कुछ दिनों से इंटरनेट की स्पीड काफी स्लो हो गई है। उपभोक्ताओं द्वारा इसकी शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे है। दूरसंचार विभाग की जिले से लेकर ग्रामीण स्तर तक के कर्मचारियों एवं अधिकारियों की उदासीनता के कारण समस्या का निदान नही हो रहा है। एक उपभोक्ता द्वारा ए जी एम बहराइच से फरवरी माह में इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क की समस्याओं से अवगत कराया था जिसपर ए जी एम ने मार्च माह तक सभी समस्याओं से उपभोक्ताओं को निजात दिलाने की बात कही थी। लेकिन मार्च माह खत्म हो गया और मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट की समस्याएं जस की तस बनी हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि रुपईडीहा स्थित दूरसंचार विभाग के ऑफिस में कई कई महीनों तक कोई अधिकारी नही आता केवल फोन के माध्यम से ही शिकायत की जाती है। जिससे शिकायतों का निस्तारण नही हो पाता। एक ओर जहां प्राइवेट कम्पनियांने उपभोक्ताओं को अच्छी से अच्छी सुविधा उपलब्ध करा रही है। वही बीएसएनएल दिन ब दिन समस्या खड़ी करता जा रहा है। इसीलिए ज़्यादातर उपभोक्ताओं ने अपनी सिम प्राइवेट कम्पनियों में पोर्ट करा लिया है। जल्द ही इंटरनेट उपभोक्ता भी दूरसंचार से किनारा कर सकते हैं

# डीएम ने अधिकारियों से किया सवाल जवाब

संवाददाता, बहराइच


लोकसभा चुनाव में पूछताछ करतीं जिला निर्वाचन अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** लोकसभा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए नियुक्त किये गये 90 मास्टर ट्रेनर्स का दो पालियों में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण हुआ। इस दौरान डीएम ने सवाल जवाब कर प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था का मुख्य स्तम्भ स्वतन्त्र, निष्पक्ष और तटस्थ निर्वाचन प्रकिया है। डीएम ने कहा कि निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने में मास्टर ट्रनर्स की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मतदान प्रकिया से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक है कि सभी मतदान कार्मिक को मतदान प्रक्रिया के बारे में पूरी जानकारी हो जिसके लिए आवश्यक है कि सभी मास्टर ट्रेनर्स निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप निर्वाचन प्रक्रिया के सम्बन्ध में आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए पूर्णरूपेण दक्षता प्राप्त कर लें, ताकि आप सभी लोग मतदान कार्मिकों को भली-भांति प्रशिक्षण प्रदान कर सकें।

डीएम ने मास्टर ट्रेनर्स का आहवान किया कि पूरे मनोयोग से ट्रेनिंग प्राप्त करें। ट्रेनिंग के दौरान यदि कोई बात समझ में नहीं आती है तो उसे बार-बार पूछने और समझने में झिझक न दिखायें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन जैसे चुनौतीपूर्ण कार्य को टीम भावना के साथ सम्पन्न कराया जा सकता है, इसलिए ट्रेनिंग के दौरान ऐसे लोग जो बातें देर से समझते हैं या पहलीबार इस प्रक्रिया का हिस्सा हैं, उन पर विशेष ध्यान दिया जाय। डीएम ने सभागार में मौजूद मास्टर ट्रेनर्स से बैलेट एवं कन्ट्रोल यूनिट के बारे में जानकारी प्राप्त की और यह भी पूछा कि इनमें कितने प्रकार के इरर आ सकते हैं। उन्होंने ईवीएम का प्रशिक्षण प्रदान कर रहे अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स को उन बातों की जानकारी विस्तारपूर्वक देने की बात कही। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, अधि.अभि. ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सुजीत कुमार सिन्हा, सहा.अभि. जल निगम सौरभ वर्मा, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. सीके वर्मा सहित अन्य अधिकारियों द्वारा मास्टर ट्रेनर्स को व्यवहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### आटिज्म को लेकर किया जागरूक

**बहराइच, अमृत विचार:** शहर के बाबा सुन्दर सिंह शिक्षा समिति द्वारा व बाबा सुन्दर सिंह बधिर विद्यालय में विश्व स्वालीनता दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती का अनावरण दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किया। इसके बाद ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट प्रशिक्षु श्रिया वर्मा ने आटिज्म के बारे बताया कि आटिज्म को मेडिकल भाषा में आटिज्म स्पेक्ट्रम डिसआर्डर कहते है। आटिज्म एक ऐसी स्थिति है, जिससे पीड़ित व्यक्ति का दिमाग सामान्य लोगों की तुलना में अलग तरीके से काम करता है। आटिज्म तीन प्रकार के होते है। इनमें आर्टिस्टिक डिसआर्डर, सामाजिक व्यवहार और बातचीत करने में हिचकिचाहट होती है। अस्पेगेर सिंड्रोम व पर्वोसेव डेवलपमेंट डिसआर्डर के बारे में बताया और जिसके लक्षण अकेले रहना, खुद को चोट लगाना आदि। प्रशिक्षु आकाश बाजपेई ने आटिज्म विकार का कारण निवारण सहित शिक्षा पर विशेष ध्यान रखा जाए और अभिभावकों को आटिज्म के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक डॉ बलमीत कौर कोर्स को-ऑर्डिनेटर विजय बहादुर गुप्ता, सोनी, आबदा खातून, रूपा, गुरविंदर सिंह व अभिभावक उपस्थित रहे।

# 80 फसलों को नुकसान पहुंचाता है फॉल आर्मी कीट

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार:** जिले में मक्के की फसल किसानों के लिए गेहूं व धान के बाद तीसरी सबसे उपयुक्त फसल है। किसान वर्ष में दो बार मक्के की बुवाई करते हैं लेकिन इन दिनों अप्रैल माह में पड़ने वाली तेज धूप व हवा के झोंके फॉल आर्मी कीट पनपने के लिए उपयुक्त समय हैं। जिला कृषि अधिकारी अनिल प्रसाद मिश्रा ने बताया कि मक्के की फसल में इन दिनों फॉल आर्मी कीट का प्रकोप बढ़ने की आशंका है।

बताया कि किसानों के लिए मक्का एक अच्छी आमदनी वाली फसलों में से एक है। ऐसे में कहीं फॉल आर्मी कीट की वजह से किसानों को नुकसान न झेलना पड़े। फॉल आर्मी कीट ज्यादातर पत्तियों के नीचे अंडे देती है और सफेद झाग से ढक देती है। यह कीट पत्तियों व मक्के को नुकसान पहुंचाते हैं। इस कीट की पहचान करना आवश्यक है। फॉल आर्मी कीट व अन्य इसके जैसे कीटों में अंतर होता है। यह भूरे रंग का लार्वा होता है। इसके सिर पर वाई का आकार बना होता है, शरीर पर तीन धारियां बनी होती है। शरीर के दूसरे हिस्से पर चार गहरे बिंदु दिखाई देते हैं। यह कीट मक्का, ज्वार बाजरा. धान, गेहूं सहित 80 फसलों को नुकसान पहुंचाता है।

### लेखन सामग्री की बंडलिंग कराने के निर्देश

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन, 2024 के परिप्रेक्ष्य में प्राप्त स्टेशनरी व लेखन सामग्री का जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने सोमवार को सायंकाल डीपीआरसी भवन में पहुंचकर निरीक्षण कर जायजा लिया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को व्यवस्थित ढंग से रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। उन्होने निर्देश दिया कि प्राप्त लेखन सामग्रियों के बंडलिंग का कार्य कराया जाए। इस दौरान उन्होने निर्देशित किया कि सामग्रियों का सही तरीके से सूची से मिलान करने के पश्चात ही बैग में लेखन सामग्री रखी जाए तथा मतदान के समय पोलिंग पार्टियों के रवाना होने पर पीठासीन अधिकारियों को उपलब्ध करायी जाएं। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी लेखन सामग्री/जिला विकास अधिकारी रामसमुझ एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।


लेखन सामग्री की बंडलिंग का जायजा लेतीं डीएम।

### कच्ची शराब बरामद, भट्ठी कराई गई नष्ट

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** भिनगा थाना क्षेत्र के लालपुर महरी गांव में कोतवाली पुलिस ने शराब के साथ अवैध भट्ठी बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। भिनगा कोतवाली प्रभारी महिमा नाथ उपाध्याय को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि लालपुर महरी गांव में अवैध कच्ची शराब बनाने का धंधा चल रहा है। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी ने गांव में पहुंचकर छापा मारा। छापेमारी के दौरान 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। पुलिस ने शराब बनाने वाले अभियुक्त गुरु प्रसाद पुत्र सांवली प्रसाद निवासी लालपुर महरी को गिरफ्तार कर धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर जेल रवाना कर दिया।


## वर्ग पहेली-28

**बाएं से दाएं**

1. गजपिप्पली की जाति का एक पौधा जिसकी लकड़ी और जड़ औषधि के काम में आती है।
2. 1. बुद्धि 2. सोचने-समझने की शक्ति, समझदारी।
5. 1. शिक्षित 2. जिसे पढ़ना-लिखना आता हो 3. पढ़ने-लिखने में सक्षम।
6. 1. आलोचना के रूप में व्यक्त संक्षिप्त विचार 2. टिप्पणी, उपकथन।
10. 1. अनेक लोगों का बोलना

**ऊपर से नीचे**

3. हवा का झोंका, तेज़ हवा का झटका या धक्का, हल्की नींद।
4. किसी कार्य या वस्तु को अस्त-व्यस्त या उलट-पुलट करने की क्रिया या भाव।
7. 1. जो चिकना तथा फिसलनदार हो 2. कीचड़ आदि के कारण रपटनवाला, पिच्छल।
8. 1. कथरी, पुराने वस्त्रों को सिलकर बनाई गई ओढ़ने की चादर, गुदड़ी 2. योगियों का परिधान।
9. 1. मिथिला का निवासी 2. राजा जनक।




### वर्ग पहेली -27 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 फं | की | |
| | 2 झु | र | ना | | | 3 बा |
| | ल | | | 4 अ | पो | लो |
| | 5 स | मी | ची | न | | चि |
| | न | | | हो | | त |
| 6 भा | | 7 ज़ | बा | नी | | |
| लू | | माँ | | | 8 चि | ड़ा |

## सुडोकू -107

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 1 | | 8 | | | | |
| 3 | | | 2 | | 7 | | | 5 |
| | 5 | | | | | 4 | | 6 |
| | | 7 | | 2 | | 9 | | |
| | 9 | | 3 | | 1 | | 2 | |
| | | 5 | | 6 | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 3 | |
| | | | 4 | | 2 | | | 9 |
| | | | | 3 | | 7 | 1 | |

### सुडोकू -106 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 9 | 3 | 1 | 7 | 5 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 1 | 6 | 5 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 7 | 5 | 8 | 4 | 2 | 1 | 9 | 6 |
| 9 | 3 | 4 | 5 | 7 | 6 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 2 | 7 | 9 | 8 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 5 | 6 | 8 | 1 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 8 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 अप्रैल, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 18.29 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष:** आज टीमवर्क के माध्यम से उलझे मामलों को सुलझाने में सफलता मिलेगी। विदेशी भूमि पर रहे लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। दिनचर्या को संतुलित रखने से मन प्रसन्न रहेगा। निर्माण कार्यों के लिए दिन विशेष शुभ है।

**वृष:** आज विदेश यात्रा को लेकर बाधा दूर होगी। अधिकारी वर्ग आपसे संतुष्ट रहेंगे, लेकिन फिर भी आपको सबसे समन्वय बनाने में थोड़ी परेशानी हो सकती है। आपकी अपेक्षा के अनुसार सभी काम हो जाएंगे।

**मिथुन:** आज लोग आपकी उदारता का गलत प्रयोग करने का प्रयास करेंगे। महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर जागरूक रहना चाहिए। अपने काम दूसरों के भरोसे कतई न छोड़ें। उपयुक्त पोषण की कमी के कारण कमजोरी हो सकती है।

**कर्क:** आज आपके सामाजिक संबंध और प्रगाढ़ होंगे। दांपत्य जीवन काफी रोमांटिक रहने वाला है। पहले की गई मेहनत का आपको सुखद परिणाम प्राप्त होगा। व्यापार में नए सहयोगी जुड़ सकते हैं। मांगलिक आयोजनों में भाग लेने से लाभ होगा।

**सिंह:** आज कानूनी अड़चनों से छुटकारा मिलेगा। आध्यात्मिक चर्चाओं से आपका दृष्टिकोण बदल सकता है। उच्च रक्तचाप के रोगियों को गुस्सा करने से बचना चाहिए। अपने काम से काम रखें। दूसरे लोगों के मामलों को लेकर ज्यादा सोच-विचार न करें।

**कन्या:** आज लोग आपकी कला व योग्यता को सम्मान देंगे। आप नव समाचारों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। प्रेम विवाह के मार्ग में आ रही बाधा दूर होगी। समाज में आपका नाम ऊंचा होगा। अनुसंधान कार्य से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**तुला:** आज शारीरिक और मानसिक ऊर्जा में थोड़ी कमी रहेगी। व्यर्थ की बातों का तनाव न लें। बड़ों के द्वारा दिया गया सुझाव आपके काफी काम आएगा। बॉस का भरोसा आपके ऊपर से कुछ कम हो सकता है। अपने काम व जिम्मेदारियों से पीछे न हटें।

**वृश्चिक:** आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। अपने स्वभाव में सकारात्मकता बनाए रखें। अविवाहित महिला जातक को विवाह की चिंता रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। आपको प्रयासों को कमजोर न पड़ने दें।


**धनु:** आज जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान दें। प्रेमीजन से अपने दिल की बातें शेयर करने से मन हल्का होगा। गृह कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं। दूरस्थ परिजनों के साथ फोन पर बातें होंगी। जॉब इंटरव्यू में आपको सफलता मिल सकती है।

**मकर:** आज व्यापार में अपेक्षानुकूल परिणाम प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। दिनचर्या काफी व्यस्त रहने वाली है। अचानक यात्रा की योजना बन सकती है। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। बुरी संगत से आपको बचने की आवश्यकता है।

**कुंभ:** आज कार्यस्थल में आपका दबदबा घट सकता है। किसी नकारात्मक समाचार मिलने की संभावना है। सेहत के मामले में लापरवाही न करें। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। आपको उधार लेने से बचना चाहिए।

**मीन:** आज पुराने अनुभवों का आपको लाभ मिलेगा। व्यवसाय को लेकर नया प्रयोग कर सकते हैं। घर का वातावरण काफी सुखमय रहेगा। किसी नए काम को लेकर मन में विचार आएंगे। जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बहुत अच्छा रहेगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 21.47 तक तत्पश्चात श्रवण।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- फतेह — सुबह : 11.00
- दानवीर — रात : 07.00

&pictures
- बच्चन पांडे — सुबह : 11.11
- उड़ता पंजाब — रात : 08.00

Sony PIX
- द मैन फ्रॉम टोरंटो — सुबह : 10.55
- रैम पेज — रात : 07.07

Zee Cinema
- फटा पोस्टर निकला हीरो — सुबह : 11.05
- हम पांच — शाम : 04.45

Colors Cineplex
- दो रास्ते — दोपहर : 12.27
- विश्वासघात — रात : 09.01

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया।
ऑपरेटर- आपको क्या समस्या है?
पत्नी- मेरे पैर की उंगली कॉफी टेबल से टकरा गई है।
ऑपरेटर- और इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं?
पत्नी- नहीं, एंबुलेंस तो मेरे पति के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था।
ऑपरेटर चुप!

कोयल ने कौवे से पूछा- तुमने अभी तक शादी क्यों नहीं की?
कौवा बोला- बिना शादी के ही जिंदगी में इतनी कांव-कांव है,
शादी कर लूंगा तो पता नहीं क्या होगा?



23वां रोजा

शिया
सहरी : 04.20 बजे
इफ्तार : 06.34 बजे

सुन्नी
सहरी : 04 .33 बजे
इफ्तार :06.22 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# खलिहान की जमीन पर किया कब्जा

नानपारा, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले में आम आदमी खलिहान की जमीन पर कब्जा करता है तो तहसील प्रशासन तुरंत बुलडोजर चलवा देता है। लेकिन यही कब्जा अगर खास आदमी की ओर से किया जाता है तो तहसील के साथ थाने की पुलिस भी अंजान बन जाती है। कुछ यही मामला ग्राम सधुवापुर गोकुलपुर में भी देखने को मिल रहा है।

प्रदेश सरकार ने खलिहान और चरागाह की जमीन पर अवैध कब्जा को मुक्त करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से कार्रवाई भी की जाती है। लेकिन अगर कब्जा करने वाला रसूखदार है तो उस पर कार्रवाई करने से भी अधिकारी कतराते हैं। नानपारा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत सधुवापुर गोकुलपुर के ग्राम प्रधान अजय यादव हैं। गांव में खलिहान खाता संख्या 00537 और चरागाह खाता संख्या 00526 भूलेख में दर्ज है। जिसमें ग्राम प्रधान के पिता रामहर्ष पुत्र सियाराम, रामफल पुत्र सियाराम ,किरपाल पुत्र सियाराम , पुत्तन उर्फ लबडिहा पुत्र सियाराम ने पक्का मकान बना कर अवैध कब्जा कर रखा है। ग्रामीणों का कहना है कि अजय अपनी प्रधानी का धौंस दिखाकर सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा है। जो ग्रामीण इसकी शिकायत करते हैं, उनको फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर डरा देता है। जिससे ग्रामीण मुखर होकर सामने विरोध नहीं कर पा रहे हैं।

पुलिस और प्रशासन भी कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इस मामले में हल्का लेखपाल शुभम यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।



खलिहान की जमीन पर बना मकान। अमृत विचार

**एसडीएम से मांगी रिपोर्ट**

किसी भी ग्राम पंचायत में खलिहान और चारागाह की जमीन पर कोई कब्जा नहीं कर सकता है। अगर कहीं ऐसा है तो इसकी रिपोर्ट एसडीएम से ले रहे हैं। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। कब्जा जरूर हटेगा।

–गौरव रंजन श्रीवास्तव, एडीएम

## निजी बस चालक पर हमले के मामले में केस दर्ज

**बहराइच, अमृत विचार :** नानपारा–शिवपुर रोड के मक्का पुरवा तटबंध मार्ग पर रविवार सुबह निजी बस चालक की डंपर चालक समेत तीन लोगों ने बेरहमी से पिटाई कर दी। इसके चलते बस में सवार यात्रियों में अफरा–तफरी मच गयी। पीड़ित चालक की तहरीर पर मारपीट, धमकी व गाली–गलौज की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। बौंड़ी थाने के बेरिया कोदही गांव निवासी राकेश प्राइवेट बस चालक है। रविवार को पंजाब के जालंधर से बस बहराइच आ रही थी। खैरीघाट थाने के मक्कापुरवा बंधा के पास पीछे से आ रहे डंपर चालक हरदी थाने के महाराजगंज निवासी मुबारक, खलासी असलम व एक अन्य ने बस रुकवायी और राकेश को हमला कर घायल कर दिया। खैरीघाट थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित चालक की तहरीर पर मुबारक सहित तीन के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

# डीएम ने निरस्त किये आठ शस्त्र लाइसेंस

बहराइच

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन हर कार्रवाई करने में लगा हुआ है। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने आठ लोगों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिये है। इससे अन्य लाइसेंसधारकों में हड़कंप मच गया है।

जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी चल रही है। लोकसभा चुनाव में कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी की ओर से सभी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आठ लोगों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त किये गये हैं। इनमें कुछ लाइसेंस धारकों पर केस दर्ज हैं तो कुछ के खिलाफ पुलिस की ओर से रिपोर्ट ठीक नहीं आई है।

ऐसे में सुरक्षा को देखते हुए आठ लोगों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिये गए हैं। उन्होंने बताया कि अन्य लाइसेंस की जांच भी स्क्रीनिंग कमेटी की ओर से की जा रही है।



डीएम मोनिका रानी।

## एक नजर

### भाजपा की मंडल कार्यशाला 5 को

**उर्रा, बहराइच,अमृत विचार :** बलहा विस क्षेत्र के भाजपा उर्रा मण्डल के मंडल पदाधिकारियों, सेक्टर संयोजक, सेक्टर प्रभारी, वर्तमान तथा निवर्तमान मंडल अध्यक्ष आईटी संयोजक, सहसंयोजक सोशल मीडिया संयोजक, सहसंयोजक सभी मोर्चों के अध्यक्षों व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की कार्यशाला का आयोजन पांच अप्रैल को किया जायेगा। मधवापुर में मिथलेश मौर्या के आवास पर लोकसभा चुनाव 2024 के सम्बन्ध में मंडल कार्यशाला का आयोजन दोपहर 1:00 बजे किया जाएगा। इसके मुख्य अतिथि लोकसभा सहसंयोजक योगेश प्रताप सिंह, विधान सभा प्रभारी हरीश चन्द्र गुप्ता, विधान सभा संयोजक विक्रम सिंह रहेंगे।

### मधुमक्खियों ने युवक पर किया हमला

**बहराइच, अमृत विचार :** खैरीघाट के ग्राम बेहड़ा निवासी देवेश विक्रम सिंह (25) का घर से कुछ दूर मवेशियों का अहाता है। सोमवार शाम लगभग सवा चार बजे वह मवेशियों के अहाते में चारा काटने जा रहा था। इसी दौरान पेड़ की डाल पर लगे मधुमक्खियों के छत्ते पर किसी ने ढेला मार दिया। इससे मधुमक्खियों के झुंड ने देवेश पर हमला कर दिया। उसका दोस्त दीपेश पांडेय देवेश को बाइक से नदी किनारे ले गया और उसे पानी में खड़ा किया तब मधुमक्खियों के झुंड से निजात मिली। हालांकि ,दीपेश को भी मधुमक्खियों ने डंक मारे।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

**बहराइच,अमृत विचार :** रिसिया थाने के समसा तरहर गांव निवासी 22 वर्षीय ओम प्रकाश पुत्र रविन्द्र ने रविवार शाम खेत में जहर खा लिया था। उसने मोबाइल से घर कॉल कर इसकी जानकारी भी दी। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

### 7 वारंटी भेजे गए जेल

**मिहीपुरवा, बहराइच, अमृत विचार :** मोतीपुर पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि इतवारी, फरमान, अनवर, इरफान, अर्जुन, पल्टू और प्रमोद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### एक साल से फरार अपराधी किया गया गिरफ्तार

**बहराइच, अमृत विचार :** 12 माह से फरार चल रहे गैंगस्टर के अभियुक्त को नवाबगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार पांडे ने बताया कि लवकुश निवासी ग्राम बासगढ़ी थाना खैरीघाट, बहराइच को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### हादसे में किशोर घायल

**राजीचौराहा, बहराइच।** हरदी थाने के पचदेवरी गांव निवासी विपिन बाइक से बाजार जा रहा था। पचदेवरी चौराहे पर वह घायल मिला। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि कार ने टक्कर मारी है।

# घर के बाहर मिला महिला का शव, पति घर के अंदर बंद था

## चचेरे देवर से नजदीकी के चलते जतायी जा रही हत्या की आशंका

रिसियामोड़, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के ग्राम डाढ़े पुरवा गांव निवासिनी एक महिला का शव मंगलवार को घर के बाहर पड़ा मिला जबकि उसका पति कमरे में ही बंद था। वहीं गांव के लोग महिला की हत्या की आशंका चचेरे देवर से नजदीकी के चलते हत्या की आशंका जता रहे हैं। पुलिस जांच की बात कह रही है।

मटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम डाढ़े पुरवा गांव निवासी सोनपरी देवी (50) का शव मंगलवार सुबह घर के सामने पड़ा मिला। शव मिलने की जानकारी होने पर आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक प्रमानंद तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने महिला के पति की तलाश शुरू की तो उसका पति भगौती प्रसाद अंदर ही कमरे में बंद मिला। किसी ने दरवाजे को बंद कर दिया था। पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर पति को बाहर निकलवाया। इसके बाद पूछताछ की। गांव के लोगों का कहना है कि महिला का अपने चचेरे देवर से नजदीकी थी। इसके चलते गला दबाकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने पति और गांव के लोगों से पूछताछ कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।



घटना की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

**निरंतर मिल रहे शव**

मटेरा थाना क्षेत्र में महिलाओं और पुरुषों के शव निरंतर मिल रहे हैं। इसके बाद भी पुलिस सजगता नहीं बरत रही है। अभी 10 दिन पहले राम गांव क्षेत्र निवासी युवक की हत्या कर मटेरा में पुलिया के नीचे शव फेंक दिया गया था। इससे पूर्व भी तीन शव मिल चुके हैं। ऐसे में गांव के लोग पुलिस की सुरक्षा पर सवाल उठा रहे हैं।

# घायल को भर्ती कराने के बजाए नकदी व मोबाइल छीना

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** छह दिन पूर्व शाम को बाइक से गांव से शहर आते समय अधिवक्ता तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से घायल होकर गिर पड़े। टक्कर मारने वाले बाइक सवार दो लोग उन्हें अस्पताल ले जाने के बजाय उनकी जेब से मोबाइल व नकदी लेकर भाग निकले। आ रहे चचेरे भाई ने घायल को एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। बार एसोसिएशन के हस्तक्षेप के बाद जद्दोजहद से एफआईआर दर्ज हुई। लूट की धाराओं को नहीं लगाया गया। घायल का इलाज चल रहा है।

दरगाह थाने के अहिरौरा के मजरे ललगढ़ा निवासी सुरेन्द्र कुमार चौधरी पुत्र हरिश्चंद्र दीवानी कोर्ट में अधिवक्ता हैं। वह बीते गुरुवार शाम लगभग छह बजे बाइक से शहर स्थित मकान को चले। रास्ते मे वह गोंडा हाईवे पर तुलस्यान पेट्रोल पम्प के पास सड़क पर बाइक खड़ी कर पटरी किनारे लघु शंका कर रहे थे। इसी दौरान बहराइच की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने गलत दिशा मे आकर अधिवक्ता अनिल कुमार चौधरी को टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े और बेहोश हो गए। बाइक से टक्कर मारने वाले रुके। अधिवक्ता की जेब से 25 हजार नकदी व 29 हजार कीमत का मोबाइल निकालकर भाग निकले। कुछ ही देर में पीछे से आ रहे उनके बड़े भाई सुरेन्द्र कुमार चौधरी अपने चचेरे भाई के साथ आ रहे थे। जब तक वह घायल के पास पहुंचते तब तक टक्कर मारने वाले फरार हो चुके थे। घायल को आनन फानन में मेडिकल कॉलेज लाया गया । घायल को भर्ती कर इलाज शुरू हुआ। पीड़ित ने कोतवाली में नामजद तहरीर दी। पुलिस ने केस दर्ज नही किया। बार एसोसिएशन के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने केस दुर्घटना की धाराओं में दर्ज कियाहै। मोबाइल व नकदी लूट की धाराओं को पुलिस ने नहीं लगाया है। यही नही पांच दिन बाद बयान दर्ज किया गया। पीड़ित ने इसकी जानकारी बार एसोसिएशन को दी है।

## सार-संक्षेप

### युवा मोर्चा के जिला संयोजक बने अरुणेंद्र सिंह अंकित

**बहराइच :** भारतीय जनता युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने शहर निवासी अरुणेंद्र सिंह अंकित को जिला संयोजक बनाया है। इससे लोगों में हर्ष है। भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से जिले में संयोजक के पद पर तैनात किया गया है। युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने अरुणेद्र सिंह अंकित को जिला संयोजक मनोनीत किया है। जिस पर क्षेत्रीय संयोजक कमलेश मिश्र ने मनोनयन पत्र दिया। अरुणेंद्र सिंह अंकित के जिला संयोजक बनाए जाने पर महसी क्षेत्र के साथ जिले के कार्यकर्ताओं में हर्ष है। भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य अखंड प्रताप सिंह, सौरभ मिश्रा जिलाध्यक्ष, मुख्य बाडी के जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे, अखंड प्रताप सिंह, अखिलेश यादव, अर्पित श्रीवास्तव समेत अन्य ने हर्ष जताया है।



मनोनयन पर बधाई देते पदाधिकारी।

### हर चुनौती को दूर कर पढ़ाई जारी रखें छात्राएं: श्रम अधिकारी



छात्रा को अंकपत्र देते श्रम अधिकारी सिद्धार्थ। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर में संचालित बालिका विहान आवासीय विद्यालय की छात्राओं को मंगलवार को श्रम अधिकारी ने अंक पत्र वितरित किया उन्होंने कहा कि छात्राएं अपने आगे की पढ़ाई भी जारी रखें। शहर के हूजरपुर रोड पर समाज शास्त्र विभाग की ओर बालिका विहान आवासीय विद्यालय का संचालन होता है। यहां श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों की बेटियों को नि :शुल्क शिक्षा के साथ अन्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं। कक्षा पांच से आठ तक पढ़ने वाली छात्राओं को मंगलवार को अंकपत्र वितरित किया गया। मुख्य अतिथि श्रम अधिकारी सिद्धार्थ मोदियानी रहे। उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाली छात्राओं को अंकपत्र देगा। छात्राओं को संबोधित करते हुए श्रम अधिकारी ने कहा कि आज के समय में बालक और बालिका के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। ऐसे में सभी कठिनाइयों को दूर कर बालिकाएं शिक्षा जरूर ग्रहण करें इससे उनका भविष्य बेहतर होगा। इस दौरान शिक्षिका रुमन देवी, प्रियंका श्रीवास्तव, भू रत्न श्रीवास्तव, निधि मिश्रा, अंकित कुमार, संजीव समेत अन्य मौजूद रहे।

### नेत्र परीक्षण में 54 मरीज मिले मोतियाबिंद से ग्रसित

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** चीनी मिल जरवल मार्ग पर स्थित गायत्री आश्रम श्रीरामपुर के परिसर में इंदिरा नेत्र चिकित्सालय कैसरबाग लखनऊ द्वारा निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इंदिरा नेत्र चिकित्सालय द्वारा आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर प्रभारी राकेश कुमार मौर्या ने बताया कि शिविर में आए हुए कुल 108 नेत्र से संबंधित लोंगों के नेत्र विकार का परीक्षण किया गया। जिसमें से कुल 54 मोतियाबिंद के रोगी पाए गए। उन्होंने बताया कि इन सभी को दवा देने के साथ आंख के ऑपरेशन की सलाह दी गई है। साथ ही चश्मा के उपयोग पर बल दिया गया है। इस अवसर पर नेत्र चिकित्सक डा. प्रशांत सिंह एवं उनकी टीम के स्टाफ सदस्यों के अलावा श्री राम पुर आश्रम की संचालिका साधना सिंह ट्रस्टी ओम प्रकाश अवस्थी, प्रदीप जायसवाल एवं दर्जनों की संख्या मे नेत्र रोग पीड़ित व गायत्री परिवार के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



नेत्र परीक्षण करते चिकित्सक। अमृत विचार

### पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ किया फ्लैग मार्च



जवानों के साथ फ्लैग मार्च करते पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के जवान।

**तेजवापुर, बहराइच, अमृत विचार :** बौंडी पुलिस ने सशस्त्र सीमा बल के जवानों के साथ बौंडी थाना क्षेत्र के अतिसंवेदनशील खैराबाजार, नौशहरा, रामगढी पटटी समेत विभिन्न गांवों व कस्बों में फ्लैग मार्च किया गया। लोकसभा चुनाव से पहले मतदाताओं के बीच सुरक्षा और विश्वास की भावना पैदा करने के लिए सशस्त्र सीमा बल के 66वें बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट परमात्मा सिंह व बौंडी थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय ने पुलिस बलों के साथ फ्लैग मार्च किया। बौंडी थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय ने बताया कि आगामी संसदीय चुनाव के मद्देनजर पर फ्लैग मार्च निकाला गया। उन्होंने कहा कि फ्लैग मार्च समाज में सुरक्षा और सद्भाव की भावना पैदा करने और स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया जा रहा है। हिस्ट्रीशीटरों के घर जाकर चेक किया गया। आचार संहिता के उलंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक राकेश कुमार पांडेय, एसआई दिनेश सिंह, हरिलाल सिंह, गुलाब चंद्र यादव, राहुल सरोज, धीरेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल सियाराम, कांस्टेबल रामगोपाल वर्मा, सचिन सिंह , अजय यादव, महिला कांस्टेबल ज्योति शाहू समेत पैरामिलिट्री फोर्स मौजूद रही।

### हवन-यज्ञ के साथ स्कूल के नवीन सत्र की हुई शुरुआत

**बहराइच, अमृत विचार :** गुरुकूल पब्लिक स्कूल, टिकोरा मोड़ की यज्ञशाला में हवन–यज्ञ के साथ नवीन सत्र का शुभारंभ किया गया ।सर्वप्रथम स्कूल के छात्र–छात्राओं ने गायत्री मंत्र, सरस्वती मंत्र, नवार्ण मंत्र, कृष्ण गायत्री मंत्र एवं शिव मंत्र का सामूहिक जप किया ।इसके बाद सभी बच्चों एवं शिक्षक–शिक्षिकाओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालिसा का पाठ किया ।इसके उपरांत गुरुकुल पब्लिक स्कूल में चल रहे 30 मार्च से अनुष्ठान के पूर्णाहुति का कार्यक्रम गुरुकुल की यज्ञशाला में सम्पन्न हुआ ।विद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं ने भव्य यज्ञ करके नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुवात की ।यज्ञाचार्य अनंत प्रकाश पाठक ने हवन पूजन का सारा कार्यक्रम सम्पन्न कराया। मुख्य यजमान विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक व विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत के कार्याध्यक्ष राजदेव सिंह ने सपरिवार यज्ञ किया। इस दौरान विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मानकविहीन सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन



मानकविहीन सड़क निर्माण को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**गायघाट, बहराइच, अमृत विचार:** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बन रही सड़कों में मानकों की अनदेखी का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारियों ने जब कोई कार्रवाई नहीं की तो ग्रामीणों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया।

बलहा ब्लाक की ग्राम पंचायत लगदिहा के मजरा लोधनपुरवा में रोड बन रही है। पीडब्ल्यूडी की ओर से साढ़े चार किमी लंबी सड़क का निर्माण चल रहा है। मानकों की अनदेखी जा रही है। गांव के लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण बिना पत्थर और बजडी के करवाया जा रहा है। नाराज लोगों ने मंगलवार को नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सभी ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता और डीएम से जांच कराने की मांग की । इस दौरान सुरेश कुमार, संजय कुमार, राजेश कुमार विजय कुमार, राम चंद्र, चुन्नू लाल और अजय कुमार मौजूद रहे। इस मामले में अवर अभियंता आशीष सिंह से बात करने के लिए उनके मोबाइल पर फोन लगाया गया तो उनका मोबाइल नंबर नाट रीचेबल बताता रहा।

# उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश मंत्री का किया गया स्वागत



नवनियुक्त प्रदेश मंत्री मनोज सिंह का स्वागत करते ब्लाक प्रमुख व मौजूद पदाधिकारी।

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री मनोज सिंह का कैसरगंज मे ब्लाक प्रमुख के निजी कार्यालय मे व्यापार मण्डल की ओर से अभिनंदन किया गया। ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह विसेन, व्यापार मंडल अध्यक्ष रामेंद्र देव सिंह, मेडिकल ऐसोसिएशन के अध्यक्ष उम्मेद सिंह जैन, कुंवर विजयंत सिंह सहित अनेक लोगों ने मनोज सिंह को माला पहनकर व अंग वस्त्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने मुझे जो दायित्व दिया है उस पर खरा उतरने के लिए सतत प्रयत्नशील रहूंगा तथा व्यापारियो के हितों के लिए सदैव लडाई लडता रहूंगा। इस मौके पर पूर्व प्रधान कौशलेंद्र चौधरी,बद्रीबाबा, अमित सिंह, रोहित सिंह, वेद प्रकाश सिंह,कुंवर विजयंत सिंह बबलू, गंगाराम जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# 'पक्षी मेरे मेहमान' अभियान की हुई शुरुआत

बहराइच

**अमृत विचार :** गर्मी के दिनों में पक्षियों को बचाने और उन्हें पानी उपलब्ध कराने के लिए किसान डिग्री कॉलेज के सचिव मेजर डॉ. एसपी सिंह द्वारा 'पक्षी मेरे मेहमान' अभियान की शुरुआत की।

शहर के किसान डिग्री कॉलेज में मंगलवार को आयोजित इस अभियान के संयोजक डॉ.सत्यभूषण सिंह ने बताया कि अप्रैल से जून के बीच पक्षियों के लिए अपने घरों में जल की व्यवस्था करना हम सबका दायित्व है। यह अभियान महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा अपने छात्र-छात्राओं के बीच पक्षियों के प्रति संरक्षण का भाव पैदा करने के लिए शुरू किया गया है। इस अवसर पर भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पुत्तूलाल त्रिपाठी, गृह विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ.तस्नीम फातिमा जैदी,वाणिज्य विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सतीश सिंह, चित्रकला विभाग की प्रभारी सविता वर्मा, प्राचीन इतिहास विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर ज्योति रस्तोगी, रसायनशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर आकांक्षा रस्तोगी,समाजशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर साधना सिंह तथा मध्यकालीन इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर धर्मवीर सिंह, जंतुविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुधा शुक्ला और राजनीति विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जितेंद्र मौर्य सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



किसान डिग्री कॉलेज में अभियान की शुरुआत करते पदाधिकारी।

**बैठक** ग्राम स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक में सदस्यों ने रखी बात

# राजस्व ग्रामों में तेजी से कराये जा रहे हैं विकास कार्य

मोतीपुर, बहराइच

**अमृत विचार :** जनपद के नवसृजित राजस्व ग्राम टेडिया में ग्राम स्तरीय वन अधिकार समिति की गठित कार्य योजना निर्माण समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता ग्राम प्रधान रूना निषाद ने की। बैठक में मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता जंग हिंदुस्तानी रहे।

सामाजिक कार्यकर्ता जंग हिंदुस्तानी ने कहा कि जिला प्रशासन और वन विभाग के सहयोग से ग्राम पंचायत चहलवा द्वारा तेजी से नवसृजित राजस्व ग्रामों का विकास कराया जा रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष में नवसृजित राजस्व ग्राम टेड़िया में पहली बार 6 संपर्क मार्गों पर मिट्टी पटान का कार्य किया गया है। उपस्थित सदस्यों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नव सृजित राजस्व ग्राम टेडिया के लिए 14 कार्यों का प्रस्ताव दिया है जिसमें भूमि विकास कार्य, संपर्क मार्ग निर्माण कार्य, जल संरक्षण कार्य आदि शामिल है। ग्राम प्रधान रूना निषाद ने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष में इस तरह की कार्य योजना बनाई जाए कि कोई भी संपर्क मार्ग अवशेष न रह जाए। जो भी कार्य योजना सदस्यों द्वारा बनाई जाएगी उसे पंचायत निधि से लेकर सभी तरह की निधियों से कराया जाएगा। सदस्य पूनम देवी ने ग्राम प्रधान और ग्राम स्तरीय वन अधिकार समिति के सदस्यों का आवाहन किया कि संपर्क मार्गों के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और यथासंभव श्रमदान भी किया।

सदस्य सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि भूमि विकास के तहत जिन सड़कों का कच्चा निर्माण हो चुका है उन सभी सड़कों को इंटरलॉकिंग अथवा खड़ंजा के माध्यम से सर्व मौसम सुलभ मार्ग बनाया जाए। मौके पर ग्राम पंचायत चहलवा की ओर से किए जा रहे विकास कार्यों का ब्योरा प्रस्तुत किया गया और लोगों से उस पर चर्चा की गई। प्रधान प्रतिनिधि प्रीतम निषाद ने कहा कि जिन लोगों को पिछले वित्तीय वर्ष में शौचालय स्वीकृत हो चुके हैं और अभी तक उन लोगों ने नहीं बनवाए हैं, उन्हें शीघ्र ही कार्य पूरा कर लेना चाहिए ताकि गांव को संपूर्ण स्वच्छ बनाया जा सके

ग्राम स्तरीय वन अधिकार समिति के अध्यक्ष केशव सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद अवशेष तथा अकारण खारिज दावा फार्मों पर सुनवाई के लिए प्रशासन से वार्ता की जाएगी। बैठक में अशोक कुमार, प्रभु नाथ, कृष्ण कुमार, पूनम देवी, माया देवी, भगवती प्रसाद, धनीराम आदि ने विभिन्न मुद्दों पर अपने-अपने प्रस्ताव रखे।



टेडिया गांव में बैठक में मौजूद लोगों को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

## विवाद के बाद किशोर ने लगाया फंदा, भर्ती

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के गंगापुरवा गांव निवासी किशोर ने परिवार के चार वर्षीय भतीजे से विवाद के बाद फंदा लगा लिया। परिवार के लोगों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। हालत गंभीर बनी हुई है। हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गंगापुरवा निवासी मनोज का मंगलवार सुबह अपने चार वर्षीय भतीजे से विवाद हो गया। इससे वह क्षुब्ध हो गया। उसने कुछ दूरी पर लगे शहतूत के पेड़ से फंदा लगाकर जान देने की कोशिश की। कुछ देर में परिवार के लोग भी खोजबीन करते हुए पहुंच गए। सभी ने मनोज को फंदे से उतारा और गंभीर हालत में सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। डॉक्टर शिवम मिश्रा ने बताया कि इलाज किया गया है। लेकिन हालत गंभीर बनी हुई है। मनोज के चाचा सूबेदार ने बताया कि फंदा लगाकर भतीजे ने जान देने का प्रयास किया है।

विद्यामदो धनमदस्तृतीयोऽभिजनो मदः।
मदा एतेऽवलिप्तानामेत एव सतां दमाः॥

विद्या का अहंकार, धन-संपति का अहंकार, कुलीनता का अहंकार तथा सेवकों के साथ का अहंकार बुद्धिहीनों का होता है, सदाचारी तो दमन द्वारा इनमें भी शांति खोज लेते हैं।

## संपादकीय

# युवा रोजगार की स्थिति

भारत में युवा रोजगार की वर्तमान स्थिति निराशाजनक है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने मानव विकास संस्थान (आईएचडी) के साथ मिलकर 'इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट 2024' जारी की है। चिंताजनक है कि पढ़े-लिखे बेरोजगारों जिन्होंने कम से कम दसवीं तक की पढ़ाई पूरी की है, की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। देश के कुल बेरोजगार युवाओं में पढ़े-लिखे बेरोजगारों की संख्या भी 2000 के मुकाबले दोगुनी हुई है। बेरोजगारों में, शिक्षित युवाओं का अनुपात 2022 तक लगभग दोगुना होकर 65.7 प्रतिशत हो गया है, जो 2000 में 35.2 प्रतिशत था। यानि अगर भारत में 100 लोग बेरोजगार हैं तो उसमें से 83 लोग युवा हैं। ये निराशाजनक आंकड़े बेहतर भुगतान वाली नौकरियों की इच्छा रखने वाले शिक्षित युवाओं को शामिल करने में सक्षम नौकरियों की अनुपस्थिति और शिक्षा की गुणवत्ता में कमियों को रेखांकित करते हैं जिसके कारण बड़ी संख्या में शिक्षित युवा अभी भी नौकरी के मानदंडों को पूरा करने में असमर्थ हैं। इसके अलावा, मुद्रास्फीति को ध्यान में रखने के बाद मजदूरी या तो स्थिर हो गई है या उसमें गिरावट देखी गई है। रिपोर्ट के अनुसार देश में लोगों का वेतन ज्यादातर पहले जैसा रहा है या ये घटा है। नियमित श्रमिकों और स्वरोजगार वाले व्यक्तियों के वेतन में साल 2019 के बाद नकारात्मक प्रवृत्ति देखी गई है। इतना ही नहीं अकुशल श्रमिकों को साल 2022 में न्यूनतम वेतन तक नहीं मिला है। तकनीक से जुड़े बदलावों ने कौशल और रोजगार के प्रकारों की मांग को भी प्रभावित किया है। युवाओं में बुनियादी डिजिटल साक्षरता की कमी की वजह से उनकी रोजगार की क्षमता में रुकावट आ रही है। 90 प्रतिशत भारतीय युवा स्प्रेडशीट में गणित के फॉर्मूला लगाने में असमर्थ हैं। 60 प्रतिशत युवा फाइलें कॉपी और पेस्ट नहीं कर सकते हैं। वहीं 75 प्रतिशत युवा किसी अटैचमेंट के साथ ईमेल भेजने में असमर्थ हैं।

हालांकि उच्च और मध्यम स्किल वाली नौकरियों में युवाओं का बेहतर प्रदर्शन है। इन क्षेत्रों में नौकरी की असुरक्षा अभी भी परेशानी का सबब बनी हुई है। अब आम चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के साथ, राजनेताओं ने नौकरियां सुनिश्चित करने और तकनीकी रूप से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता को न केवल उनके अभियानों में, बल्कि उसके बाद नीति निर्माण में भी प्राथमिकता दी है। श्रम संगठन की रिपोर्ट में सभी के लिए बेहतर नौकरियां सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस व्यापक नीतिगत दृष्टिकोण की कमी पर जोर दिया गया है। इसलिए तकनीकी रूप से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था के लिए प्रशिक्षण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# कौन चुन-चुनकर मार रहा है पाक में चीनियों को


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

**पाकिस्तान चीन को अपना सबसे भरोसे का मित्र कहता है। चीन के नाराज होने से पाकिस्तान की पेशानी से पसीना छूटना लाजिमी है। बेशक, ताजा हमले ने पाकिस्तान में काम कर रहे चीनी नागरिकों के आत्मविश्वास को भी हिला दिया है। पाकिस्तान से आ रही रिपोर्टों से संकेत मिल रहे हैं कि कुछ चीनी नागरिक पाकिस्तान छोड़ने पर विचार कर रहे हैं।**

पाकिस्तान में काम करने वाले चीनी नागरिकों पर एक के बाद हमले थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। हमले पाकिस्तान में चीन की मदद से तैयार हो रही बहुत सारी विद्युत और अन्य विकास परियोजनाओं में काम करने वाले चीनी इंजीनियरों पर हो रहे हैं। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में बीते हफ्ते एक जलविद्युत परियोजना पर आत्मघाती हमला हुआ था जिसमें पांच चीनी नागरिकों की मौत हो गई। इसके बाद चीनी कंपनियों ने कम से कम तीन महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजनाओं पर अपना काम रोक दिया है। ये परियोजनाए हैं- दासू बांध, डायमर-बाशा बांध और तारबेला पांचवां एक्सटेंशन। बता दें कि एक दौर में खैबर पख्तूनख्वा सीमांत गांधी के प्रभाव वाला क्षेत्र रहा है, पर अब यह जल रहा है।

चीनियों पर हमले सिर्फ खैबर पख्तूनख्वा में ही नहीं हो रहे हैं। चीनियों पर हमले बलूचिस्तान में भी नियमित रूप से हो रहे हैं। पाकिस्तान के मशहूर अखबार द डॉन में 1 अप्रैल, 2024 को छपी एक खबर के अनुसार, चालू वर्ष के पहले तीन महीनों में देश के दो प्रमुख राज्यों क्रमशः खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में बीते साल की इसी अवधि की तुलना में आतंकी और हिंसक वारदातों में 92 और 86 फीसद बढ़ोतरी हुई है। अखबार ने सेंट फॉर रिसर्ट एंड सिक्युरिटी स्टडीज (सीआरएसएस) के हवाले से उपर्युक्त जानकारी दी है। जाहिर है कि चीनी नागरिकों पर हमले के कारण चीन नाराज है।

पाकिस्तान चीन को अपना सबसे भरोसे का मित्र कहता है। चीन के नाराज होने से पाकिस्तान की पेशानी से पसीना छूटना लाजिमी है। बेशक, ताजा हमले ने पाकिस्तान में काम कर रहे चीनी नागरिकों के आत्मविश्वास को भी हिला दिया है। पाकिस्तान से आ रही रिपोर्टों से संकेत मिल रहे हैं कि कुछ चीनी नागरिक अपनी जान को खतरा होने के कारण पाकिस्तान छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। पाकिस्तानी सरकार बार-बार अपराधियों को पकड़ने का वादा कर रही है। चीन भी अपने नागरिकों की पुख्ता सुरक्षा की मांग कर रहा है। चीनी नागरिकों में हो रहे हमलों के लिए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और इस्लामिक स्टेट-खुरासान को जिम्मेदार माना जा रहा है। ये तीनों इस्लामिक आतंकी संगठन पाकिस्तान के खिलाफ लगभग जंग छेड़े हुए हैं। चीनियों पर हाल हाल ही में हुए हमले के तुरंत बाद इन तीनों संगठनों के नाम सामने आए। माना जाता है कि टीटीपी चीनियों के पीछे हाथ धोकर पड़ा है। इसके कमांडरों में से एक को 2021 में चीनियों पर हालिया हमले की तरह से हुए हमले के पीछे का मास्टरमाइंड घोषित किया गया था।

**खैबर पख्तूनख्वा में चीनियों और बलूचिस्तान में चीनियों और पंजाबियों पर हमलों का गहराई से विश्लेषण करना होगा। लगता ये है कि खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान की अवाम अपने देश की पंजाबियों से भरपूर सरकार और सेना से नाराज है। नाराजगी की वजह है इन दोनों प्रदेशों की अनदेखी। बलूचिस्तान के नेता और सामाजिक कार्यकर्ता कहते रहे हैं कि पाकिस्तान के कुल जमा प्राकृतिक संसाधनों का एक बड़ा हिस्सा उनके प्रदेश से आता है, पर पकिस्तान सरकार उन संसाधनों का दोहन करने के बावजूद राज्य को किसी भी तरह से फायदा नहीं पहुंचाती। उनका आरोप है कि देश के संसाधनों का लाभ पंजाब को मिलता है।**

खैबर पख्तूनख्वा के हजारा और कोहिस्तान गित क्षेत्र को बहुत बीहड़ माना जाता है। ये 'सम्मान' हत्याओं, लड़कियों के स्कूलों को जलाने और शिया मुसलमानों की हत्याओं के कारण अक्सर खबरों में रहा है। अब ये चीनी नागरिकों को मारने के कारण भी खबरों में रहने लगे हैं। खैबर में चल विकास परियोजनाओं में सैकड़ों चीनी नागरिक काम करते हैं। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ पत्रकार हमजा हबीब ने इस लेखक को बताया कि खैबर में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। इधर सरकार का डर या इकबाल खत्म हो चुका है। यहां पुलिस, सरकारी अफसर या राजनीतिक नेतृत्व आतंकियों के सामने नतमस्तक रहते हैं। इस स्थिति के कारण इस बात की संभावना न के बराबर है कि इधर चीनियों पर हमले थमेंगे। खैबर पख्तूनख्वा में सक्रिय आतंकी संगठनों ने बीते अक्टूबर 2022 में राज्य के एक मंत्री को बंधक बना लिया था। उन्होंने आतंकवादियों की रिहाई की मांग की थी। इन्होंने सन् 2013 में नंगा पर्वत बेस कैंप पर विदेशी पर्वतारोहियों को निशाना बनाया था। इन्होंने खैबर पख्तूनख्वा में महिलाओं की खेल प्रतियोगिताओं को समाप्त करने की मांग की थी। ये अंधकार युग में जीते हैं। सवाल ये है कि चीनी नागरिकों को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? देखा जाए तो ये वहां पर विकास परियोजनाओं को खड़ा कर रहे हैं।

एक बात गौर करने लायक यह है कि चीनियों पर हमले सिर्फ खैबर पख्तूनख्वा में ही नहीं हो रहे। चीनियों पर हमले पाकिस्तान के बलूचिस्तान के ग्वादर शहर में भी होते रहे हैं। आमतौर पर बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) चीनियों पर हमलों की जिम्मेदारी लेता रहा है। पिछले साल के मार्च महीने में बलूचिस्तान ग्वादर बंदरगाह प्राधिकरण परिसर पर आतंकियों ने हमला किया था। उस हमले में पाकिस्तान सेना के कई जवान मारे गए थे। इस बंदरगाह परिसर में कई सरकारी और अर्धसैनिक कार्यालय हैं और रणनीतिक रूप से स्थित ग्वादर बंदरगाह अरबों डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना के केंद्र बिंदुओं में से एक बना हुआ है। दरअसल ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगा बलूचिस्तान लंबे समय से चल रहे हिंसक विद्रोह का केंद्र रहा है। बलूच विद्रोही समूहों ने पहले भी 60 अरब अमेरिकी डॉलर की सीपीईसी परियोजनाओं को निशाना बनाते हुए कई हमले किए हैं।

एक बात और, अशांत बलूचिस्तान में अज्ञात बंदूकधारी राजमार्गों पर चलने वाली बसों में सवार पंजाबी यात्रियों को गोली मार रहे हैं। सेना जैसी वर्दी पहने बंदूकधारियों ने कराची और ग्वादर के बीच चलने वाली कई बसों के यात्रियों के पहचान पत्रों की जांच की और फिर अपना खूनी खेल चालू कर दिया। मारे गए सभी अभागे बस यात्री पंजाबी थे। हत्यारे बस को रोककर मुसाफिरों से उनके पहचान पत्र मांगते हैं। वे गैर-पंजाबियों को छोड़ देते हैं। पाकिस्तान सरकार पंजाबियों के कत्लेआम को दुनिया की निगाह से छुपाना चाहती है, पर ये सोशल मीडिया के दौर में हो नहीं पाता। खबरें जैसे-तैसे दुनिया के सामने आ ही जाती हैं। जानकार कहते हैं कि पंजाबियों को बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी चुन-चुनकर मार रही है।

खैबर पख्तूनख्वा में चीनियों और बलूचिस्तान में चीनियों और पंजाबियों पर हमलों का गहराई से विश्लेषण करना होगा। लगता ये है कि खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान की अवाम अपने देश की पंजाबियों से भरपूर सरकार और सेना से नाराज है। नाराजगी की वजह है इन दोनों प्रदेशों की अनदेखी। बलूचिस्तान के नेता और सामाजिक कार्यकर्ता कहते रहे हैं कि पाकिस्तान के कुल जमा प्राकृतिक संसाधनों का एक बड़ा हिस्सा उनके प्रदेश से आता है, पर पकिस्तान सरकार उन संसाधनों का दोहन करने के बावजूद राज्य को किसी भी तरह से फायदा नहीं पहुंचाती। उनका आरोप है कि देश के संसाधनों का लाभ पंजाब को मिलता है। प्राकृतिक संसाधनों के भी अपनी सरकार से तमाम गिले-शिकवे हैं। खैबर और बलूचिस्तान में चीनियों पर हमलों की एक बड़ी वजह यह मानी जा सकती है कि इन प्रदेशों में सक्रिय आतंकी संगठनों को लगता है कि अब जो विकास परियोजनाएं चीन की मदद से उनके यहां चल रही हैं, उसका लाभ उनकी बजाय शेष पाकिस्तान को ही होगा।

अब सवाल ये है कि पंजाबियों को बलूचिस्तान में किस कारण से निशाना बनाया जा रहा है? जाहिर है कि पंजाबियों को मारे जाने की कोई वजह तो होगी ही। हालांकि हिंसा को सही तो नहीं माना जा सकता। तो जान लीजिए कि सारा पाकिस्तान नफरत करता है पंजाब और पंजाबियों से। सबको लगता है कि पंजाब उनका शोषण कर रहा है, उनके हकों को मार रहा है।

## प्रसंगवश

# शहादत का फलसफा

जिन्हें लगता था कि उनको जहर बुझे खंजर से खत्म कर देंगे। आज वह कहां हैं? किसी को नहीं पता, जो यह समझते हैं कि किसी को धोखे से कत्ल करके, वह जीत जाएंगे। असलियत में वह हार ही रहे होते हैं। एक मजबूत विचार वाले व्यक्ति का कत्ल उसे और ज्यादा दिलों में बिखेर देता है। एक बार दिलों में बिखरते ही, वह पुश्त दर पुश्त नीचे जिंदा होता चला जाता है।

19 वीं रमजान में हजरत अली की पीठ में धोखे से जो जहर बुझा खंजर घोपा गया, उसने जिस्म को भले ही नुकसान पहुंचाया हो मगर रूह को इतना आजाद कर दिया कि वह जमीन के हर हिस्से में बिखर गई। उन्हें शहीद करने वालों को लगा था कि चलो आज से इनका किस्सा खत्म हुआ, मगर बदबख्तों ने यह नहीं सोचा की आज से वह हर तरफ सूरज की तरह चमकेंगे। उनकी चमक इन जुल्मियों को अंधा कर देगी। पीठ पर उनके जख्म हुआ, मगर वह ज़ख्म देने वालो के लिए ही नासूर बन गया।


हफीज किदवई
लेखक

21 वीं रमजान के रोज हजरत अली की शहादत यकीनन दिलों में रंज पैदा करती है। तकलीफ होती है कि भला वह कैसे लोग थे, जो हजरत अली जैसी शख्सियत को बर्दाश्त नहीं कर सके। मुझे लगता था कि आखिर क्यों नहीं उस वक्त मस्जिद की दीवारें दरक गईं। जब हजरत अली जहर के असर से तकलीफ में दांत कसते होंगे। तब क्यों नहीं मस्जिद की मीनारें ढह गईं? लोगों ने जनाजे में तो भीड़ बनकर जाना मुनासिब समझा, मगर उनके हाथ क्यों नहीं नोच डाले, जिन्होंने यह गुस्ताखी की थी। आखिर अरब कैसे यह सब बर्दाश्त कर गया? तब मुझे शहादत का फलसफा समझ आया। बहुत बार हां बहुत बार खुदा जब अपने किसी महबूब के जिंदा जिस्म से काम ले चुकता है और उसका काम जमीन पर पूरा नही हुआ होता, तब वह ऐसे जिस्म को शहीद करता है।

यह शहादत फिर हजारों साल तक जुल्म, बेइंसाफी के खिलाफ लड़ने की रौशनी बनती है। हजरत अली की शहादत ने मक्के, मदीने, बसरा, दमिश्क सबकी गलियों में जुल्म के खिलाफ लोगों को एक कर दिया। उनके खून का एक-एक कतरा खुदा के इंसाफ की गवाही बनने को बेताब हो गया। हजरत अली उस माटी से निकल कर दुनियाभर में बस गए। सबने इल्म के बादशाह के सामने सर झुका लिया।

इल्म के बादशाह, शेरे खुदा, सूफीजम के बादशाह हजरत अली को जब पीठ में जहर बुझा खंजर लगा। मौत सामने देख अपनी प्यारी औलाद को उन्होंने पास बुलाया। आखिरी वसीयत करते हुए कहा, देखो जिसने मुझ पर खंजर चलाया है, उसके साथ ज्यादती मत करना। सजा उसे उतनी ही देना जितनी उसने गलती की है। उसे मेरी पीठ पर लगे जख्म से ज्यादा गहरा जख्म न लगे। मेरी तकलीफ से ज्यादा तकलीफ न हो, तुम उस पर जुल्म मत करना।

उनकी शहादत पर इतनी तो गांठ बांध लो की कल भी जुल्म से लड़ने के लिए शहीद होना पड़ता था, आज भी शहीद होना है। कल भी चालबाज लोग कत्ल को आखिरी हथियार समझते थे, आज भी समझते हैं। कल भी इंसाफ पसंद को धोखे से, मक्कारी से बदनाम करने का चलन था, आज भी है। कल भी बादशाही मशीनरी अवाम की आवाज को दबाने उठती थी, आज भी सरकारी मशीनरी अवाम की आवाज को कुचलती है। कल से आज सिर्फ आबादी की गिनती बढ़ी है, वरना हालात वैसे ही आते-जाते रहें हैं, जिन्हें आज जुल्म से लड़ना है, अवाम की आवाज बनना है। बेइंसाफी को जमीदोज करना है वह हजरत अली से सीखें। अपना दिल बड़ा करें, किरदार की बुलंदी को समझें और बेखौफ सीना तानकर, जुल्म की आंख में आंख डालकर मुकाबला करें। शहादत अगर आ भी गई तो शाही तख्त पर बैठे खास लोगों की ही चूले हिलेंगी। उनकी दीवारें चिटखेंगी। वह तुम्हारे बहते खून में हमेशा के लिए खत्म हो जाएंगे।

हजरत अली की शहादत पर उन्हें याद करने का वक्त 21 वीं रमजान हमें एक सबक देता है, उस सबक को याद रखिए। जुल्मी कितनी ही लालच दे, कितना ही डर बढ़ाए, डिगना मत और अपनी आखिरी सांस तक सच-इंसाफ के रास्ते पर चलते रहना, भले हाथ खाली हों या सर ओर छत न हो या फिर सर ही न रह जाए...

# कैसे हो पहाड़ की महिलाओं का उत्थान

समाज में तेजी से हो रहे परिवर्तन और महिला सशक्तिकरण के मौजूदा दौर में भी पहाड़ी इलाकों में महिलाओं की दैनिक स्थिति में ज्यादा परिवर्तन नहीं आया है। पहाड़ की रीढ़ कही जाने वाली पहाड़ की नारी मुसीबतों के कई पहाड़ लांघकर और पहाड़ जैसी जिंदगी ढोकर पहाड़ के लिए ही मर-मिट जाती हैं। वस्तुतः पहाड़ से भी विकट जिंदगी जी रहीं पहाड़ी महिलाओं के उत्थान की बात करना तब तक गलत होगा, जब तक उनके सिर और पीठ के भारी बोझ को हल्का करने के प्रयास नहीं किए जाते।

यह कहना गलत न होगा कि पहाड़ की पूरी अर्थव्यवस्था महिलाओं पर टिकी है। उत्तराखंड के संदर्भ में यहां के अधिकांश पुरुष रोजगार की तलाश में शहरों की ओर कूच कर गए हैं। यहां अकेली महिला ही अपनी पहाड़ सी जिंदगी से जूझती मिलेंगी। आज अगर चंद महिलाओं को लेकर हम यह दावा करे कि यहां की महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है तो यह सरासर नाइंसाफी होगी उन हजारों महिलाओं के साथ जो खेती बाड़ी और पशुपालन के काम में अपना शरीर तिल-तिल कर होम कर रही है। यहां की प्रकृति भी अपना क्रूर चाबुक इन्हीं महिलाओं पर चलाती है। इनकी दिनचर्या पौ फटने से पहले कब शुरू होकर देर रात के किस प्रहरी समाप्त होती हैं, यह बता पाना मुश्किल है। पहाड़ियों की चोटी पर से सिर में घास व लकड़ी का गट्ठर ढोते हुए घर आना बहुत जोखिम भरा काम है।

पहाड़ में गर्भवती महिलाओं को सिर पर भारी बोझ लादे खतरनाक रास्तों पर चलते हुए देखा जा सकता है। इस कारण कई बार गर्भपात तक हो जाता है। शिशु को जन्म देने के बाद जब वे काम पर जाती है तो नवजात को पीठ पर बांधकर अपने


दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

**एक अध्ययन के अनुसार चारा और ईंधन एकत्र करने के लिए पहाड़ी महिला वर्ष में औसतन चार से पांच हजार किलोमीटर की पैदल दूरी तय करती है।**

साथ ले जाती है, क्योंकि घर पर शिशु की देखभाल करने वाला कोई नहीं होता।

इसके अलावा मातृत्व सहने का कष्ट भी उनके लिए कम दुखदाई नहीं है। यहां के समाज में आज भी अंधविश्वास गहरे तक पैठ बनाए हुए हैं। कई गांवों में आज भी प्रसूति महिला को 21 दिनों तक अछूत समझा जाता है। यह इक्कीस दिन उसे एक छोटी सी कोठरीनुमा कमरे में काटने पड़ते हैं। उसका छुआ पानी तक कोई नहीं पीता पर वह जंगल जाकर घास व लकड़ी ला सकती है। इसमें कोई मनाही नहीं है। स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण प्रसव के समय कई महिलाओं की जान तक चली जाती है।

पहाड़ के सीढ़ीदार खेतों में फसल बोने और काटने के समय महिलाओं को देर शाम तक काम करते हुए देखा जा सकता है। कुछ जगहों पर तो महिलाएं हल भी चलाती हैं। गर्मी की चिलचिलाती धूप, बरसात में खेतों से उठती असहनीय उमस और ऊपर से गिरता बारिश का पानी जहां पहाड़ी महिला के बदन के वस्त्र को सूखने नहीं देता, वहीं जाड़ों की कड़ाके की ठंड भी उसके हाथ पैरों को ठिठुरा पाने में असफल रहती हैं। खेती के अतिरिक्त रोजमर्रा के सभी कार्य महिला ही करती है। बचपन से ही पराया धन का कलंक माथे पर लिए यहां की बेटियों को पढ़ाई से अधिक चौका चूल्हा करना सिखाया जाता है।

स्कूल जाने की उम्र में उनकी नाजुक पीठ पर गोबर की टोकरी और हाथों में दरांती सौंप दी जाती है। आज भी विकास से कटे दूर दराज के गांवों मे लड़कियां कक्षा पांच या आठ के बाद पढ़ाई छोड़ देती है। ज्यादातर परिवारों में लड़कियों को स्कूल भेजना परिवार की प्राथमिकता में शामिल नहीं होता। वह तो महज एक श्रमिक बनकर रह गई है। कम उम्र में ही शादी कर दी जाती है और शादी के बाद उसे एक पहाड़ से दूसरे पहाड़ पर कष्टमय जीवन व्यतीत करना पड़ता है।

एक अध्ययन के अनुसार चारा और ईंधन एकत्र करने के लिए पहाड़ी महिला वर्ष में औसतन चार से पांच हजार किलोमीटर की पैदल दूरी तय करती है। यानी एक दिन में पहाड़ी रास्तों पर 12 से 15 किलोमीटर की दूरी तय करती हैं। अध्ययन में देखा गया कि पहाड़ी महिला प्रतिदिन 19 घंटे काम करती है। सुबह पांच बजे से काम शुरू करने वाली महिला दिनभर वयस्त रहकर रात ग्यारह बजे के बाद ही बिस्तर पर आराम करने जा पाती है। इतनी मेहनत के बाद भी उसे भोजन में पर्याप्त कैलोरी नहीं मिल पाती है। कई बार उसके हिस्से में आधा पेट भोजन ही आता है। कुल जमा अर्थ यह कि उसके जीवन में अत्यधिक श्रम, तनाव, बीमारी और उसकी खर्च हुई तथा उसे प्राप्त ऊर्जा का असंतुलन अंततः उसकी उम्र पर प्रभाव डालता है और उसे 35 वर्ष की आयु तक पहुंचते-पहुंचते बूढ़ा व कमजोर कर देता है। जहां तक महिला स्वास्थ्य का सवाल है तो स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है। कुछ महिला संगठनों ने पाया कि अधिकांश महिलाएं कुपोषण का शिकार है।

## सोशल फोरम

# बौरा गए

आम और भौंरे तो साल भर में एक ही बार बौराते हैं, लेकिन...साधो, देखो जग बौराना! कबीर कहते हैं... अरे भाई! बौरा न वंदे, मत बौराओ, लेकिन संसार है कि बिना बौराए मानता ही नहीं है। वसंत में सबके सब बहक करके बौरा गए। तभी तो सांच कहो तो मारन धावै, झूठे जग पतियाना।


डॉ. रामानंद शुक्ल
अयोध्या

संसार को चिकनी-चुपड़ी झूठी चापलूसी अधिक पसंद है और उसी पर विश्वास भी करता है। सच्चरित्र व्यक्ति के सही बात को नकारता-अस्वीकार करता है। विश्वास से विरत रहता है, क्योंकि वह अनैतिक अर्थोपार्जन से दूर रहता है। वह अर्थ-सुलभ जगत के भौतिक सुख-सुविधा, चांचिक्य से बेफिक्र- विलग रहता है, कहें कबीर सुनो भाई साधू! ई सब भरम भुलाना। यह संसार भूल-भुलैया है। सभी दिग्भ्रमित हैं। कबीर की बानी में स्पष्ट-साफगोई, बेधड़क-बेलौस, बेफिक्र-बेखौफ अदम्य साहस की झलक है। उनकी बोली-बानी, साखी-सबद तिलमिला देने वाले हैं। चुभ जाने वाले व्यंजनाओं-प्रतीकों से परिपूर्ण हैं। ऊपर की पंक्तियां इस बात की सबूत हैं कि दूसरों की दृष्टि-भाव में कबीर बौराहा थे, लेकिन सच यह है कि वह बौराहा नहीं थे, बल्कि ऐसी दोषदृष्टि रखने वाले छिद्रान्वेषी ही बाउर थे, बौराए हुए थे, जो केवल झूठ ही बतियाते-पतियाते और पचाते थे। तथा सांच कहौं तो मारन धावै। भव-भयाकुल भरमे-भरमाए भोग-विलास में भटके, भूले-भुलाए ये द्वंद्वी-पाखंडी घमंडी लोग थे। शास्त्रोक्ति है कि अपूज्य की पूजा या पूज्य की अवहेलना-तिरस्कार करने-कराने के लिए, अपूज्य को पूज्य से अर्थात् सत् को असत् से आगे बढ़ाने का कुप्रयास, अपूज्य-पूजक और सहयोगी तीनों का कालांतर में विनाश कर ही देता है।

यह श्रीमद्भगवद्गीता की इस सूक्ति की ओर भी संकेत है। अव्यवस्थित चित्तानां प्रसादोऽपि भयंकरः। अव्यवस्थित द्वंद्व में रहने-जीने वाले के चित्त का परिणाम बहुत भयंकर होता है। लगातार कबीर के साथ भी ऐसी घटनाएं घटती रहीं फिर भी सच से विचलित नहीं हुए। झूठे जग को और झूठ को पतियाने वाले जगत के तिरस्कार-अपमान से बिना विचलित हुए दहाड़ते-पछाड़ते रहे। कबीर को अपने इष्ट पर पूरा भरोसा था, इसलिए बड़े निडर थे।

-फेसबुक वॉल से

# धरती ही नहीं, समुद्र की सतह भी गर्म

ग्लोबल वार्मिंग ने मौसम का चक्र बिगाड़ दिया है। भारतीय मौसम विज्ञान संगठन की यह आशंका काफी चिंताजनक तस्वीर पेश करती है कि इस बार अप्रैल से लेकर जून तक देश को प्रचंड गर्मी का सामना करना पड़ सकता है तो दूसरी ओर विश्व बैंक के अनुमानों से पता चलता है कि 2030 तक, भारत में 200 मिलियन से अधिक लोगों को अत्यधिक तापमान का सामना करना पड़ेगा। साथ ही गर्मी से संबंधित तनावों के चलते उत्पादकता में कमी के कारण 34 मिलियन लोगों को अपनी नौकरी गंवानी पड़ेगी।


प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर-पश्चिमी भारत में असामान्य तापमान जलवायु पैटर्न की एक ऐसी अप्रत्याशित प्रकृति है, जो हाल के वर्षों में पहले कभी नहीं देखी गई थी। इस साल मार्च के अंतिम दिनों में ही भारत के कई शहरों का तापमान 40 डिग्री से पार कर गया। देश के कई हिस्सों में अभी से ही लू चलने लगी है। गर्मी को लेकर यह भयावह पहलू है। चिलचिलाती गर्मी दैनिक जीवन के लिए गंभीर खतरे का सबब तो बनती है। साथ ही कृषि और स्वास्थ्य जोखिमों को भी बढ़ाती है। ग्रामीण आबादी, विशेषकर बुजुर्ग और धूप में काम करने वाले लोग इसका खामियाजा असामयिक मृत्यु के रूप में भुगतते हैं। पर्यावरण पर नजर रखने वाली यूरोपीय संघ की एक एजेंसी कॉपरनिक्स क्लाइमेट सर्विस के अनुमानों और आंकलन के अनुसार अब मैदानी इलाकों की तरह ही समुद्र की सतह पर भी लू चलने लगी है। सामान्य से अधिक तापमान का पूर्वानुमान और भारत के मध्य और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में हीटवेव की संभावनाएं अधिकारियों और नागरिकों दोनों के लिए एक 'वेकअप कॉल' के रूप में होनी चाहिए। पश्चिमी विक्षोभ जैसे कारक असामान्य तापमान वृद्धि के मूल में हैं। यह कहा जा सकता है कि छिटपुट बारिश से थोड़ी-बहुत राहत मिल सकती है, लेकिन यह जान लेना भी जरूरी है कि प्रकृति की ऐसी राहत अल्पकालिक होती है। बादलों के हट जाने पर गर्मी फिर अपनी प्रकोर दिखाना शुरू कर देती है। पर्यावरणीय बदलाव से न सिर्फ हमारी धरती गर्म हो रही है, बल्कि समुद्र की सतह का पारा भी बढ़ता जा रहा है। लंबे समय तक चलने वाली गर्मी और गर्म हवाओं तथा बढ़ते तापमान के असर को कम करने के लिए बेहतर जल प्रबंधन समेत हरित उपायों जैसे स्थायी समाधानों की आवश्यकता है। हमारे पूर्वजों ने जल प्रबंधन के जो उपाय अपनाए थे, वे आज भी उतने ही लाभकारी हो सकते हैं, पर जरूरी है कि उन पर ध्यान दिया जाए। जरूरी हो गया है कि हम जलवायु अनुकूलन और शमन के लिए एक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाएं। इस दृष्टिकोण में टिकाऊ बुनियादी ढांचे में निवेश, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देना और जलवायु लचीलेपन को प्राथमिकता देने वाली नीतियों को लागू करना शामिल है।

मौसम विभाग की भविष्यवाणियां जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए सामूहिक कार्रवाई की तरफ ध्यान आकर्षित कराती हैं। हालांकि हम मौसम को नियंत्रित करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं, लेकिन हम बदलते जलवायु पैटर्न के अपने अनुकूल करने की दिशा में निश्चित रूप से सक्रिय कदम उठा सकते हैं। नवीन समाधानों को अपनाकर, हम जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों को कम कर सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए अधिक लचीला और उनके समृद्ध भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। ये ऐसे सत्य हैं जिनका ध्यान हमारी पहले की पीढ़ियों ने रखा है और हमें भी उनके लिए ऐसी ही विरासत छोड़कर जाना चाहिए। लू की स्थिति को देखते हुए, अब समय आ गया है कि हम आने वाली चुनौतीपूर्ण गर्मी से निपटने और तापमान में वृद्धि को रोकने के लिए खुद को तैयार करें। मौसम विज्ञानिकों की ऐसी चेतावनियों को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।

# स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्रों में उभरने की तैयारी

भारत की फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (एफएएमई) नीति एक एशियाई विनिर्माण केंद्र और वैश्विक उद्योगों के लिए चीन के लिए एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में भारत की स्थिति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। एफएएमई नीति भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाने में तेजी लाने पर केंद्रित है। सब्सिडी और अन्य सहायता उपायों के माध्यम से ईवी के उत्पादन और खरीद को प्रोत्साहित करके, नीति का उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन को कम करना, जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना और टिकाऊ परिवहन समाधानों को बढ़ावा देना है। यह स्वच्छ ऊर्जा के प्रति वैश्विक रुझानों के अनुरूप है और भारत को विद्युत गतिशीलता क्षेत्र में एक प्रगतिशील खिलाड़ी के रूप में स्थापित करता है। एफएएमई नीति के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों पर जोर ने ईवी से संबंधित विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश और विकास को बढ़ावा दिया है। एफएएमई जैसी नीतियों के माध्यम से विद्युत गतिशीलता को बढ़ावा देने की भारत की प्रतिबद्धता ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों की महत्वपूर्ण रुचि को आकर्षित किया है। कंपनियां भारत को ईवी और संबंधित प्रौद्योगिकियों के लिए एक आकर्षक बाजार के रूप में देखती हैं जिससे साझेदारी, संयुक्त उद्यम और विनिर्माण सुविधाओं में निवेश होता है। निवेश का यह प्रवाह रोजगार सृजन, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और विनिर्माण क्षेत्र की समग्र वृद्धि में योगदान देता है। भारत की महत्वाकांक्षाएं ईवी की घरेलू मांग को पूरा करने से कहीं आगे तक फैली हुई हैं। एफएएमई नीति, अन्य निर्यात उन्मुख पहलों के साथ मिलकर भारत को इलेक्ट्रिक वाहनों और घटकों के लिए एक निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखती है। इसमें यूरोप, संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य क्षेत्रों के बाजारों को लक्षित करना शामिल है, जहां इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधानों की मांग बढ़ रही है। एफएएमई के तहत निर्यात प्रोत्साहन से भारत को अपने व्यापार को संतुलित करने और इसे वैश्विक विनिर्माण मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकृत करने में मदद मिलती है। एफएएमई नीति पश्चिम के लिए विनिर्माण की एशियाई फैक्ट्री बनने के देश के दृष्टिकोण में एक प्रमुख चालक है। भारत वैश्विक विनिर्माण की बदलती गतिशीलता का लाभ उठाने और इलेक्ट्रिक वाहन और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्रों में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरने के लिए तैयार है।


रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार



23वां रोजा

शिया
सहरी : 04.30 बजे
इफ्तार : 06.28 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.25 बजे
इफ्तार : 06.20 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

पैग़ाम ए रमज़ान

नफ़रत से काम लें न अदावत से काम लें, हर काम होगा, सिर्फ़ मोहब्बत से काम लें। मतलब की दोस्ती से न मतलब रखा करें, हरगिज़ न दोस्तों से सियासत से काम लें।।

नियाज़ कपिलवस्तुवी, सिद्धार्थनगर

# सीएचसी ईटवा में नहीं है एक भी महिला चिकित्सक

सिद्धार्थनगर



**अमृत विचार।** महिलाओं को बेहतर इलाज मुहैया कराने का दावा इटवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बेदम साबित हो रहा है। लगभग ढ़ाई लाख की आबादी के इलाज के लिए बने अस्पताल में महिला चिकित्सक की तैनाती नहीं है। जबकि यहां प्रतिमाह 250 से 300 नार्मल डिलिवरी होती है। वहीं गंभीर होने और ऑपरेशन की स्थिति आने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। इससे मरीजों को परेशानी होती है। साथ ही निजी अस्पताल में इलाज के लिए मोटी रकम खर्च करना पड़ता है। चिकित्सक की तैनाती की कई बार मांग उठ चुकी है, लेकिन अभी तक कोई महिला डॉक्टर यहां नहीं तैनात की गई।

इटवा तहसील क्षेत्र में एक बड़ी आबादी निवास करती है। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए इटवा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया। अस्पताल तो बन गया पर महिलाओं की तरफ जरा भी ध्यान नहीं दिया गया। महिला डॉक्टर के न होने से महिलाएं भी अपनी परेशानी खुल कर बयां नहीं कर पाती हैं। यहां बलरामपुर जिले के पूरबी क्षेत्र व नेपाली सीमा के पास स्थित गांवों के अधिकांश मरीज आते हैं।

स्त्री रोग विशेषज्ञ न होने से एक बड़ी आबादी को 60 से 80 किमी की यात्रा करके दूरदराज अपना इलाज कराना पड़ रहा है। जिससे लोगों का पैसा और समय दोनों बर्बाद हो रहा है। इटवा सीएचसी में रोजाना लगभग 250 मरीज इलाज के लिए आते हैं। इसमें महिलाओं की संख्या अधिक रहती है। इस संबंध में सीएचसी इटवा के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संदीप द्विवेदी ने कहा कि हड्डी रोग, बच्चों व नेत्र रोगों सहित अन्य खाली पदों के लिए पत्राचार किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद रोजाना उपलब्ध संसाधनों से मरीजों की हर संभव चिकित्सकीय सुविधा दी जा रही है।

इस विषय में इटवा निवासी रवि अग्रहरि का कहना है कि सीएचसी इटवा का भवन भी जर्जर है और यहां स्त्रीरोग विशेषज्ञ की तैनाती भी नहीं है, जिससे सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को हो रही है।

> विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी की जानकारी है। जनपद में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है। पत्राचार किया गया है, चिकित्सक मिलते ही तैनात किया जाएगा।
> -डॉ. डीके चौधरी, सीएमओ

यहां शीघ्र महिला रोग विशेषज्ञ की तैनाती होनी चाहिए। उनका कहना है कि यहां पर कई चिकित्सकों की कमी है। हड्डीरोग, नेत्र रोग व बच्चों के चिकित्सक नहीं है। यही नहीं आधी आबादी के लिए किसी स्त्रीरोग विशेषज्ञ की तैनाती भी नहीं है। इस तरफ जिम्मेदार भी ध्यान नहीं दे रहे हैं।



## छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** नगर पंचायत कपिलवस्तु के मां पार्वती रमई मिश्र बाल विद्या मंदिर चैनपुर चौराहा में मंगलवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली चैनपुर से हथिहवा गांव तक निकाली गई। विद्यालय के प्रबंधक गणेश प्रसाद मिश्र व प्रधानाध्यापक आशीष कुमार मिश्र ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में छात्र-छात्राएं हाथों में मतदाता जागरूकता स्लोगन, नारे लिखी पट्टियां लेकर चल रहे थे और जोर-जोर से वोट देने के लिए नारे लगा रहे थे। कृष्ण मोहन मिश्र, उमेश कुमार, अभिषेक कुमार, शिवम कुमार, मनीषा मोदनवाल, शिखा मिश्रा, राजेश प्रकाश मिश्र, आराधना मिश्र आदि उपस्थित रहे।

एक नजर

### सपा जिला कार्यकारिणी में सन्तोष उपाध्यक्ष मनोनीत

**गोरखपुर, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने सन्तोष कुमार यादव एडवोकेट को समाजवादी पार्टी गोरखपुर जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष मनोनित किया गया है। श्री यादव को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर शुभचिंतको ने बधाई दिया।

### पुलिस ने थाना क्षेत्रों में चलाया चेकिंग अभियान

**सिद्धार्थनगर।** जनपदीय पुलिस द्वारा रमजान माह के दृष्टिगत अपने-अपने थानाक्षेत्रों में पोस्टर पार्टी निकालकर मन्दिर-मस्जिद एवं संवेदनशील स्थानों में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों से संवाद कर कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई।

# पूरी गंभीरता से दायित्वों का निर्वहन करें मतदान कार्मिक

## सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक में एसडीएम सदर ने दिए निर्देश

गोरखपुर



सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक करतीं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी ने सदर तहसील में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। एसडीएम ने विधानसभा ग्रामीण, विधानसभा शहर, विधान सभा पिपराइच, विधानसभा कैंपियरगंज आंशिक में मतदान की तैयारियों की जानकारी ली। अधिकारियों से कहा कि सभी अपने दायित्वों का गंभीरता के साथ निर्वहन करें।

एसडीएम से अधीनस्थ अधिकारियों, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट ने कहा कि मतदान केंद्रों पर जाने के लिए वाहनों की समुचित व्यवस्था कराई जाए। जिससे मतदान केंद्रों पर आने-जाने के लिए किसी प्रकार की समस्या न हो। एसडीएम ने कहा कि सदर तहसील अंतर्गत समस्त मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं मौजूद रहनी चाहिए, जिससे दिव्यांगजन सहित मतदान केंद्रों पर तैनात सुरक्षा बलो को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। मतदान केन्द्रों पर आने वाले हर मतदाता की सुगमता को ध्यान में रखते हुए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। कहा कि लोकसभा निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करना हम सभी की पूर्ण जिम्मेदारी है। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

सदर तहसील ग्रामीण व शहरी पिपराइच केंपियरगंज क्षेत्रों सुचारू रूप से मतदान हो सके। बैठक में तहसीलदार सदर विकास कुमार सिंह, नायब तहसीलदार देवेंद्र यादव, नायब तहसीलदार हिमांशु सहित कानूनगो व लेखपाल मौजूद रहे।

## मतदान केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं व सुविधाएं सुनिश्चित करें सेक्टर प्रभारी : एसडीएम

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** डुमरियागंज तहसील सभागार में सोमवार की देर शाम निर्वाचन कार्य के संबंध में सेक्टर प्रभारियों की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें एसडीएम संजीव दीक्षित ने मतदान केंद्र, मतदेय स्थलों की सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा की। कहा कि जहां पर भवन की स्थिति और बिजली, पानी, सड़क, शौचालय, रैंप आदि में खामियां हैं उसे एक सप्ताह के अंदर दुरुस्त करके रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया। एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित ने कहा कि डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के सभी सेक्टर प्रभारियों को मतदेय स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं की रिपोर्ट देनी है। जिन मतदेय स्थलों पर अभी तक सभी सुविधाएं मुहैया नहीं हो पाई हैं, उसे एक सप्ताह के अंदर दुरुस्त कर दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दिया कि निरीक्षण में मतदान केंद्र पर भवन तथा अन्य सुविधाएं अधूरी मिली तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई के लिए डीएम को रिपोर्ट प्रेषित कर दी जाएगी। समीक्षा बैठक के दौरान एसडीएम ने प्रत्येक सेक्टर मजिस्ट्रेट से एक-एक कर मतदेय स्थलों पर मूल-भूत सुविधाओं के संबंध में सूचना प्राप्त की। उन्होंने पीने का पानी, विद्युत व्यवस्था, मतदान केंद्र तक जाने के लिए रास्ता व शौचालय आदि की बिंदुवार समीक्षा की गई। इस दौरान न्यायिक एसडीएम कल्याण सिंह मौर्य, सीओ अखिलेश वर्मा, तहसीलदार डॉ. संतराज सिंह बघेल, नायब तहसीलदार महबूब आलम, थानाध्यक्ष मुकेश राय, बीईओ संजय कुमार, बीडीओ अमित सिंह, लेखपाल संघ अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव, लिपिक हसन ताकिब रिजवी, निर्वाचन लिपिक अभिषेक कुमार मौजूद रहे।

## लंबित विवेचनाओं की हुई ऑनलाइन समीक्षा

**गोरखपुर, अमृत विचार।** अपराधिक मामलों में लंबित विवेचाओं की ऑनलाइन समीक्षा बैठक की गई, जिसमें पुलिस अधीक्षक अपराध, पुलिस अधीक्षक उत्तरी, उत्तरी क्षेत्र के समस्त क्षेत्राधिकारी व उत्तरी क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष मौजूद रहे। उत्तरी क्षेत्र की कुल 53 विवेचनाओं की समीक्षा की गयी। इन मामलों से संबंधित चार अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी के लिए ईनाम घोषित करने, न्यायालय से एनबीडब्लू जारी करवाकर अतिशीघ्र गिरफ्तारी और गैंगस्टर प्रस्तावित करने का निर्देश दिया गया। दो विवेचनाएं जो काफी समय से लंबित थी, उनके गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के लिए क्राइम ब्रांच को स्थानान्तरित किया गया। विवेचनाओं में लापरवाही बरतने वाले विवेचकों के विरुद्ध प्रारंभिक जांच का निर्देश दिया गया। छह विवेचकों के विरुद्ध प्रारंभिक जांच खोली गयी।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर



मेधावी छात्रा को अंकपत्र प्रदान करतीं नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ब्लाक संसाधन केन्द्र शोहरतगढ़ क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नकथर में आयोजित वार्षिकोत्सव एवं अंक पत्र वितरण में आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल ने बतौर मुख्य अतिथि बच्चों में अंक पत्र वितरित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। इस क्षेत्र के बच्चे मेहनत से पढ़कर देश के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर सेवा देकर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। कहा कि सरकारी विद्यालयों में प्रशिक्षित शिक्षक सेवा दे रहे हैं। क्षेत्रवासियों को अपने बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए सरकारी विद्यालय में शिक्षा दिलाना चाहिए। प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाओं के द्वारा सरकारी विद्यालयों के बच्चों के निःशुल्क शिक्षण पर विशेष ध्यान दे रही है। बच्चों को मिड-डे मील, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, ड्रेस, जूता, मोजा आदि देकर बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित कर रही है। अन्त में उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी शोहरतगढ़ संतोष कुमार शुक्ला ने कहा कि समाज शिक्षा के बिना अधूरा है परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का दायित्व है कि वह अभिभावकों का भरोसा जीतने के साथ ही छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गयें, जिसमें मौजूद अभिभावकों व अतिथियों द्वारा बच्चों की सराहना की गई। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल, बीईओ संतोष कुमार शुक्ला, उत्तर प्रदेशिया प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष लालजी यादव, महामंत्री कृपा शंकर त्रिपाठी, एआरपी मनोज कुमार यादव, प्रधानाध्यापक पप्पू यादव, सुरेश कुमार, केशव राम यादव, कविता उपाध्याय, बिंदु, प्रतिभा यादव, लक्ष्मीबाई, विजय बहादुर आदि मौजूद रहे।

# चाकू रखने के आरोप में चालान, एसपी से गुहार

सिद्धार्थनगर,

**अमृत विचार।** जोगिया उदयपुर थाने के पुलिस की कार्यप्रणाली सुर्खियों में है। चुनाव आचार संहिता लागू होते ही जोगिया कोतवाली की पुलिस की मनमानी से लोग परेशान हो रहे हैं। जोगिया उदयपुर थाना क्षेत्र के विशुनपुर निवासी राजकुमार को चाकू रखने के आरोप में चालान कर दिया है। पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित राजकुमार के अनुसार 17 मार्च को जोगिया उदयपुर थाने की पुलिस टीम ने शराब की दुकान पर छापा मारा। आरोप है कि तत्काल पेपर न दिखा पाने पर वहीं पास में खड़ी मेरी बाइक जो पिता जी के नाम पर रजिस्टर है, पुलिस उसे भी थाने पर उठा ले गई। पुलिस कर्मियों ने कहा कि कल सुबह थाने पर आना, गाड़ी का पेपर दिखाकर ले जाना। आरोप है कि पीड़ित अगले दिन 18 मार्च को अपने दो साथियों के साथ थाने पर मोटरसाइकिल लेने गया और पेपर दिखाने पर एक सादे पेपर पर साइन करवाकर मोटरसाइकिल मुझे सौंप दी गई। फिर मैं अपने दुकान पर आकर अपने दिनचर्या के काम अंडा बेचने के काम पर लग गया। बाद में पता चला कि पुलिस ने उसका चाकू रखने के जुर्म में चालान कर दिया है। इस तरह से पुलिस द्वारा फसाये गए फर्जी आरोप से मुक्त दिलाने की मांग पुलिस अधीक्षक से राजकुमार ने किया है। जोगिया पुलिस द्वारा फर्जी तरीके से ग्रामीणों को फंसाने के मामले को लेकर विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश मंत्री अधिवक्ता अखण्ड प्रताप सिंह ने भी एसपी को को ज्ञापन दिया है।

सार-संक्षेप

### विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक संपन्न

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** बर्डपुर ब्लॉक क्षेत्र के समस्त नोडल शिक्षक, प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों की बैठक बुद्ध विद्यापीठ इंटर कॉलेज में हुई। इसमें प्रबंध समिति के अध्यक्ष, प्रधानाध्यापक के कार्य एवं दायित्वों के बारे में विस्तार से प्रशिक्षक मशहूर आलम, शफीक अहमद, अशोक चौधरी एवं संदीप प्रभाकर ने जानकारी दी। कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय काशीपुर के विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अंब्रिश चौधरी ने विद्यालय की पढ़ाई, लिखाई, साफ-सफाई, रंगाई पुताई की तारीफ कर शिक्षकों की कमी का हवाला देते हुए प्रत्येक विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक के व्यवस्था की मांग की। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राजकुमार ने संचारी रोग के लक्षण उसके बचाव के बारे में बताया। बीईओ अरुण कुमार ने सभी शिक्षकों को जानकारी दी। इस दौरान पर बुद्धिराम, बलवंत चौधरी, शमसुल हक, भारत प्रसाद, महीउद्दीन, केशव मणि, सुशील कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### अहाते से मवेशी चोरी, पुलिस को दी तहरीर

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।** थाना शोहरतगढ़ क्षेत्र के महला चौराहे के पास एक घर के अहाते में बंधे मवेशी चोरी हो गए। पीड़ित ने चौकी प्रभारी खुनुवां को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ओम प्रकाश ने बताया कि खुनुवां बार्डर डेवलपमेंट सड़क के पास उसका मकान है। बीते सोमवार की रात अहाते का ताला तोड़कर वहां बंधी भैंस, पड़िया और एक पड़वा चुरा हो गए। इस सम्बन्ध में चौकी प्रभारी जगत नारायण यादव ने कहा कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

### बसपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ के मड़वा चौराहे पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की ओर से सेक्टर स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें 7 अप्रैल को होने वाले जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी भी की गई और जिम्मेदारी बांटी गई। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी सत्येंद्र कुमार गौतम ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ता तैयार रहें। गांव-गांव जाकर पूर्ववर्ती बसपा सरकार में कराए गए जनहित के कार्यों को बताएं। जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र गौतम ने कहा कि कार्यकर्ता अपने सारे कामों को छोड़कर पार्टी के प्रत्याशी को जिताने में लगें। विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष शमीम अहमद ने कहा कि हम सब मिलकर हर बूथों पर टीम बनाकर चुनाव में बसपा का परचम लहराना है।

### नगर आयुक्त ने नाला निर्माण का लिया जायजा

**गोरखपुर, अमृत विचार।** नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने गोपालपुर शिवमंदिर के पास निर्माणाधीन सड़क एवं नाला का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य अभियंता संजय चौहान, अधिशासी अभियंता अशोक कुमार भाटी, सहायक अभियंता एनडी पांडेय व अन्य उपस्थित थे। बता दें कि नगर निगम गोरखपुर द्वारा गोपालपुर शिवमंदिर रोड पर बारिश के दौरान जलजमाव की समस्या हो जाती है। जिससे निजात दिलाने के लिए वार्ड संख्या 19 गोपालपुर एवं वार्ड नंबर 56 रघुपति सहाय फिराक नगर में कुल 800 मीटर सीसी सड़क एवं 870 मीटर नाला का निर्माण कराया जा रहा है। नगर आयुक्त ने सड़क के दोनों तरफ एंड टू एंड नाला निर्माण कराने के लिए निर्देशित किया। साथ ही दो या तीन जगह पर एक साथ निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए निर्देशित किया गया।

### महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे करेंगी तरणताल के सत्र का उद्घाटन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे एवं संरक्षक, पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ सौम्या माथुर बुधवार को शाम सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम स्थित तरणताल के नये सत्र का उद्घाटन करेंगी। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक डीके सिंह, अध्यक्ष/नरसा एससी श्रीवास्तव, प्रमुख विभागाध्यक्ष, महासचिव/नरसा पंकज कुमार सिंह, वरिष्ठ रेल अधिकारी, खिलाड़ी एवं तैराक उपस्थित रहेंगे। तरणताल के नये सत्र के उद्घाटन से रेलवे सहित स्थानीय तैराकों को अभ्यास के साथ ही नवोदित तैराकों को सीखने की सुविधा उपलब्ध होगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### जलना-छपरा-जलना विशेष गाड़ी के संचालन अवधि में किया गया विस्तार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में हो रही यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्री जनता की सुविधा हेतु पूर्व से चलाई जा रही 07651/07652 जलना-छपरा-जलना विशेष गाड़ी के संचालन अवधि में विस्तार किया है। फलस्वरूप जलना से प्रत्येक बुधवार को चलाई जा रही 07651 जलना-छपरा विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार 26 जून तक, छपरा से प्रत्येक शुक्रवार को चलाई जा रही 07652 छपरा-जलना विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार 28 जून तक किया गया हैं। इस गाड़ी में एस.एल.आर. के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 18 कोच लगाये जा रहे हैं।



### 'भारत-नेपाल एवं उत्तर प्रदेश-बिहार समन्वय बैठक आयोजित

**गोरखपुर, अमृत विचार।** आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर महाराजगंज में आयोजित 'भारत-नेपाल एवं उत्तर प्रदेश-बिहार समन्वय बैठक किया गया। जिसमें एडीजी जोन द्वारा नेपाल राष्ट्र एवं बिहार राज्य के संबंधित अधिकारियों के साथ आपसी समन्वय के विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में गोरखपुर बस्ती मंडल के सभी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक भी मौजूद रहे।

कथा — बर्डपुर कस्बे में निवर्तमान ग्राम प्रधान विनीता यादव के कान्हा भवन पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा

# श्रीकृष्ण का जन्म होते ही खुशी से झूमने लगे श्रद्धालु

सिद्धार्थनगर



बाल गोपाल की पूजा करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पंचायत कपिलवस्तु के बर्डपुर कस्बे में निवर्तमान ग्राम प्रधान विनीता यादव पत्नी ओम प्रकाश यादव के कान्हा भवन पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञान महायज्ञ के चौथे दिन श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। कथा के दौरान जैसे गोपाल का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की... के उद्घोष से गूंज उठा। जन्मोत्सव में मौजूद श्रद्धालु खुशी से नाचने लगे। खूब आतिशबाजी हुई। श्रीकृष्ण की बाल स्वरूप में सजे बालक के दर्शन के लिए लोग लालायित हो उठे। बाल गोपाल को 56 भोग लगाया गया।

कथा सुनाते हुए श्रीधाम अयोध्या से आए हुए विद्वान आचार्य शिव भूषण मिश्र ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई, चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया। इस अवसर पर उन्होंने श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया। हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी/डुमरिया गंज के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं सदर विधायक श्याम धनी राही द्वारा व्यास मंच पर आरती किया गया। इस अवसर पर श्रीमद भागवत कथा की मुख्य यजमान सरस्वती देवी पत्नी पूर्व विधायक स्व. राम रेखा यादव, विनीता यादव, रेखा चौरसिया, सुमन चौरसिया, सुधा, ओम प्रकाश यादव, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश ओझा, विशेश्वर प्रसाद अग्रहरी, जय प्रकाश सिन्हा, गोविंद मिश्र, अतुल दूबे, संदीप तिवारी, फूल चंद्र शास्त्री, अमित शास्त्री, कल्पनाथ शास्त्री, ठाकुर जी झांकी ग्रुप श्रीधाम वृन्दावन, गिरधारी लाल, चंद्रिका कसौधन, राम प्रसाद चौरसिया, राजेश्वरी यादव, सरिता यादव, वेद प्रकाश, सुमित, हर्ष, विजय कुमारी, आकाश मोदनवाल,सत्य प्रकाश मद्धेशिया, राम गोपाल, अर्जुन मद्धेशिया, रवि वर्मा, दीपक चौरसिया, राज कुमार, डा.नवीन श्रीवास्तव, श्रवण मोदनवाल, तेजू जायसवाल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित होकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया तथा श्री कृष्ण के जन्मोत्सव को धूम से मनाया।

# मैहर स्टेशन पर ट्रेनों का अतिरिक्त 5 मिनट का अस्थाई ठहराव होगा

गोरखपुर

## नवरात्र मेला के चलते लिया गया निर्णय



**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र मेला पर रेलवे प्रशासन द्वारा श्रद्धालु यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 9 से 23 अप्रैल तक गाड़ियों का अतिरिक्त 5 मिनट का अस्थाई ठहराव मैहर स्टेशन पर प्रदान किया गया है।

इन गाड़ियों में 11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस, 11059 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा त्रैसाप्ताहिक एक्सप्रेस, 12669 चेन्नई-छपरा द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस, 19051 वलसाड-मुजफ्फरपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस, 18201 दुर्ग-नौतनवा द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस, 11037 पुणे-गोरखपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस, 18610 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रांची साप्ताहिक एक्सप्रेस, 22131 पुणे-बनारस साप्ताहिक एक्सप्रेस, 19045 सूरत-छपरा एक्सप्रेस, 11056 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, 11060 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस त्रैसाप्ताहिक एक्सप्रेस, 12670 छपरा-चेन्नई द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस, 19052 मुजफ्फरपुर-वलसाड साप्ताहिक एक्सप्रेस, 18202 नौतनवा-दुर्ग द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस, 11038 गोरखपुर-पुणे साप्ताहिक एक्सप्रेस, 18609 रांची-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस, 22132 बनारस-पुणे साप्ताहिक एक्सप्रेस, 19046 छपरा-सूरत एक्सप्रेस शामिल है। यह सभी ट्रेनें मैहर स्टेशन पर अतिरिक्त 5 मिनट का अस्थाई ठहराव देकर चलाई जाएंगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## एक नजर

### शांतिपूर्ण मतदान के लिए फ्लैग मार्च जारी

**बलरामपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव में निष्पक्ष में शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स का फ्लैग मार्च जारी है मंगलवार को पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स में जिले के संवेदनशील मतदान केंद्रों पर फ्लैग मार्च किया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। एसपी केशव कुमार ने जनपद के नागरिकों से अपील है कि बच्चों एवं नवयुवकों को जागरूक करें। कि किसी भी तरह की भ्रामक खबर शेयर न करें जिससे किसी भी धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचे। बलरामपुर पुलिस द्वारा सतत निगरानी की जा रही है किसी भी प्रकार की कोई समस्या या असुविधा होने पर तत्काल डायल-112 सम्बन्धित थाना व चौकी पर सूचना दें।

### मतदान से दो दिन पूर्व मतदाता पर्ची उपलब्ध कराएं बीएलओ

**संतकबीरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर ने जारी प्रेस बयान के माध्यम से बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग ने बीते 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दिया है। निर्वाचन आयोग लखनऊ के द्वारा 1 अप्रैल को आहूत वीसी में निर्देश दिया गये हैं कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में प्रतिभाग करने वाले मतदाताओं को अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार के माध्यम से यह अवगत कराया जाय कि सभी मतदाता अपने क्षेत्र के मतदान दिवस 25 मई से पूर्व अपने बीएलओ से मतदाता वोटर पर्ची और मतदाता वोटर गाइड हर परिवार के मुखिया को उपलब्ध करा दिया जाय। जिससे मतदान के समय कोई असुविधा न हो और कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रहे। ऐसे में सभी बीएलओ अपने क्षेत्र के हर मतदाता को मतदान से दो दिन पूर्व ही मतदाता पर्ची हर हाल में उपलब्ध करा दें।

### चेयरमैन बखिरा पर निजी जमीन पर निर्माण का आरोप

**संतकबीरनगर।** नगरपंचायत बाघनगर उर्फ बखिरा के चेयरमैन पर जबरन एक व्यक्ति की निजी जमीन पर हाईमास्ट लाइट के लिए फाउंडेशन निर्माण कराने का आरोप लगा है। जमीन मालिक बालकृष्ण ने डीएम से मिलकर और मुख्यमंत्री पोर्टल पर आनलाइन शिकायत दर्ज कराने के साथ ही मेंहदावल पुलिस को भी शिकायती पत्र सौंपा है। उसने बताया कि नगरपंचायत के लेडुआ-महुआ स्थित झुगिया टोला में उनकी निजी जमीन है। बगल में नगर पंचायत की सार्वजनिक जमीन भी उपलब्ध है। लेकिन चेयरमैन मोहम्मद आमिर अंसारी द्वारा उनकी निजी जमीन पर जबरन हाईमास्ट लाइट के लिए पोल का फाउंडेशन तैयार कराया जा रहा है।

# मेले में नेपाल सीमा पर रखें कड़ी नजर : कमिश्नर

## डीआईजी और कमिश्नर ने परखी मेले की तैयारी, दिए आवश्यक निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर


देवीपाटन शक्तिपीठ तुलसीपुर में नवरात्र मेले की महंत के साथ तैयारी बैठक करते कमिश्नर व डीआईजी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** 9 अप्रैल से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्रि मेल को सुचारू एवं भव्य रूप से संपन्न कराए जाने हेतु महंत देवीपाटन मंदिर मिथिलेश नाथ योगी, आयुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र, डीआईजी एपी सिंह, डीएम अरविंद सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में सुचारू एवं भव्य रूप से चैत्र नवरात्रि के मौके पर लगने वाले देवीपाटन मेल को संपन्न कराए, जाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, साफ सफाई, पेयजल व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, सड़कों की कनेक्टिविटी, प्रकाश की व्यवस्था, सुलभ शौचालय की व्यवस्था आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों द्वारा पूर्ण की गई तैयारियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पूरा देवीपाटन मंदिर परिसर 2 जोन एवं 7 सेक्टर में विभाजित किया गया है। जून का प्रभारी क्षेत्राधिकार एवं सेक्टर का प्रभारी इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस अधिकारियों को बनाया गया है। मेले में पर्याप्त पुलिस बल की तनाती की जाएगी। पूरे मेले में 64 सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से प्रत्येक मार्ग किनारों की निगरानी की जाएगी।

बैठक में डीएम ने कहा कि इस वर्ष फसल जल्दी कटने, श्रीरामलला मंदिर अयोध्या से मां पाटेश्वरी धाम की कनेक्टिविटी बेहतर होने से पिछले वर्षों की तुलना में तीन गुना श्रद्धालुओं की आने की संभावना है। इसके लिए सभी विभागों के अधिकारी तीन गुना क्षमता के साथ अपनी तैयारी पूर्ण करें। सभी इसे एक सुनहरे अवसर के रूप में ले, अपने कार्य क्षमता का बेहतर उपयोग करते हुए भव्य रूप से मेले को संपन्न कराए। उन्होंने कहा कि चैत्र नवरात्रि पर तृतीया, पंचमी एवं अष्टमी का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस दिन भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं इसके लिए आवश्यक है कि यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, साफ सफाई की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था अत्यंत चुस्त दुरुस्त रखी जाए। पंचमी के दिन पीर रतन बाबा से निकलने वाले शोभायात्रा को लेकर भी समस्त तैयारियां पूर्ण कर ले। मेले को सकुशल रूप से संपन्न कराए जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी को नोडलअधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी न्यायिक को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

डीएम ने अपील किया कि देवीपाटन मेले में श्रद्धालु ट्रैक्टर एवं ट्राली से कदापि न आए, ट्रैक्टर ट्राली से हादसों की संभावना बनी रहती है। मां पाटेश्वरी का दर्शन करने वाले श्रद्धालु सुरक्षित वाहनों से आए एवं आशीर्वाद प्राप्त करें।

बैठक में आयुक्त देवीपाटन मंडल ने कहा कि इस वर्ष श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए, सभी संबंधित अधिकारी अपनी तैयारियां पूर्ण कर लें। जनपद की अंतर्राष्ट्रीय सीमा होने के दृष्टिगत नेपाल सीमा पर विशेष निगरानी रखी जाए। गर्मी के दृष्टिगत पेयजल एवं ओआरएस घोल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी प्रमुख मार्गों के एंट्री एवं एग्जिट प्वाइंट पर सीसीटीवी कैमरे आज ही लगाया जाए। सभी अधिकारी आपस में बेहतर सामंजस्य के साथ अब तक का सबसे भव्य मेला संपन्न कराए।

### श्रद्धालुओं को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

देवीपाटन मेले को भव्य रूप मिले इसके लिए डीएम द्वारा विशेष प्रयास किए गए जिसके फलस्वरुप शासन द्वारा राजकीय मेला देवीपाटन मेले के बजट में डेढ़ गुना की वृद्धि की गई। इससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को मां पाटेश्वरी के आशीर्वाद के साथ-साथ उनकी भव्यता का भी एहसास होगा। डीएम के शासन स्तर से निरंतर पत्राचार एवं विशेष प्रयासों से शान द्वारा मेला स्पेशल एसडीएम नियुक्त किया गया है।

इस अवसर पर महंत देवीपाटन मंदिर श्री मिथिलेश नाथ योगी जी द्वारा तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव एवं मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर डीआईजी अमरेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड, निर्माण खंड, डीपीआरओ, अधिशासी अधिकारी तुलसीपुर व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचारियों की शरण में केजरीवाल : साकेत


जिला भाजपा कार्यालय अटल भवन मे पत्रकारों को संबोधित करते साकेत मिश्रा।

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिन भ्रष्टाचारियों को केजरीवाल जेल भिजवाने की बात कहते थे आज उन्हीं के गोद में बैठ गए हैं।उन्हीं पार्टियों के साथ गठबंधन करके भाजपा को हराने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। केजरीवाल देश की जनता को गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। यह बातें अटल भवन कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में श्रावस्ती लोकसभा भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्रा ने कही।

अटल भवन जिला भाजपा कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। भाजपा प्रत्यशी साकेत मिश्र ने कहा कि अगर झूठ बोलने का कोई कंपटीशन होगा तो उसमें केजरीवाल पहले पायदान पर रहेंगे। लोक सभा संयोजक शंकर दयाल पाण्डेय ने कहा कि ठगबंधन को चस्मा उतारकर देखना चाहिए कि देश की जनता विकास को प्राथमिकता दे रही है। पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जनता ने ठान लिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि विपक्ष अपने नेताओं के घोटालों को मानने को तैयार नहीं है। वह मोदी से सिर्फ नफरत करते हैं। परिवार, पैसा व जेल से बचने के लिए विपक्ष एकजुट हुआ है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, विधानसभा सदर संयोजक डा. प्रांजल त्रिपाठी, जिला महामंत्री रवि मिश्रा, पूर्व जिला महामंत्री डा. अजय सिंह पिंकू, जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरुण, मनीष शुक्ला, अवधेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# थाने की जमीन हड़पने के मामले में पूर्व विधायक के भाई गिरफ्तार

- पूर्व विधायक को उनके भाई समेत कई लोगों पर पुलिस ने दर्ज किया है मुकदमा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** कूटरचित दस्तावेज तैयार कर थाने की जमीन को मजार के नाम दर्ज करा कर हड़पने वाले भू माफिया पूर्व सपा विधायक आरिफ अनवर हाशमी के भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है ।हाई कोर्ट के निर्देश पर बीते दिन उतरौला एसडीएम के आदेश पर पुलिस ने इस मामले में पूर्व विधायक, उनके भाई, परिजन में चार अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था।

बताते चलें कि वर्ष 2013 में पूर्व विधायक ने सादुल्लाह नगर थाने की 18 डिसमिल जमीन को अपने रसूख के दम पर मजार के नाम दर्ज करा दिया था और अपने भाई मारूफ अनवर हाशमी को उन्होंने मजार का मुतवल्ली भी बनवा दिया था। मारूफ हाशमी पूर्व जिला पंचायत सदस्य भी रह चुके हैं। दिसंबर 2023 में हाईकोर्ट लखनऊ बेंच ने एसडीएम उतरौला को प्रकरण में जांच व कार्रवाई का आदेश दिया था। गत मार्च में एसडीएम में मजार की जमीन को अवैध घोषित करते हुए उसे मूल नवैयत में वापस करने का आदेश दिया था ।तथा थिना सादुल्लाह नगर पुलिस को दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया था ।गत एक अप्रैल को पुलिस ने मामले में पूर्व सपा विधायक आरिफ अनवर हाशमी उनके भाई मारूफ अनवर हाशमी, परिजन तथा मजार की कमेटी में शामिल चार अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था। एसपी केशव कुमार के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक थाना सादुल्लाह नगर बी एन सिंह ने पूर्व विधायक के भाई मारूफ अनवर हाशमी को गिरफ्तार कर लिया है ।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार विधायक के भाई को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# मतदाताओं को जागरूक करना उद्देश्य : सीडीओ

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देश पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन में आगामी 25 मई को छठें चरण का मतदान होना है। जनपद में मतदान का प्रतिशत बढ़ाये जाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी के अन्तर्गत मतदान के प्रति आम जनमानस को जागरूक और उत्साहित करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जनपद मुख्यालय स्थित कांशीराम स्टेडियम से शुरू हुई मतदाता जागरूकता रैली समय माता मन्दिर तक तथा समय माता मन्दिर से वापस स्पोर्टस स्टेडियम भ्रमण कर मतदाता जागरुकता के लिए "रन फार वोट" रैली निकाली गयी। रैली में स्टेडियम के लगभग 150 खिलाड़ी, युवा कल्याण विभाग के लगभग 50 सदस्यों के साथ कुल 200 लोगों ने प्रतिभाग किया। रैली में बैंड और क्षेत्रीय लोक संगीत के माध्यम से मतदाता जागरुकता सम्बन्धी प्रचार-प्रसार किया गया। इस अवसर पर जनपद की स्वीप एम्बेसडर पर्वतारोही रजनी सॉव, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार मिश्र, जिला क्रीड़ा अधिकारी दिलीप कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आराधना द्विवेदी शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### रसायन विज्ञान के ज्ञान का वृहद स्तर पर व्यसायीकरण संभव

**बलरामपुर।** महारानी लाल कुंवारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में मंगलवार को "आइडिया की शुरुआत से लेकर उत्पाद व्यावसायीकरण तक रासायनिक अनुसंधान का परिदृश्य" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस विषय के मुख्य वक्ता डॉ फरहान अहमद पाशा जो सऊदी बेसिक इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन के अनुसन्धान एवं विकास सेल, किंग अब्दुल्ला युनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के अध्यक्ष रहे हैं ।डॉ पाशा ने बताया कि इंडस्ट्री और एकेडिमिया साथ-साथ चलते हैं और एक दूसरे पर निर्भर हैं। उन्होंने तकनीकी अर्थशास्त्र और व्यवसाय से जुड़े कई मानकों तथा इंडस्ट्रीज के लिए अच्छा रिसर्च प्रपोजल बनाने के बारे में बताया ।उन्होंने छात्रों को एनर्जी एफिशिएंट ज़ीरो कार्बन फुटप्रिंट के बारे में बताया। बताते चलें कि डॉक्टर फरहान पाशा पूर्व में महाविद्यालय के छात्र रह चुके हैं। उन्होंने एमएससी की पढ़ाई इसी महाविद्यालय के रसायन विज्ञान से की है। डॉक्टर पाश ने अपना शोध कार्य इस महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य एवं प्रतिष्ठित वैज्ञानिक डॉ पी पी सिंह के निर्देशन में किया है। रसायन विज्ञान विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर आर के सिंह ने डॉ फरहान पाशा का स्वागत किया तथा इस व्याख्यान के लिए समय निकालने के लिए उनको धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रो. एम अंसारी, डॉ सुनील कुमार मिश्र, डॉ बसंत कुमार, डॉ ऋषि रंजन पाण्डेय, डॉ जितेंद्र कुमार, डॉ अमित वर्मा, सुश्री साक्षी शर्मा, डॉ अरूण कुमार, डॉ आदिल खान,गौरी पूरी, प्रियंशु मिश्र, आशुतोष सिंह सहित भारी संख्या में स्नातक एवं परास्नातक के छात्र उपस्थित रहे।

### सीएचसी अधीक्षक ने दलालों पर कार्रवाई के लिए सौंपी तहरीर

**मेंहदावल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदावल के कर्मचारियों की मेहरबानी से दलालों का दबदबा बरकरार है। यहां लगातार दलालों द्वारा मरीजों के शोषण का मामला प्रकाश में आता रहा है। चिन्हित किए गए 16 दलालों के खिलाफ कार्यवाही के लिए सीएचसी अधीक्षक ने मेंहदावल पुलिस को तहरीर सौंप दिया। लेकिन उन डॉक्टरों के विरुद्ध कार्यवाही का पत्र नहीं लिखा जो प्रतिदिन बाहर की दवा लिख कर गरीब मरीजों का खुलेआम शोषण करने में जुटे हैं। स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक ने मेंहदावल पुलिस को 16 दलालों को चिह्नित कर तहरीर सौंपी है। तहरीर भी संदिग्ध प्रतीत हो रही है। क्योंकि उस सूची में कुछ प्रमुख दलालों का नाम शामिल नहीं है। सूची में कुछ ऐसे लोगों का नाम है जो वर्षों से यहां दिखाई ही नही दे रहे हैं। बताते चलें कि नवंबर माह में पुलिस ने छापा मारकर दो दलालों को पकड़ा भी था। जिनके विरुद्ध कार्रवाई भी हुई थी। उसके बाद 13 दिसम्बर को मेंहदावल अधीक्षक आईडी गौरव ने 15 दलालों की सूची पुलिस को सौंपी थी। लेकिन पुलिस ने केवल कोरम ही पूरा किया था। उसके बाद स्थिति जस की तस बनी रही। इस समय इस केंद्र से जुड़े दलाल पुलिस की रडार पर हैं। देखने की बात यह है कि अब इस पर क्या कार्यवाही होगी। हालांकि मंगलवार की दोपहर से ही प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम अस्पताल में जमी थी, लेकिन कोई दलाल अस्पताल के आसपास भी नहीं दिखे ।अधीक्षक आईडी गौरव ने कहा कि डॉक्टरों को भी बाहर से दवा न लिखने का सख्त आदेश है। अगर दवा बाहर से लिखी गई तो कार्यवाही होगी।

### स्थानांतरित बीडीओ से आवास खाली कराने के लिए नोटिस चस्पा

**मेंहदावल।** इन दिनों मेंहदावल विकास खंड में बने बीडीओ आवास में स्थानांतरित बीडीओ सुरेश चन्द्र मौर्य जबरन कब्जा किए हैं। स्थानांतरित बीडीओ से आवास खाली करने के लिए जिला विकास अधिकारी ने मेंहदावल विकास खंड अधिकारी आवास पर नोटिस चस्पा कराया है। इस बात को लेकर ब्लॉक में हड़कंप मच गया है। अगर स्थानांतरित बीडीओ आवास नहीं छोड़े तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई हो सकती है। विदित हो कि जिलाधिकारी के आदेश पर तीन सप्ताह पूर्व मेंहदावल विकास खंड से बीडीओ सुरेश मौर्य का तबादला सेमरियांवा ब्लॉक में हुआ था। लेकिन स्थानांतरित खंड विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र मौर्य का मेंहदावल ब्लाक से मोह माया नहीं छूट रही है। इसी का परिणाम है कि उनका तबादला होने के बावजूद मेंहदावल ब्लाक के खंड विकास अधिकारी आवासीय भवन में इन दिनों कब्जा जमाये बैठे हैं। उनका तबादला सेमरियांवा ब्लॉक में होने के बावजूद वे मनमानी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। वहीं मेंहदावल ब्लाक में वर्तमान समय में तैनात कर्मियों को रात्रि विश्राम व आफिस में सरकारी कागजात रखने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।मेंहदावल ब्लाक में तैनात कई कर्मचारी सरकारी आवास न मिलने से किराए का मकान लेकर गुजारा कर रहे हैं। आलम यह है कि मौजूदा समय में मेंहदावल ब्लाक में तैनात कर्मचारी रात्रि निवास करने व सरकारी अभिलेखों को सुरक्षित रखने के लिए काफी परेशानी झेल रहे हैं।

# महिला की मौत मामले में झोलाछाप गिरफ्तार


बलरामपुर के रेहरा बाजार थाने में गिरफ्तार किया गया झोलाछाप।

**बलरामपुर, अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से फलफूल रहे तथाकथित झोलाछाप डाक्टर मरीजों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। गत 31 मार्च को रेहराबाजार के पकड़ी भुवांरि गांव में झोलछाप ने 25 वर्षीया संजू को पेट दर्द की शिकायत होने पर तीन इंजेक्शन लगा दिए। महिलि के मुंह से झाग निकलने लगा और मौके पर ही मौत हो गई। मृतका के पति लक्ष्मणपुर बंजरिया निवासी विनोद वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर झोलाछाप राजाबाबू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि विनोद की पत्नी संजू देवी पकड़ी भुंवारि गांव स्थित अपने मायके में थी। 31 मार्च को उसके पेट में तेज दर्द होने लगा। वह दवा लेने के लिए राजाबाबू की क्लीनिक पर गई। उसने दवा मांगी तो राजाबाबू ने इंजेक्शन लगाया। संजू वहीं बैठ गई। 10 मिनट में आराम न होने पर उसने पुनः राजाबाबू से दर्द होने की बात कही। राजाबाबू ने उसे लगातार दो इंजेक्शन और दिए। इंजेक्शन लगते ही संजू की हालत बिगड़ गई। उसके मुंह से झाग निकलने लगा। देखते ही देखते संजू की मौत हो गई। पति विनोद की तहरीर पर एक अप्रैल को रेहराबाजार थाना में गैर इरातदन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। मंगलवार को पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### हीट वेव से बचने के बताए उपाय

**बलरामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि मौसम विज्ञान विभाग ने इस साल गर्मी को लेकर चेतावनी जारी की गई है। उन्होंने बताया है कि इस साल अप्रैल से लेकर जून तक भयंकर गर्मी पड़ने वाली है ।गर्मी से संबंधित बीमारियों से बचने के नागरिकों को सलाह है कि वे प्रचंड गर्मी के दौरान अधिक प्रोटीन वाला भोजन लेने से बचें ।इसके अलावा लोगों से तेज धूप में खासकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच में बाहर नहीं निकलें। सीएमओ ने बताया कि हीट वेव से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए ,भले ही प्यास न लगी हो ।लोगों को ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन (ओ आर एस), घर में निर्मित पेय पदार्थ जैसे कि नींबू-पानी, दही, छाछ, लस्सी, नमक के साथ फलों के जूस का उपयोग करने के लिए कहा गया है ।इसके अलावा घर में हवादार और ठंडे स्थान पर रहने की सलाह दी गई है ।सीएमओ ने कहा कि ताजे फलों जैसे कि तरबूज, ककड़ी, नींबू, संतरा का सेवन करें। हलके रंग के पतले-ढीले सूत्री वस्त्र पहनें ।लोगों को बाहर नंगे पैर नहीं निकलने और खुली धूप में जाते समय छाता, टोपी, तौलिया या किसी अन्य पारंपरिक चीज से सिर को ढकना चाहिए। सीएमओ ने बताया कि लोगों को 'गर्मी जनित तनाव' (हीट स्ट्रेस) के लक्षणों पर नजर रखें ।

# पांच थारू जनजाति ग्रामों के भाई बहनों का 75 वर्षों का इंतजार खत्म

- डीएम ने पांच थारू वनग्रामों मे जारी की चकबंदी की अधिसूचना
- डीएम की चेतावनी, थारू भाई-बहनों को नाजायज परेशान करने वालों पर होगी कार्यवाही

**बलरामपुर, अमृत विचार।** आजादी के पचहत्तर सालों बाद जिले के पांच थारू ग्रामों के भाई बहनों का वनवास खत्म होने जा रहा है। पांचों ग्रामों के थारू भाई बहन अब मुख्य धारा में आ जाएंगे ।उन्हें जल्द ही भूमि का अधिकार सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

बताते चलें कि जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने तहसील तुलसीपुर अन्तर्गत पांच थारू ग्रामों बड़का भुकुरूवा, छोटका भुकुरूवा (भवानीपुर), कंचनपुर, भरिहवा तथा अकलघरवा में धारा-4(2) के तहत चकबन्दी प्रक्रिया प्रारम्भ करने के लिए विगत माह से शासन स्तर पर प्रयास शुरू किए थे। सफलता मिलने के बाद डीएम ने अधिसूचना पर हस्ताक्षर कर चकबन्दी अधिकारी को आदेश जारी कर दिये है। एसडीएम तुलसीपुर को समस्त राजस्व अभिलेख चकबन्दी विभाग को हस्तगत करने के आदेश दिए हैं।

बताते चलें कि आजादी के 75 साल बाद भी इन पांचों थारू ग्रामों में कभी भी चकबन्दी नहीं हुई जिसके कारण यहां के लोग भूमि अधिकारों तथा तमाम योजनाओं से वंचित रहे। थारू जनजाति की विशेष पहचान एवं ऐतिहासिक धरोहरों वाले जनपद में पांचों ग्रामों के लोग मूल अधिकारों से वंचित रहे। जिलाधिकारी ने एक ओर जहां जनपद में बड़े प्रोजेक्ट्स पर फोकस किया तो वहीं दूसरी ओर अति पिछडे. जनपद का दंश झेल रहे जिले में थारू जनजाति के उत्थान के लिए भी विशेष प्रयास विगत दिनों में शुरू किये। जिसके परिणाम स्वरूप चकबन्दी आयुक्त द्वारा अधिसूचना जारी करते हुए पांचों ग्रामों मे चकबन्दी कराने का आदेश निर्गत कर दिया जिसके क्रम में जिलाधिकारी ने अपने हस्ताक्षर से चकबन्दी बन्दोबस्त अधिकारी को चकबन्दी प्रक्रिया शीघ्र प्रारम्भ करने तथा एसडीएम तुलसीपुर को आदेश दिए हैं कि वे पांचों ग्रामों के राजस्व अभिलेख चकबन्दी विभाग को तत्काल उपलब्ध करा दें। जिलाधिकारी ने पांचों ग्रामों में निवास करने वाले थारू जनजाति परिवारों को इस बड़ी उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

भूमि अधिकार मिलने के बाद थारू जनजाति के लोग लाभार्थीपरक योजनाओं से लाभान्वित होगें जिससे इन ग्रामों के लोगों को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया हो सकेंगीं और उनका सामाजिक, आर्थिक व शैक्षिक स्तर सुधरेगा। जिलाधिकारी बताया कि वे लोक सभा चुनाव के बाद थारु एरिया में स्वयं कैम्प करेंगे और परीक्षण करेंगे कि सरकार की सभी सुविधाएं थारु भाई बहन और माताओं को मिलें।

**आयोजन** — राष्ट्रीय ईएमटी दिवस पर सम्मानित किए गए कर्मी

# स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे ईएमटी : सीएमओ


बलरामपुर में सीएमओ द्वारा सम्मानित ईएमटी। अमृत विचार

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज बलरामपुर शाखा द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय ईएमटी दिवस मनाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि सभी ईएमटी स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। एम्बुलेंस सेवा इनके द्वारा बखूबी संचालित की जा रही है।

इनके द्वारा निष्ठा, मेहनत, ईमानदारी और समर्पण भाव के साथ सेवाओं को आम जनमानस तक पहुंचाई जा रही है। संकट के समय में महत्वपूर्ण चिकित्सा देखभाल प्रदान करने और जीवन बचाने की ईएमटी की प्रतिबद्धता बलरामपुर जनपद की आम जनता को आकस्मिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए सराहनीय है। आज के दिन, सेवाओं के प्रति ईएमटी के अटूट समर्पण और निःस्वार्थ भाव के साथ किए जा रहे कार्यों का सम्मान करते हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ईएमटी को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर प्रोग्राम मैनेजर सचिन राज, जिला प्रभारी लीलाधर तिवारी, राघवेंद्र, ईमटी बृजेश तिवारी, ओम प्रकाश, कंचन पाठक, रेखा यादव इत्यादि मौजूद रहे।

### सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण, 44 अनुपस्थित

**मेंहदावल।** सीएचसी मेंहदावल के चिकित्सकों और कर्मचारियों की लगातार मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने सीएमओ रामानुज कन्नौजिया को सीएचसी मेंहदावल का औचक निरीक्षण करने का कड़ा निर्देश दिया। डीएम से मिले निर्देश के बाद मंगलवार की सुबह 9 बजे सीएमओ सीएचसी मेंहदावल पहुंचे। निरीक्षण के दौरान अस्पताल पर तैनात 44 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इस लापरवाही देखते ही सीएमओ के ही होश उड़ गए। उन्होंने कहा कि इतनी लापरवाही तो मैंने आज तक नहीं देखी थी। अस्पताल कर्मी अपनी मर्जी के हिसाब से ड्यूटी कर रहे हैं। उनपर शासनादेशों का कोई मतलब ही नहीं रह गया है। उन्होंने बताया कि सभी अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा।

### साहसिक कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को किया पुरस्कृत



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने विभिन्न मामलों में सराहनीय और साहसिक योगदान करने वाले पुलिस कर्मियों के बीच तीन लाख बीस हजार से ज्यादा की रकम वितरित कर पुलिस कर्मियों का दिल जीत लिया। पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यालय पर सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों निरीक्षक दीपक दूबे को 2500 रुपए, निरीक्षक अजय कुमार सिंह को 1600, निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव को 85 हजार 600 रुपए, निरीक्षक राकेश कुमार मिश्र को 15 हजार, उप निरीक्षक रामप्रवेश यादव को 10 हजार 500 रुपए, उप निरीक्षक बृजमोहन सिंह को 4 हजार, उप निरीक्षक अमित कुमार कुशवाहा को 2 हजार, मुख्य आरक्षी बृजकिशोर गुप्ता को 25 हजार 800 रुपए, मुख्य आरक्षी कयूम अंसारी को 6 हजार, मुख्य आरक्षी प्रदीप कुशवाहा को 9 हजार, आरक्षी अनिल साहनी को 16 हजार, आरक्षी अरविन्द यादव को 8 हजार, आरक्षी दीपक सिंह को 17 हजार, आरक्षी सर्वेश कुमार मिश्र को 17 हजार, कम्प्यूटर आपरेटर अहमद रजा को 3500 रुपए, महिला आरक्षी ललिता देवी को 500, महिला आरक्षी प्रियंका को एक हजार, महिला आरक्षी निहारिका पाण्डेय को 500 रुपए समेत कुल 98 पुलिस कर्मियों को 3 लाख 20 हजार 600 रुपए की पुरस्कार राशि से पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

# रायबरेली से चुनाव लड़ सकतीं हैं प्रियंका गांधी, अमेठी में संशय बरकरार

## 15 अप्रैल के बाद कांग्रेस कर सकती है उनके नाम की घोषणा

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार :** गांधी परिवार के गढ़ रायबरेली में 'दादी' और 'मां' की राजनीतिक विरासत को संभालने के लिए 'बेटी' का आना लगभग तय माना जा रहा है । इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी के चुनावी क्षेत्र से प्रियंका गांधी की राजनीति में 'इंट्री' हो सकती है।

1967 में इंदिरा गांधी व 2004 में सोनिया गांधी के बाद 2024 में गांधी परिवार की राजनीतिक विरासत संभालने प्रियंका गांधी के आने की पूरी संभावना है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर पार्टी के उच्चस्तरीय संगठन में इस पर चर्चा हो चुकी है। उम्मीद है कि 15 अप्रैल के बाद उनके नाम की घोषणा की जाएगी। इसके साथ ही रायबरेली में एक बड़ी रैली करने की तैयारी भी चल रही है। रायबरेली से गांधी परिवार का काफी पुराना रिश्ता है। यहां से कई सदस्य लोकसभा पहुंच चुके हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी इस सीट से दो बार सांसद रहीं, जबकि सोनिया गांधी इस सीट से चार बार संसद पहुंचीं। स्वास्थ्य कारणों के चलते इस बार सोनिया गांधी ने राज्यसभा का रुख कर लिया। वह राजस्थान से राज्यसभा सदस्य चुनी गई हैं। इसके बाद अटकलें तेज हो गई थीं कि अब रायबरेली से चुनाव कौन लड़ेगा। पार्टी का जिला संगठन और समर्थक प्रियंका गांधी को मैदान में उतारने की मांग करते रहे हैं। इसको लेकर दिल्ली तक पहुंचे और अपनी बात रखी।


इंदिरा गांधी।


सोनिया गांधी।


प्रियंका गांधी।

- **गांधी- नेहरू परिवार की परंपरागत सीट है रायबरेली**
- **बाबा, दादी और मां यहीं से जीत कर पहुंचे संसद**

### उम्मीदवारी को लेकर स्थिति साफ

रायबरेली से उम्मीदवारी को लेकर अब स्थिति लगभग साफ हो रही है । सूत्रों का कहना है कि पिछले दिनों दिल्ली में हुई बैठक में इस पर चर्चा हुई । संगठन के उच्च पदाधिकारी ने प्रियंका को रायबरेली से चुनाव मैदान में उतारने की बात रखी । सूत्रों का दावा है कि अब पार्टी इसके लिए तैयार हो गई है । बताया जाता है कि 15 अप्रैल के बाद कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची आएगी और इसमें उनके नाम की घोषणा हो सकती है ।

### 1967 में इंदिरा गांधी आईं थी रायबरेली

1967 में इंदिरा गांधी ने रायबरेली सीट से चुनावी राजनीति में कदम रखा था । उस समय कांग्रेस प्रत्याशी इंदिरा गांधी ने निर्दलीय प्रत्याशी बीसी सेठ को 91,703 वोट से हराया था ।

### 2004 में आई थी सोनिया गांधी

2004 के चुनाव में सोनिया गांधी ने अमेठी सीट राहुल गांधी के लिए छोड़कर रायबरेली आई । सोनिया गांधी ने सपा के अशोक कुमार सिंह को हराकर 2,49,765 वोटों से भारी अंतर से चुनाव जीता था ।

## कांग्रेस ने अमेठी में 13 बार की है जीत दर्ज

रमन पाण्डेय, अमेठी

**अमृत विचार :** अमेठी लोकसभा सीट पिछले पांच दशक से हाट सीट रही है । यहां राजनीति के कई सूरमा हारे हैं । कांग्रेस ने इस सीट पर अब तक तेरह बार जीत हासिल की है और भाजपा ने दो बार । कांग्रेस जब भी चुनाव हारी है कम वोटों से हारी है । दो बार भाजपा की जीत कम वोटों से हुई है । 2009 के लोकसभा चुनाव में यहां कांग्रेस और बसपा के बीच जीत का अंतर सबसे अधिक रहा है ।

कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी ने बसपा प्रत्याशी आशीष शुक्ला को 370798 मतों के अंतर से चुनाव हराया था । 2006 में कांग्रेस छोड़ कर बसपा में गये हाट सीट के हार्ड लीडर के रूप में चर्चित आशीष शुक्ला इस समय कांग्रेस में है और गांधी परिवार के चुनाव न लड़ने पर एक बार फिर मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं । अमेठी में भाजपा प्रत्याशी और निवर्तमान सरकार में केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी लगातार कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के बराबर सम्पर्क में हैं । स्मृति के निर्देश पर कार्यकर्ता लाभार्थी सम्पर्क अभियान के जरिए घर घर जा रहे हैं, उधर बसपा और कांग्रेस के प्रत्याशी के विषय में संशय की स्थिति अभी भी बरकरार है । कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि वायनाड का चुनाव होने के बाद राहुल गांधी की पूरी टीम अमेठी आ जाएगी । बसपा कांग्रेस के प्रत्याशी के घोषित होने के बाद अपने पत्ते खोलेगी ।अमेठी लोकसभा सीट 1967 में अस्तित्व में आई । पहले चुनाव में कांग्रेस के विद्याधर बाजपेई ने जनसंघ के गोकुल प्रसाद पाठक को 3665मतों के अंतर से हराया । लोक सभा चुनाव के इतिहास में कांग्रेस की जीत का सबसे कम मार्जिन यही रहा है । 1967से अब तक हुए 16चुनावों में दो उपचुनाव भी शामिल हैं,ये उपचुनाव 1981और1991में संजय गांधी और राजीव गांधी के असामयिक निधन से हुए थे । कांग्रेस तेरह बार चुनाव जीत चुकी है ।1984,1999 और 2009 के चुनाव में कांग्रेस की जीत का अंतर तीन लाख से अधिक रहा है, जबकि 1981और1989में कांग्रेस ने दो लाख से अधिक मतों से जीत दर्ज की थी ।1977 में बी के डी से कोंहरा स्टेट के रवीन्द्र प्रताप सिंह ने संजय गांधी को 75844 मतों से हराया था ।1980 में संजय गांधी ने रवीन्द्र प्रताप सिंह को 128545मतों से हराकर हार का बदला ले लिया परंतु ईश्वर को उनकी लम्बी राजनीति शायद मंजूर नहीं थी, विमान दुर्घटना में संजय गांधी की मौत हो गई । विमान दुर्घटना के मामले में तत्कालीन अखबार नवीसों की ओर से तमाम खबरें चलाने के बाद भी रहस्य से पर्दा नहीं उठ पाया और आज भी लोग संजय गांधी की मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं करते हैं ।

### अमेठी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी घोषित करने में देरी



**अमेठी ।** लोकसभा अमेठी सीट से जहां भाजपा आलाकमान द्वारा एक बार फिर स्मृति ईरानी पर जीत का भरोसा जताते हुए उन्हें प्रत्याशी घोषित कर दिया गया है तो वही अभी तक कांग्रेस पार्टी द्वारा अमेठी सीट से अपना पत्ता नहीं खोला गया है ।जबकि कांग्रेसी कार्यकर्ता राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा से यहाँ चुनाव लड़ने की लगातार मांग करते चले आ रहे हैं ।

### जीत सुनिश्चित करने के लिए जुटीं स्मृति ईरानी



**अमेठी ।** भाजपा आलाकमान द्वारा एक बार फिर अमेठी सीट से प्रत्याशी बनाये जाने के बाद अमेठी की पूर्व सांसद भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी लगातार अमेठी दौरे पर है लोकसभा क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों से मुलाकात व भाजपा कार्यकर्ताओं के सुख-दु:ख में शामिल हो रही हैं । साथ ही जनपद स्तर पर भाजपा के बड़े-बड़े सूरमाओं को अमेठी में हार का मुंह देखना पड़ा है ।

### जेठ के सामने बुरी तरह हारीं मेनका गांधी

**अमेठी ।** 1999 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भाजपा प्रत्याशी डॉ संजय सिंह को 300012 मतों के अंतर से हराया था । 2009 के अपने दूसरे चुनाव में राहुल गांधी ने बसपा प्रत्याशी आशीष शुक्ला को 370798 मतों से हराकर बड़ी जीत हासिल की ।1984 में इंदिरा गांधी की मौत के बाद राष्ट्रीय संजय विचार मंच की प्रत्याशी के रूप में मेनका गांधी ने विरासत की जंग लड़ीं, किंतु जेठ के मुकाबले बुरी तरह चुनाव हार गई, उन्हें राजीव गांधी के 365041के मुकाबले 50163 मत ही मिल पाए । उन्हे चुनाव हराने में उन्हीं लोगों की खास भूमिका रही जो कभी संजय गांधी के खास सिपहसालार हुआ करते थे ।

### स्मृति ने बदल दी अमेठी में राजनीति की परिभाषा

**अमेठी ।** लोकसभा चुनाव में जीत हार के बारे में अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, परंतु इतना तय है कि 2014 में चुनाव हारने के बाद भी अमेठी न छोड़ने और जनता के बीच बराबर बने रहकर स्मृति ने अमेठी की राजनीति की परिभाषा बदल दी है । राहुल गांधी ने चुनाव हारने के बाद अमेठी से दूरी बना ली, परंतु स्मृति ने ठीक उल्टा किया और जनता के बीच बराबर बनी रहीं, विकास के काम भी लगातार कर रही हैं, यह चर्चा हर गांव में मतदाताओं के बीच है ।

### असली गांधी और नकली गांधी की लड़ाई में कांग्रेस ही जीती

**अमेठी ।** राजीव गांधी के मुकाबले विपक्ष ने साझा उम्मीदवार के रूप में जनता दल से महात्मा गांधी के पौत्र राजमोहन गांधी को चुनाव लड़ाया ।असली गांधी और नकली गांधी की चर्चा खूब चली, परंतु विपक्ष का सिक्का नहीं चल पाया और राजीव गांधी तीसरी बार दो लाख से अधिक वोटों से जीत दर्ज कर सांसद बने । 1989 में राजीव गांधी के मुकाबले बसपा संस्थापक कांशीराम भी चुनाव लड़ें, बसपा की जमानत नहीं बची, परंतु इसी लोकसभा चुनाव से बसपा अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में सुर्खियों में आ गई ।1989मे बसपा के उत्तर प्रदेश और पंजाब से तीन सांसद चुने गए थे ।

---

राजनीति में आए तो सीरियल के राम अरुण गोविल को आई याद

# ..जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी

**17** साल की उम्र में ही मेरठ छोड़ मुंबई गए, रामानंद के रामायण सीरियल से मिली खास पहचान

मेरठ से भाजपा सांसद का टिकट काटकर प्रत्याशी बनाये गये अरुण गोविल की राह आसान नहीं

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचारः अपि च स्वर्णमयी लंका, लक्ष्मण मे न रोचते।** जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी। कुछ ऐसा ही गर्व अब रामानंद सागर के रामायण सीरियल के 'राम' यानि अरुण गोविल को मेरठ से प्रत्याशी बनने के बाद महसूस हो रहा है। वे जब 17 साल की उम्र में ही मेरठ छोड़कर मुंबई गए थे, तो सोचा भी नहीं होगा कि एक दिन राजनीति में कॅरियर के लिए यहीं की मिट्टी काम आएगी। लेकिन सपा ने घेरने के लिए अपने सरधना से युवा विधायक अतुल प्रधान पर दांव लगाकर घेरने में पूरी ताकत लगा दी है। बसपा का समीकरण दोनों को नफा-नुकसान देता दिख रहा है।

72 वर्षीय अरुण गोविल राजनीति के कुशल चितेरे होते तो 34 साल पहले ही सांसद बन गए होते। भारत के छठे प्रधानमंत्री राजीव गांधी (1984-1989) ने उन्हें ऑफर दिया था, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया था, लेकिन कांग्रेस में शामिल होकर प्रचार जरूर किया। उस दौर में राजीव गांधी की हैसियत आज के नरेंद्र मोदी से कहीं ज्यादा सशक्त थी। राजनीतिक इतिहास में इंदिरा गांधी के निधन से उपजी सहानुभूति लहर में रिकार्ड लोकसभा सीटें जीतकर वे प्रधानमंत्री बने थे। राजीव गांधी ने सरकारी टीवी चैनल दूरदर्शन पर रामायण चलवाने के लिए अपने सूचना और प्रसारण मंत्री तक को बदल दिया था। हालांकि रामायण सीरियल का पहला एपिसोड 25 जनवरी 1987 को प्रसारित होते ही देशभर में छा गया। चुनावी दृष्टि से महत्वपूर्ण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राज्य की 80 में से करीब 19 सीटें हैं। भाजपा ने अपने तीन बार के सांसद रहे राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटकर अरुण गोविल को प्रत्याशी बनाया है। वे 2021 में भाजपा में शामिल हुए थे। अग्रवाल साल 2009 से लगातार मेरठ सीट से जीत रहे हैं। साल 2019 में बसपा के हाजी याकूब कुरैशी को 4,729 वोटों के मामूली अंतर से हराया था। हालांकि 2014 के चुनाव में उनकी जीत का अंतर 2.32 लाख वोटों से अधिक था, तब बसपा के मोहम्मद शाहिद अखलाक को हराया था। पिछली बार जीत का अंतर कम होने से ही टिकट काटकर अरुण गोविल की 'राम' वाली छवि भुनाने की भाजपा कोशिश कर रही है।

अरुण गोविल अब 55 साल बाद वापस मेरठ शहर आकर अपने भावनात्मक संबंधों को भुनाने में जुटे हैं। उनका कहना है कि यहीं पैदा हुआ और जीवन के शुरुआती 17 साल इसी शहर में बीते। मंगलवार को नामांकन के साथ प्रचार में भी जन्मभूमि की यादें खूब छलक रही है। उम्मीद है कि रील लाइफ के अलावा रियल लाइफ में भी मतदाता 'राम' की तरह सम्मान देते हुए नजर आएंगे और रुझान वोट में तब्दील होगा। उनकी शादी बॉलीवुड अभिनेत्री रहीं श्रीलेखा से हुई है। उनके दो बच्चे बेटा अमल और बेटी सोनिका हैं। बेटा अमल के दो पुत्र हैं, यानी वे दादा भी बन चुके हैं।



### सीता व रावण को भी चुनाव लड़ा चुकी है भाजपा


दीपिका चिखलिया।


अरविंद त्रिवेदी।

टीवी सीरियल 'रामायण' में राम की मुख्य भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल से पहले भाजपा 'सीता' और 'रावण' को भी चुनाव लड़ा चुकी है। राम मंदिर आंदोलन के दौरान 1991 के लोकसभा चुनाव में दोनों को गुजरात से मैदान में उतारा गया था। हालांकि 26 साल की दीपिका को राजनीति का कोई अनुभव नहीं था। मगर रामायण की सीता को चुनाव में देखकर भीड़ उमड़ रही थी, महिलाएं उनके पैर छूने को आतुर रहतीं। नतीजा रहा कि वडोदरा में कांग्रेस का किला ढह गया। इस सीट पर पहली बार भाजपा को जीत मिली। दीपिका को 49 .98 फीसदी वोट मिले। जबकि लंकेश के नाम से चर्चित अरविंद त्रिवेदी ने साबरकांठा से अपना पहला चुनाव जीता था। 1996 के चुनावों में वह गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री अमर सिंह चौधरी की पत्नी और कांग्रेस प्रत्याशी निशा चौधरी से हार गए थे।

---

# निर्दलीय चुनाव लड़कर जीते थे रामसेवक

## 65 अन्य निर्दलियों ने भी आजमायी किस्मत, मिली निराशा

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में बाराबंकी लोकसभा सीट से निर्दल प्रत्याशियों ने जोर आजमाइश खूब की, लेकिन 1957 के चुनाव में रामसवेक यादव ही ऐसे एक मात्र सांसद चुने गए जिन्होंने निर्दलीय के रुप में चुना लड़ा, और जीत हासिल की थी। इसके बाद अभी तक किसी निर्दलीय को सफलता नहीं मिल सकी। अभी तक इस सीट से 65 निर्दल उम्मीदवार किस्मत आजमा चुके हैं। इनमें से अधिकतर को वोट के लिए भी तरसना पड़ा। यहां 1951 के चुनाव में सबसे पहले निर्दल उम्मीदवार के तौर पर प्रभु दयाल ने चुनावी अखाड़े में ताल ठोंकी। प्रभू दयाल 18,493 मत पाकर 11वें स्थान पर रहे थे। इसके बाद 1957 में दो निर्दल उम्मीदवारों ने किस्मत आजमाई। इनमें रामसवेक यादव ने शानदार जीत हासिल की। इन्हें 1,89,600 मत हासिल कर कांग्रेस के स्वामी रामानंद को 31330 वोटों से हराया था। दूसरे निर्दलीय उम्मीदवार रहे नन्हेलाल चौथे स्थान पर रहे थे। आरएस यादव के निर्दलीय के रुप में संसद पहुंचने के बाद आज तक मतदाताओं ने किसी भी निर्दलीय प्रत्याशी पर भरोसा नहीं जताया है। सन् 1962 और 1967 के चुनाव में कोई भी निर्दललीय प्रत्याशी नहीं था।

1971 में दो निर्दल चुनाव लड़े। इनमें पार्वती 7591 मतों के साथ चौथे और अब्दुल रहमान 3876 मत के साथ पांचवे स्थान पर रहे। 1977 में तीन निर्दल मैदान में उतरे। इनमें बैजनाथ रावत ने 8938 मत पाकर चौथा, 2485 मत पाकर पोखई पांचवें तो विश्राम लाल 1655 मतों के साथ छठे स्थान पर रहे थे। 1980 में दो निर्दलीयों में से 4489 मत पाने वाले रामफल चौथे तो 2638 मत पाकर पोखई पांचवें नंबर पर रहे। 1984 में चार निर्दलीय चुनावी महासमर में उतरे। इनमें से छेदालाल को 8138, रामसरन को 6138, कमला को 5657 और टीकाराम को 3884 मत हासिल कर क्रमशः पांचवें, छठे, सातवें और आठवें स्थान पर रहे थे। 1989 में तीन और 1991 में चार निर्दललीय प्रत्याशियों ने किस्मत आजमाई, लेकिन कोई भी टॉप थ्री में जगह नहीं बना सका। 1996 में अब तक के चुनावों में सबसे अधिक 18 निर्दलीय प्रत्याशियों ने दम दिखाने की कोशिश की, लेकिन किसी को सफलता नहीं मिली। 1998 में तीन निर्दलीय में से मोती लाल 2471 मत पाकर सातवें तो 2125 मत के साथ रामनरेश आठवें और मात्र 436 मत पाने वाले राममनोरथ 12 वें स्थान पर रहे। 1999 में आधा दर्जन निर्दलीय, 2004 में चार व 2009 में छह निर्दल प्रत्याशी चुनाव लड़े। इनमें से कोई टॉप फाइव में जगह नहीं बना सका। इसी कड़ी में 2014 के चुनाव में तीन निर्दलीय ने किस्मत आजमाया। वहीं सांसद बनने की हसरत में तीन निर्दलीय उम्मीदवारों ने 2019 के महासमर में भी किस्मत आजमाई। जीतना तो दूर कोई अधिकतर जमानत भी नहीं बचा पाए।

### हर निर्दलीय ने छुआ तीन अंकों का आंकड़ा

निर्दलीय उम्मीदवार के रुप में आरएस यादव के अलावा बाराबंकी संसदीय सीट पर भले आज तक किसी ने जीत नहीं दर्ज कर सका, लेकिन अब तक मैदान में उतरे हर निर्दलीय ने मत हासिल करने में तीन अंकों का आंकड़ा जरूर छुआ है । सबसे कम मत पाने वाले निर्दलीय उम्मीदवार राजनरेश रहे हैं । जिन्हें1998 के चुनाव में मात्र 436 मत ही मिले ।

### निर्दलीय लड़ कागजों पर छोड़ गए छाप

चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशियों ने जोर आजमाइश तो खूब की, लेकिन टॉप थ्री में एक को छोड़ अन्य कोई जगह बना सका । हां इतना जरुर रहा है कि इन प्रत्याशियों के नाम जरुर कागजों के साथ इतिहास के पन्नों में जरुर इनका नाम अर्जित हो गया । आज भी इन सभी के नाम व प्राप्त मतों के आंकड़े भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाइट पर दर्ज हैं ।


स्व. रामसेवक यादव। अमृत विचार

---

महासंग्राम-2024 | ईंट भट्ठे के व्यवसाय से संसद की ड्योढ़ी तक जमाया था पांव, 1989 में बलरामपुर सीट से निर्दलीय लड़कर जीते थे चुनाव

# खौफ का दूसरा नाम बन गए थे सांसद फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा


अतीत के झरोखे से

**अमृत विचारः** गोंडा के एक छोटे से गांव में जन्मे फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां के राजनीतिक सफर की कहानी भी खूब दिलचस्प है। राजनीति का ककहरा तक की जानकारी न होने के बावजूद राजनीतिक शिखर तक चढ़ना किसी कहानी से कम नहीं है। राजनीतिक सफर शुरू करने के बाद संसद की ड्योढ़ी तक पहुंचने वाले मुन्नन खां एक समय खौफ के पर्याय बन गए थे। उनके ऊपर कई गंभीर आरोप भी लगे, लेकिन राजनीतिक संरक्षण का लाभ उन्हें भी मिला। ।

हम बात कर रहे हैं बलरामपुर से सांसद रहे फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां की। गोंडा जिले के कटरा विधानसभा क्षेत्र के हलधरमऊ ब्लाक के हलधरमऊ गांव के निवासी मुन्नन खां एक शुद्ध व्यवसायिक थे। 1980 के दशक में मुन्नन खां व उनके बहनोई इबरार खां ने मिलकर ईंट भट्ठे का व्यवसाय शुरू किया। व्यवसाय का रंग चोखा होता गया और इस व्यवसाय के कारण ग्राम प्रधानों से उनके बेहतर संबंध होते गए। लेकिन राजनीति का ककहरा उन्हें नहीं मालूम था।

कटरा बाजार के गौरवा जानीपुर के पूर्व ग्राम प्रधान जसवंत लाल मिश्र कहते हैं कि वर्ष 1974 में कटरा बाजार के पूरेबदल गांव के बाबू दीपरायन पांडेय कांग्रेस के टिकट से विधानसभा चुनाव में उतरे। वह जीत गए। इसके बाद 1977 में जनता पार्टी से चुनाव जीते। वर्ष 1985 में लोकदल से उन्हें पुनः टिकट देने की पेशकश की गई। लेकिन वरिष्ठ अधिवक्ता होने के कारण उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया। अपने स्थान पर पंडित दीप नरायन पांडेय ने हलधरमऊ गांव के फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां के लिए टिकट की मांग की। पार्टी इस पर तैयार नहीं हुई लेकिन दीप नरायन पांडेय एक बड़े नेता थे और उनकी गारंटी पर मुन्नन खां को टिकट दे दिया गया। दीप नरायन पांडेय के साथ की पूरी मशीनरी मुन्नन खां के साथ लग गई और यह चुनाव मुन्नन खां जीत गए। यहीं से मुन्नन खां का राजनीतिक सफर शुरू हुआ।

विधायक बनने के साथ मुन्नन खां मुस्लिम विरादरी के सिरमौर बन गए और 1989 में वह बलरामपुर सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में सांसदी का चुनाव लड़ गए। उतरौला सहित कई विधानसभा में मुस्लिम का बड़ा चेहरा होने के कारण फसीउर रहमान निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीत गए। हाईस्कूल तक की शिक्षा और टेढ़े मिजाज के चलते वह संसद में जनता के हक की आवाज तो नहीं उठा पाए लेकिन अपने समाज में वह बहुत तेजी से आगे बढ़ गए।


मुन्नन खां।

### मुन्नन खां पर जब लगे बेहद गंभीर आरोप

समाचारपत्रों में उनके कारनामे तक छापे गए । उनके चाहने वाले उन्हें सिर आंखों पर बैठाते थे और उन्हें शेर-ए-मुन्नन की संज्ञा तक दी गई । लेकिन 1990 राम आंदोलन में कारसेवकों पर हुई कार्रवाई में उनका नाम लिया गया । बलरामपुर में वीरविनय चौक के पास एक मंदिर की भूमि पर कब्जे का आरोप लगा तथा इतना ही नहीं उन्होंने एसडीएम का अपहरण कर लिया । लेकिन मनकापुर कोल्हार गांव के ठाकुरों ने मुन्नन खां की जीप को रेहरा व मनकापुर के बीच रोक लिया । धर्मेंद्र सिंह उर्फ झिनकन सिंह ने बताते हैं कि जब सूचना ग्रामीणों को मिली तो किसी ने अपनी साइकिल तो किसी ने बैलगाड़ी खड़ी कर उनके वाहन को रोक लिया । जब तक वह कोई एक्शन लेते तब तक एक होमगार्ड ने उनके हाथ पर लाठी चला दिया । जिससे एसडीएम को आजाद करा लिया गया । कई गंभीर आरोप के बावजूद मुन्नन खां प्रदेश के कई नेताओं के बहुत करीबी थे । बड़े नेताओं का वरदहस्त प्राप्त होने के कारण उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई । बहरहाल आरोप तो आरोप थे लेकिन वह एक ऐसे सांसद थे जिन्हें खौफ का दूसरा नाम तक कहा जाता था । यह भी था कि यदि वह किसी की मदद करते थे तो बेइम्तहा । शेर-ए-मुन्नन का निधन बीमारी के चलते 2009 में हो गया ।

**चुनावी इतिहास में पहले निर्दलीय उम्मीदवार जीते थे मुन्नन**

बलरामपुर (अब श्रावस्ती) सीट पर 17 बार सांसद चुने गए । देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी, राष्ट्र ऋषि की उपाधि पाने वाले नाना जी देशमुख, सुभद्रा जोशी जैसी कद्दावर नेता जिस सीट को जीत कर गरिमा कायम किया । इतना ही नहीं 17 चुनावों में 16 बार केवल दलीय उम्मीदवार ही जीतते रहे लेकिन फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां ही एक ऐसे निर्दलीय उम्मीदवार थे जिन्होंने जीत कर इतिहास रच दिया था ।

### बलरामपुर सीट से संसद की ड्योढ़ी तक जाने वाले सांसद

| | | |
|---|---|---|
| 1952 | वैरिष्टर हैदर अली रिजवी | कांग्रेस |
| 1957 | अटल विहारी बाजपेयी | जनसंघ |
| 1962 | सुभद्रा जोशी | कांग्रेस |
| 1967 | अटल विहारी बाजपेयी | जनसंघ |
| 1971 | चंद्रभाल मणि तिवारी | कांग्रेस |
| 1977 | नानाजी देशमुख | जनसंघ |
| 1980 | चंद्रभाल मणि तिवारी | कांग्रेस |
| 1984 | दीप नरायन वन | कांग्रेस |
| 1989 | फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां | निर्दल |
| 1991 | सत्यदेव सिंह | भाजपा |
| 1996 | सत्यदेव सिंह | भाजपा |
| 1998 | रिजवान जहीर | सपा |
| 1999 | रिजवान जहीर | सपा |
| 2004 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 2009 | विनय कुमार पांडेय (श्रावस्ती) | कांग्रेस |
| 2014 | दद्दन मिश्रा (श्रावस्ती) | भाजपा |
| 2019 | राम शिरोमणि (श्रावस्ती) | बसपा |

# फिर समाजवादी पार्टी के साथ खड़ा हुआ महान दल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **सपा के निशान पर दो सीटों पर लड़ेगा चुनाव**

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी को एक बार फिर महान दल का साथ मिल गया है। लोकसभा चुनाव में दो सीट भी महान दल को देने पर सहमति बनी है। दोनों सीटों पर महान दल के उम्मीदवार सपा के चुनाव चिह्न पर लड़ेंगे। मंगलवार को सपा को फिर से समर्थन देने की घोषणा करते हुए महान दल के अध्यक्ष केशव देव मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी के साथ था और रहूंगा। लोकसभा चुनाव में गठबंधन मजबूती से लड़ेगा।

सपा के मिडिया सेल द्वारा इस संबध में सोशल मीडिया पर साझा की गई जानकारी में लिखा गया, केशव देव मौर्या ने अखिलेश यादव की पीडीए के पक्ष में जारी लड़ाई को देखते हुए बिना शर्त समर्थन दिया और भाजपा के विरुद्ध जारी संग्राम में एक आहुति देने की घोषणा की है। पोस्ट में आगे लिखा गया, ये लड़ाई बड़ी है और इस लड़ाई में अपने निजी स्वार्थ, शर्तें, ब्लैकमेलिंग के बिना जो भी सपा के साथ खड़ा है उस सबका स्वागत है। इस वक्त हम सबका एक ही उद्देश्य है कि दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक विरोधी भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकना है और इस लड़ाई में जो भी सच्चे हृदय, ईमानदारी से साथ है उसे पार्टी साथ लेकर चलेगी।

> सपा अपने चुनाव चिन्ह पर महान दल के उम्मीदवारों को लड़ाएगी । मेरी नाराजगी स्वामी प्रसाद मौर्य से थी न कि अखिलेश यादव से । अब स्वामी प्रसाद सपा का हिस्सा नहीं हैं इसलिए हम वापसी कर रहें हैं ।
>
> -केशव देव मौर्य

पिछले विधानसभा चुनाव के बाद महान दल ने सपा से गठबंधन तोड़ लिया था। इसके बाद सपा ने केशव देव को विधानसभा चुनाव से पहले गिफ्ट में दी गई फारर्च्यूनर कार वापस ले ली थी। सपा ने विधानसभा चुनाव में केशव की पत्नी और बेटे को सपा के चुनाव चिह्न साइकिल पर चुनाव लड़ाया गया था, हालांकि दोनों हार गए थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 और 19 की ही तरह लगातार तीसरी बार क्रांतिकारियों की धरती मेरठ से चुनावी बिगुल फूंकने आए तो अपने चिरपरिचित अंदाज और तेवर में विपक्ष पर गरजते हुए विकसित भारत का सपना दिखाकर लोगों में जोश भरने के साथ भाजपा प्रत्याशी टीवी धारावाहिक 'रामायण' में राम की भूमिका निभाकर विख्यात हुए अभिनेता अरुण गोविल की जीत का माहौल भी बना गए। लेकिन मोदी की सभा के 48 घंटे के भीतर सपा ने मेरठ लोकसभा सीट पर प्रत्याशी बदलकर चुनाव को नई धार दे दी। सपा ने अब सरधना से विधायक गुर्जर समाज के अतुल प्रधान पर दांव लगाया है।

# क्रांति की धरा पर 'राम बाण' करेगा बेड़ा पार

- इस बार सपा-बसपा से मुस्लिम प्रत्याशी नहीं, एआईएमआईएम प्रत्याशी आया तो भाजपा की राह होगी आसान

**मेरठ-हापुड़ लोस सीट**

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** सपा ने बदायूं, नोएडा व मुरादाबाद के बाद मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट पर भी अपना प्रत्याशी बदल दिया है। यहां से घोषित प्रत्याशी अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह का पार्टी में विरोध था, कार्यकर्ता स्थानीय नेता को टिकट देने का मांग कर रहे थे। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव भी प्रत्याशी की कार्यशैली से खुश नहीं थे। वैसे भी पॉलिटिकल एक्टिविस्ट भानु प्रताप का मेरठ से कोई वास्ता नहीं था। क्रांति भूमि कही जाने वाली मेरठ की लोकसभा सीट लंबे समय से भाजपा की झोली में है। पिछले तीन चुनावों से भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल जीत रहे हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में बसपा के हाजी याकूब को मात देकर उन्होंने जीत की हैट्रिक लगाई थी। लेकिन इस बार राम मंदिर से बने माहौल का पश्चिमी उत्तर प्रदेश में फायदा उठाने के लिए भाजपा ने राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटकर रामायण सीरियल के 'राम' अरुण गोविल पर दांव लगाया है। सपाई उन्हें मुंबई में रहने के कारण बाहरी बता रहे हैं। इसके जवाब में भाजपा की ओर से कहा जा रहा है कि अरुण गोविल मेरठ के मूल निवासी हैं। उनका जन्म यहां 12 जनवरी 1958 को हुआ था। उन्होंने कक्षा पांच तक की पढ़ाई यहीं शिशु मंदिर में की थी। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के साथ नामांकन करने के बाद अरुण गोविल ने उनके साथ सीधे आंबेडकर चौराहा पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके दलित मतदाताओं को साधने की कोशिश की। दरअसल, दलित-मुस्लिम वोट बैंक की बदौलत ही पिछले चुनाव में बसपा ने भाजपा को नाको चने चबवा दिए थे। भाजपा प्रत्याशी बमुश्किल 2379 वोटों से जीत सके थे। इस बार बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी बाहरी हैं। वह बुलंदशहर के रहने वाले हैं।


भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल के नामांकन में पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य साथ में मौजूदा सांसद राजेंद्र अग्रवाल।

- सपा ने मोदी की रैली के बाद बदला प्रत्याशी भाजपा के अरुण गोविल का मुकाबला करेंगे अब विधायक अतुल प्रधान
- दलित वोट साधने के लिए भाजपा प्रत्याशी नामांकन कराने के बाद सीधे पहुंचे बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने

## ध्रुवीकरण की बयार में भाजपा का गढ़ बनी

1977 में जनता पार्टी की जीत के बाद 1980 और 1984 में मेरठ लोकसभा सीट पर कांग्रेस काबिज रही। 1989 और 1991 में यह सीट जनता दल के पास रही। लेकिन 1990 के दौर में राम मंदिर आंदोलन का मेरठ में भी व्यापक असर हुआ और यह सीट भाजपा का गढ़ बन गई। 1991, 1996 और फिर 1998 में यहां से लगातार भाजपा के अमरपाल सिंह ने जीत दर्ज की। इसके बाद 1999 में कांग्रेस ने वापसी की। 2004 में यहां से बसपा ने बाजी मारी। लेकिन 2009 के बाद से भाजपा का कमल खिल रहा है। 2014 के चुनाव में भाजपा ने सवा दो लाख से ज्यादा वोटों से जीत का परचम लहराया। इस चुनाव में भाजपा से राजेंद्र अग्रवाल, बसपा से शाहिद अखलाक और सपा से शाहिद मंजूर मैदान में थे। मुस्लिम मतदाता सपा और बसपा के बीच बंटने से भाजपा की जीत आसान हो गई। 2024 के चुनाव में कोई मुस्लिम प्रत्याशी नहीं है। ऐसे में सबकी निगाहें असदुद्दीन ओवैसी पर टिकी हुई हैं। एआईएमआईएम का प्रत्याशी आने से भाजपा की राह काफी आसान हो जाएगी, ऐसा मानने वालों की कमी नहीं है।

### 2019 में सांसें थाम देने वाला मुकाबले में कैंट विस ने बचाई थी भाजपा की लाज

- वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा और बसपा का गठबंधन था। मेरठ हापुड़ लोकसभा सीट पर बसपा के हाजी मोहम्मद याकूब प्रत्याशी थे। उनका सीधा मुकाबला जीत की हैट्रिक लगाने उतरे भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल से था। कांग्रेस से हरेंद्र अग्रवाल मैदान में थे। लोकसभा क्षेत्र की पांच विधान सभा सीटों में चार हापुड़, किठौर, मेरठ सिटी और मेरठ दक्षिण में बसपा प्रत्याशी ने लीड बनाई। भाजपा करीब एक लाख से ज्यादा वोटों से पीछे थी, लेकिन मेरठ कैंट सीट ने भाजपा के लिए बाजी पलट दी। इस विधानसभा क्षेत्र ने न सिर्फ भाजपा और बसपा के बीच के वोटों के अंतर को खत्म किया, बल्कि 4729 वोटों से जीत दिलाने मे भी कामयाबी दिलाई। भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल को 5,86,184 वोट तो बसपा के हाजी याकूब को 5,81,455 वोट मिले थे।

### 2019 चुनाव में विधानसभा वार परिणाम

| विस | भाजपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|
| किठौर | 109222 | 131039 | 3407 |
| मेरठ | 79241 | 109637 | 5427 |
| मेरठ (दक्षिण) | 123496 | 152210 | 6775 |
| हापुड़ (एससी) | 106151 | 122389 | 6602 |
| मेरठ कैंट | 168074 | 66180 | 12090 |

### प्रमुख राजनीतिक दलों का वोट शेयर

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2019 लोस | 48.4 | ---- | 48.1 | 2.8 |
| 2014 लोस | 47.9 | 19.0 | 27.0 | 3.9 |
| 2009 लोस | 31.9 | 25.2 | 25.4 | 8.4 |
| 2022 विस | 46.2 | 26.9 | 12.5 | 1.5 |

## तेजतर्रार नेता की छवि, संगीत सोम को हराकर चर्चा में आए

मेरठ जिले की मवाना तहसील के निवासी अतुल प्रधान ने छात्र नेता के रूप में राजनीति की शुरुआत की थी। अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें सपा छात्र सभा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। गुर्जर समाज से आने वाले अतुल प्रधान तेजतर्रार नेताओं में गिने जाते हैं। उन्होंने वर्ष 2012 में पहला चुनाव सरधना विधानसभा सीट से लड़ा था। भाजपा के संगीत सिंह सोम ने यह चुनाव जीता था और अतुल तीसरे नंबर पर रहे थे। 2017 के चुनाव में सपा ने एक बार फिर अतुल प्रधान पर भरोसा जताया। लेकिन इस बार भी वह भाजपा के संगीत सिंह सोम से हार गए। हालांकि, इस बार उनका स्थान दूसरा रहा। 2022 के चुनाव में सपा-रालोद गठबंधन में अतुल प्रधान को सरधना सीट से फिर मौका मिला और इस बार उन्होंने भाजपा के दो बार के विधायक संगीत सिंह सोम को 18 हजार से ज्यादा वोटों से हरा दिया।



**2012** में पहला चुनाव सरधना विधानसभा सीट से लड़ा था।

**2017** के चुनाव में सपा ने एक बार फिर जताया भरोसा

**2022** के चुनाव में सपा-रालोद गठबंधन में अतुल प्रधान को तीसरा मौका मिला

### प्रधान की पत्नी ने सपा से लड़ा था मेयर का चुनाव

- अतुल प्रधान की पत्नी सीमा प्रधान मेरठ में जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं। 2023 में सपा ने सीमा प्रधान को मेयर का टिकट दिया था। लेकिन वह भाजपा के मुकाबले तीसरे नंबर पर पिछड़ गई थीं। दरअसल मेयर चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने के प्रत्याशी ने दूसरे नंबर पर आकर उनका खेल बिगाड़ दिया था।

### मुस्लिम और दलित वोट बैंक का वर्चस्व

- मेरठ लोकसभा क्षेत्र में मुस्लिम और दलित वोट बैंक का वर्चस्व है। मुसलमानों की आबादी यहां लगभग पौने छह लाख गिनी जाती है। दूसरे नंबर दलितों में जाटव समुदाय की आबादी करीब साढ़े तीन लाख और वाल्मीकि समाज 80 हजार के आसपास है। ब्राह्मण सवा लाख तो वैश्य दो लाख के आसपास और त्यागी समुदाय 50 हजार तथा जाट एक लाख 40 हजार और गुर्जर आबादी 60 हजार से ज्यादा है। इनके बाद सैनी, प्रजापति, पाल और कश्यप समाज की आबादी सवा लाख से ज्यादा है।

## एमपी में कांग्रेसियों की भाजपा में शामिल होने की लाइन लगी

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव से पहले मध्य प्रदेश में बड़े पैमाने पर दल-बदल की राजनीति चल रही है। कांग्रेस में भगदड़ जैसी हालत है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, विधायक कमलेश शाह, मेयर विक्रम अहाके, जगत बहादुर सिंह, समेत आधा दर्जन से ज्यादा पूर्व विधायक और पदाधिकारी कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा का पटका पहन चुके हैं। इन हालात में विधानसभा चुनाव में करारी हार से उबरने की कोशिश में लगी कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव की राह और कठिन हो गई है।



## हरियाणा में कांग्रेस की सूची लटकने से दावेदारों में बेचैनी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के लिए कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवारों की सूची फाइनल नहीं होने से दावेदारों में बेचैनी है। भाजपा राज्य में अपने सभी दस उम्मीदवार उतार चुकी है तो इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी ने भी अपना उम्मीदवार बहुत पहले उतार दिया है। लेकिन हरियाणा में दस में से नौ सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस अभी तक उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं कर पाई है। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक अब एक या दो दिन में होने की बात कही जा रही है। माना जा रहा है कि तीन अप्रैल को राहुल गांधी वायनाड से नामांकन दाखिल करेंगे, इसके बाद चार अप्रैल को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में पार्टी हरियाणा की सभी 9 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर सकती है। हरियाणा में कांग्रेस सियासी समीकरणों और भाजपा के उम्मीदवारों को चुनौती देने के लिए दिग्गज और जिताऊ उम्मीदवारों को मैदान में उतारने की तैयारी में है, जिसमें हरियाणा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष कुमारी सैलजा को अंबाला या सिरसा से चुनाव लड़ाने की चर्चा है। भूपेंद्र और दीपेंद्र हुड्डा को भी मैदान में उतारने की चर्चा है। रोहतक सीट पर दीपेंद्र हुड्डा कांग्रेस के उम्मीदवार हो सकते हैं, जबकि नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा संभवतः लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे।



**हम भी साथ** बालुरघाट में टीएमसी प्रत्याशी बिप्लब मित्रा के नामांकन जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं और जमकर जोश दिखाया।

## दो सीएम के जेल जाने से अब घोषणा पत्र में भी होगा बदलाव

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- भाजपा करेगी हर स्तर पर भ्रष्टाचार मिटाने का वायदा तो कांग्रेस एजेंसियों के दुरुपयोग पर कानून में बदलाव पर देगी जोर

**अमृत विचार :** 31 मार्च को दिल्ली में इंडिया गठबंधन एवं मेरठ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैलियों के बाद भाजपा एवं कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्रों में कुछ बदलाव के संकेत मिले हैं। भाजपा भ्रष्टाचार और कांग्रेस सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग पर कानून में बदलाव का वायदा करेगी। दोनों दल अपने-अपने घोषणा पत्र पांच अप्रैल को जारी करने की तैयारी में हैं।

माना जा रहा है कि भाजपा के घोषणा पत्र में राजनीति एवं सरकार में किसी भी स्तर पर हो रहे भ्रष्टाचार को साफ करने की गारंटी मुख्य वायदा रहेगा। युवाओं, किसानों व महिलाओं के लिए कई वायदे प्रस्तावित हैं। महिला कल्याण एवं बेरोजगारी मिटाने की गारंटी दी जाएगी और किसानों की वर्तमान स्थिति को और बेहतर करने के लिए कई योजनाएं शुरू करने के भी संकेत मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक भाजपा के घोषणा पत्र में केंद्र सरकार की एजेंसियों के माध्यम से किसी भी स्तर के भ्रष्टाचार को रोकने का वादा किया जाएगा। भाजपा की तीसरी बार सत्ता में वापसी के बाद आम जनता को राहत पहुंचाने वाले तमाम वायदों के साथ सबसे बड़ा वादा भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करना होगा। भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में जनता की नब्ज टटोलने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अगुवाई में कई वीडियो वैन भी देश भर में रवाना की थी, ताकि एक करोड़ से ज्यादा लोगों की राय को घोषणा पत्र में शामिल किया जा सके।

उधर, कांग्रेस के घोषणा पत्र में भ्रष्टाचार के नाम पर बेकसूरों को फंसाने की कार्रवाई को रोकने के लिए वायदे होंगे। सूत्रों के मुताबिक चुनाव घोषणा पत्र में जनता को राहत पहुंचाने वाले तमाम वायदों को शामिल किया गया है। लेकिन सबसे बड़ा वायदा केंद्र सरकार की एजेंसियों जैसे सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय द्वारा यदि किसी के साथ बेजा कार्रवाई होती है, तो उसे रोकने के लिए वर्तमान कानून में बदलाव करने के वायदे का संकेत मिला है। कांग्रेस चुनाव घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष पी चिदंबरम एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव संयोजक है। इसमें महासचिव प्रियंका गांधी सहित कुल 16 सदस्य हैं।

आजादी के बाद 90 के दशक तक टिहरी लोकसभा सीट कांग्रेस का गढ़ रही। यही वजह है कि बीते तीन चुनावों में हार के बाद भी कांग्रेस का वोट बैंक यहां 30 फीसदी से नीचे नहीं गया है। इस लोकसभा क्षेत्र में गंगा का उद्गम स्थल गोमुख, लाख मंडल, गंगोत्री, यमुनोत्री और विशाल टिहरी बांध स्थित है।

# राजशाही परिवार का वर्चस्व तोड़ने की चुनौती

अरविंद मलिक, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड की पांच संसदीय सीटों में टिहरी लोकसभा सीट का खास महत्व है। आजादी के बाद से आज तक इस सीट पर टिहरी राजघराने का वर्चस्व बरकरार है। पहले यह सीट कांग्रेस का गढ़ हुआ करती थी लेकिन राम लहर के बाद भाजपा ने यहां मजबूत कब्जा जमा लिया। भारतीय जनता पार्टी ने इस बार फिर से वर्तमान सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह पर विश्वास जताया है, तो कांग्रेस ने मसूरी से दो बार विधायक रहे जोत सिंह गुनसोला को चुनाव मैदान में उतारा है। बेरोजगार सेना के बॉबी पंवार ने चुनावी ताल ठोक कर दोनों दलों की मुश्किल बढ़ा दी है। राजशाही परिवार की वजह से टिहरी क्षेत्र वीआईपी सीट रहा है। टिहरी की राजशाही के साथ ही एशिया के सबसे बड़े बांधों में से एक टिहरी बांध की वजह से इलाके की खास पहचान है। एक अगस्त 1949 को टिहरी रियासत भारत के अधीन आ गई थी, लेकिन टिहरी में राजशाही बरकरार रही।


माला राज्य लक्ष्मी शाह।


जोत सिंह गुनसोला।

- टिहरी में राजशाही परिवार के वर्चस्व को चुनौती देना नहीं आसान
- पहले कांग्रेस का था गढ़ राम लहर के बाद भाजपा ने किया कब्जा

**08** बार भाजपा ने राज परिवार के सहारे जीत दर्ज की

**30%** लगातार हार के बाद भी कांग्रेस का बचा है वोट बैंक

### तीन जिलों की 14 विस सीटें लोस क्षेत्र में शामिल

देहरादन जिले के कैंट, चकराता, मसूरी, रायपुर, राजपुर रोड, सहसपुर, विकासनगर विधानसभा क्षेत्र, टिहरी जिले के टिहरी, धनौल्टी, घनसाली और प्रताप नगर विधानसभा क्षेत्र, उत्तरकाशी जिले के पुरोला, गंगोत्री और यमुनोत्री विधानसभा क्षेत्र हैं।

### कभी कांग्रेस का गढ़ थी सीट अब यहां खिल रहा कमल

- राजनीति में राजशाही परिवार के सदस्य सक्रिय रहे। वर्तमान सांसद और भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह भी राजशाही परिवार से हैं। आजादी के बाद 1952 में हुए पहले चुनाव में राजमाता कमलेंदुमति शाह निर्दलीय चुनाव लड़ी थीं। जिसमें उनकी बड़ी जीत हुई थी। इसके बाद 1957 में हुए चुनाव में टिहरी रियासत के अंतिम राजा मानवेंद्र शाह कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े और सांसद बने। 1962 व 67 के चुनाव भी कांग्रेस ने जीते और जीत की हैट्रिक बनाई।
- वर्ष 1971 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट से परिपूर्णानंद पैन्यूली टिहरी विजयी हुए। 1977 के चुनाव में देश भर में चली बदलाव की बयार के साथ ही त्रेपन सिंह नेगी जनता पार्टी से सांसद निर्वाचित हुए। 1980 के चुनाव में त्रेपन सिंह नेगी कांग्रेस के टिकट पर लड़े और जीत हासिल की। 1984 व 89 में कांग्रेस से ब्रहमदत्त लगातार निर्वाचित हुए। इसके बाद फिर से राजशाही परिवार ने चुनाव लड़ने का मन बनाया। भाजपा ने 1991 में परिवार के मानवेंद्र शाह को चुनाव मैदान में उतारा। उनकी बड़ी जीत से भाजपा का खाता खुला। इसके बाद मानवेंद्र शाह 96,98, 99 और 2004 के चुनाव में लगातार विजयी हुए।
- साल 2007 में इस सीट पर उपचुनाव में कांग्रेस के विजय बहुगुणा सांसद बने। 2009 में भी विजय बहुगुणा जीते। उनके मुख्यमंत्री बनने पर इस सीट पर 2012 में उपचुनाव हुआ। जिसमें भाजपा प्रत्याशी राजशाही परिवार की माला राज्य लक्ष्मी शाह पहली बार सांसद निर्वाचित हुईं।

### 2009 में हुए चुनाव की स्थिति

| प्रत्याशी | पार्टी | वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| विजय बहुगुणा | कांग्रेस | 263083 | 44.97 |
| जसपाल राणा | भाजपा | 210144 | 35.92 |

### 2012 में हुए उपचुनाव की स्थिति


| प्रत्याशी | पार्टी | वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| माला राज्य लक्ष्मी शाह | भाजपा | 245835 | 48.11 |
| साकेत बहुगुणा | कांग्रेस | 223141 | 43.67 |

### 1991 से 2004 के बाद बीते तीन चुनावों से भाजपा का कब्जा


- 1952 के पहले चुनाव में जब कांग्रेस का डंका बज रहा था निर्दलीयकमलेंदुमति शाह ने जीत हासिल की थी। 1957,62 व 67 में कांग्रेस के मानवेंद्र शाह तीन बार लगातार जीते। 1971 में कांग्रेस के परिपूर्णानंद पैन्यूली विजई रहे।
- 1977 में त्रेपन सिंह नेगी ने यहां जनता पार्टीका झंडा फहराया लेकिन 1980 में कांग्रेस के त्रेपन सिंह नेगी के बाद 1984 व 89 में ब्रहम दत्त जीते।
- 1991, 96, 98, 99 व 2004 में भाजपा के मानवेंद्र शाह ने लगातार कमल खिलाया। 2007 के उपचुनाव के बाद 2009 में भी कांग्रेस के विजय बहुगुणा ने जीत दर्ज की। इसके बाद 2012 उपचुनाव, 2014 और 2019 में भाजपा की माला राज्य लक्ष्मी शाह जीत की हैट्रिक लगा चुकी हैं।



### 2019 में चुनाव की स्थिति




### 2014 में हुए चुनाव की स्थिति



## लखनऊ मंडी

**किराना भाव :** (अनाज प्रति कुन्तल) गेहूँ (आरआर 21) 2360–2800 गेहूँ (के 65)3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000।

**चावल प्रति कुन्तल :** चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500। **दाल दलहन :** चना देशी 6800–7000 चना फार्मी 7200–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–6200 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूँग खड़ा 10000–10500 मूँग दाल 10500–11000 मूँग धोवा 12000–13000 मसूर 8800 9000 मलका 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 3000–14000 राज्मा सफेद 13000–14000 राज्मा काला 11500–12500 मूंगफली का दाना 11000–12000। **तेल तिलहन :** अलसी 5310–5510 लाही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200। **आटा मैदा :** मैदा 3000–3100 आटा 2700–2900 रवा 3000–3050। **किराना :** नारियल120–140 हल्दी175–225 लाल मिर्च225–250 काली मिर्च 660–880 धनिया 100–120 सुपाड़ी 525–550 जीरा 650–660 खटाई 120–140 सौफ 180–300 सोंठ 350–380

# विस्तारा उड़ान रद्द होने और देरी पर दैनिक रूप से जानकारी दे : डीजीसीए

## विस्तारा के उड़ान रद्द करने के मामलों पर करीबी नजर रखी जा रही

**नयी दिल्ली, दो अप्रैल (भाषा)**




नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विस्तारा को उड़ान रद्द होने के साथ-साथ देरी पर दैनिक रूप से जानकारी देने को कहा है। साथ ही नियामक ने यात्रियों की सुविधा के लिए स्थिति पर करीबी नजर रखने की बात भी कही। डीजीसीए ने कहा कि यात्रियों को कम से कम असुविधा हो, यह सुनिश्चित करने के लिए वह विस्तारा के उड़ान रद्द करने के मामलों पर करीबी नजर रख रहा है।

एक सूत्र के अनुसार, एयरलाइन ने मंगलवार को 50 से अधिक उड़ाने रद्द की हैं। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि कुछ कमांडर के साथ-साथ इसके ए320 बेड़े के प्रथम अधिकारी भी नए अनुबंधों में वेतन संशोधन की मांग को लेकर विरोध जताते हुए बीमार होने की सूचना दे रहे हैं। चालक दल की अनुपलब्धता और अन्य परिचालन कारणों के कारण एयरलाइन द्वारा परिचालन कम करने की घोषणा के एक दिन बाद यह बात सामने आई है। डीजीसीए ने मंगलवार को बयान में कहा कि विस्तारा की विभिन्न उड़ान बाधाओं के मद्देनजर उसने एयरलाइन को रद्द की जा रही और विलंबित उड़ानों की दैनिक जानकारी तथा विवरण देने को कहा है।

डीजीसीए के अधिकारी उड़ान रद्द होने और देरी की स्थिति में यात्रियों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए जरूरी आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित करने को स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। नियामक ने कहा, यह यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए है। नागर विमानन मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि वह विस्तारा की उड़ानें रद्द होने की स्थिति पर नजर रख रहा है।

## पीपलको ने नए निवेशकों के लिए 'लेमन' ऐप पेश किया

**नयी दिल्ली।** उद्यमी आशीष सिंघल, गोविंद सोनी और विमल सागर तिवारी की कंपनी पीपलको ने एक शेयर निवेश ऐप 'लेमन' पेश की है। इसका मकसद नए निवेशकों के लिए प्रक्रिया को सरल करना है। सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि 'लेमन' शेयर ब्रोकिंग में पीपलको के विस्तार का प्रतीक है। इसका स्वयं का प्रबंधन और संचालन दल के साथ एक अलग व्यापार प्रभाग होगा। देवम सरदाना 'लेमन' में दल का नेतृत्व करेंगे। बयान में कहा गया, ....सफल उद्यमियों आशीष सिंघल, गोविंद सोनी और विमल सागर तिवारी के मंच पीपलको ने एक शेयर निवेश ऐप 'लेमन' पेश की है।'' पीपलको समूह के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी आशीष सिंघल ने कहा, लाखों भारतीयों को आज भी शेयर बाजार जटिल लगता है।

# सड़क परिवहन मंत्रालय ने 40,314 करोड़ जुटाए

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2023-24 में अपनी परिसंपत्तियों के मौद्रीकरण के जरिये कुल 40,314 करोड़ रुपये जुटाए हैं, जो निर्धारित लक्ष्य से काफी अधिक है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि मंत्रालय ने टोल वसूली-परिचालन- हस्तांतरण (टीओटी) समूहों के मौद्रीकरण के जरिये समाप्त वित्त वर्ष में 15,968 करोड़ रुपये जुटाए जबकि अवसंरचना निवेश न्यास (इनविट) के माध्यम से 15,700 करोड़ रुपये और प्रतिभूतियों की बिक्री के जरिये 8,646 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इस तरह वित्त वर्ष 2023-24 के लिए संपत्ति मौद्रीकरण के जरिये जुटाई गई राशि 28,968 करोड़ रुपये के निर्धारित लक्ष्य से आगे निकल गई। मंत्रालय ने संपत्ति मौद्रीकरण के जरिये वित्त वर्ष 2022-23 में 32,855 करोड़ रुपये जुटाए थे। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय फिलहाल अपनी परिसंपत्तियों का मौद्रीकरण तीन तरीकों से करता है जिसमें टीओटी मॉडल, इनविट और परियोजना-आधारित वित्तपोषण शामिल है। इस तरह सभी श्रेणियों के निवेशकों को संबंधित परिसंपत्तियों में निवेश करने का अवसर दिया जाता है। इनविट म्यूचुअल फंड की तर्ज पर एक निवेश साधन है, जिसे निवेशकों से पैसा इकट्ठा करने और परिसंपत्तियों में निवेश करने के लिए बनाया है।

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
| --- | --- |
| सोना स्टैंडर्ड | 68,750 |
| सोना रवा | 68,600 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 76,300 |
| चांदी (999) | 76,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

## लखनऊ मंडी

अजवाइन 180–225 मेंथी 70–90। **मेवा :** चिरौंजी 2100–2300 छुआरा 150–250 मखाना 750–900 किशमिश 180–225 काजू 600–1100 बादाम 450–920 छोटी इलाइची 1900–2200 बड़ी इलाइची 1300–1500 लौंग 940–1000 कत्था 1400–1600 कपूर 500–650 गोलाकश 130–140।

# बायजू 500 कर्मियों की छंटनी करेगी, ट्यूशन सेंटर होंगे प्रभावित

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

वित्तीय संकट से घिरे शिक्षा-प्रौद्योगिकी मंच बायजू को फिर से पटरी पर लाने की कोशिशों के बीच करीब 500 कर्मचारियों की छंटनी की जा रही है। सूत्रों ने कहा कि यह छंटनी कारोबार पुनर्गठन की कोशिशों का हिस्सा है। इसकी शुरुआत 15-20 दिन पहले हुई थी और इस प्रक्रिया में करीब 500 कर्मचारी प्रभावित हो सकते हैं।

नौकरी में कटौती का नवीनतम दौर बिक्री कार्यों, शिक्षकों और कुछ ट्यूशन केंद्रों को प्रभावित करेगा। हालांकि सूत्रों ने कहा कि बायजू को बेहद खराब स्थिति में ही आगे चीजों को सुसंगत करने की जरूरत पड़ सकती है। ऐसी सूचना है कि कुछ प्रभावित कर्मचारियों को फोन पर छंटनी की सूचना दे दी गई है। लेकिन छंटनी के संबंध में बायजू ने कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। बायजू के प्रवक्ता ने एक ईमेल प्रतिक्रिया में कहा, ''हम परिचालन ढांचे को सरल बनाने, लागत आधार को कम करने और बेहतर नकदी प्रवाह प्रबंधन के लिए अक्टूबर, 2023 में घोषित कारोबार पुनर्गठन अभ्यास के अंतिम चरण में हैं।''

## रुपया तीन पैसे फिसला

**मुंबई।** आयातकों और बैंकरों की लिवाली के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया तीन पैसे फिसलकर 83.42 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.39 रुपये प्रति डॉलर रहा था। शुरूआती कारोबार में रुपया दो पैसे को बढ़त लेकर 83.37 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान हुई बिकवाली की बदौलत 83.34 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह 83.43 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। पिछले दिवस के 83.39 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में तीन पैसे फिसलकर 83.42 रुपये प्रति डॉलर रह गया।

# भीषण गर्मी में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावाट पहुंचने के आसार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

इन गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावाट पर पहुंच जाने के अनुमान के बीच कोयले से पैदा होने वाली बिजली पर भारत की अत्यधिक निर्भरता बने रहने के आसार हैं। बिजली मंत्रालय के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि देश के कुछ हिस्सों में इस साल भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। इस दौरान बिजली की मांग भी काफी बढ़ जाएगी और मंत्रालय इसे ध्यान में रखते हुए अपनी तैयारी कर रहा है।

अधिकारी ने कहा कि नवीकरणीय क्षमताओं में वृद्धि जारी होने के बीच चरम मांग को पूरा करने के लिए बिजली संयंत्रों में कोयले का भंडार जमा किया जा रहा है। इसके अलावा सौर ऊर्जा भी मांग को पूरा करने में काफी मदद करेगी। मंत्रालय ने सभी बिजली उत्पादक कंपनियों, खासकर कोयले से चलने वाले ताप-विद्युत संयंत्रों को अपनी रखरखाव योजनाओं को टालने का निर्देश दिया है। इसके अलावा गैस-आधारित बिजली संयंत्रों को बिजली पैदा करने के लिए उपलब्ध रहने को कहा गया है। भारतीय मौसम-विज्ञान विभाग ने मंगलवार को अनुमान जताया कि भारत में अप्रैल-जून की अवधि में भीषण गर्मी का सामना करना होगा। इसकी सबसे ज्यादा मार देश के मध्य और पश्चिमी प्रायद्वीपीय हिस्सों पर पड़ने की आशंका है। इसके अलावा, अधिकांश मैदानी इलाकों में सामान्य से अधिक लू चलने का अनुमान है। मौसम विभाग का कहना है कि देश के विभिन्न हिस्सों में सामान्यतः चार से आठ दिन की तुलना में 10-20 दिन तक लू चल सकती है। बिजली मंत्रालय का अनुमान है कि देश में अधिकतम मांग 260 गीगावाट तक पहुंच सकती है, जो पिछले साल सितंबर के रिकॉर्ड 243 गीगावाट से अधिक है।



## एक नजर

### आबकारी विभाग ने 32 हजार बल्क लीटर अवैध शराब की जब्त

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के राज्य कर एवं आबकारी विभाग ने प्रदेश में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ व्यापक अभियान आरम्भ किया है। यह जानकारी देते हुए आयुक्त डॉ. यूनुस ने मंगलवार को यहां बताया कि विभाग ने एक सघन अभियान के दौरान जिला बिलासपुर जिला के दबट व माजरी इत्यादि क्षेत्रों में तलाशी अभियान के दौरान अवैध शराब की 10 भट्टियों पर कार्रवाई की। पंजाब के आबकारी विभाग के साथ की गई इस संयुक्त कार्रवाई में 18000 बल्क लीटर लाहन बरामद कर नष्ट किया गया। इसकी अनुमानित कीमत 18 लाख रुपये आंकी गई है।

### अरुणाचल प्रदेश भारत का अविभाज्य अभिन्न अंग : पेमा खांडू

**ईटानगर।** मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने मंगलवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अविभाज्य अभिन्न अंग है। उन्होंने बीजिंग द्वारा राज्य में 30 और स्थानों के लिए चीनी नामों की घोषणा को ''एक और नौटंकी'' करार दिया। खांडू ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के गौरवान्वित नागरिक और देशभक्त लोग चीन की ऐसी हरकतों को खारिज कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा, भारत का एक गौरवान्वित नागरिक और अरुणाचल प्रदेश का मूल निवासी होने के नाते, मैं अरुणाचल प्रदेश के आंतरिक स्थानों के (चीनी) नामकरण के इस कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं।

### पूर्व भाजपा विधायक की पत्नी फिर पार्टी में शामिल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन बार विधायक रहे राकेश वर्मा की पत्नी इंदु वर्मा मंगलवार को अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल की उपस्थिति में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। हिमाचल विधानसभा के लिए 2022 में हुए चुनाव से ठीक पहले वह कांग्रेस में शामिल हो गई थीं, लेकिन ठियोग सीट से टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा। विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने ठियोग सीट से पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख कुलदीप राठौर को मैदान में उतारा था।

# मोदी से राहुल का कोई मुकाबला नहीं: शाह

## इंडिया समूह को वंशवादियों और भ्रष्टाचारियों का गठबंधन करार दिया

**बेंगलुरु, एजेंसी**



केंद्रीय गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए इंडिया समूह को वंशवादियों और भ्रष्टाचारियों का गठबंधन करार दिया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गांधी का कोई मुकाबला नहीं है।

शाह ने यहां पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, "आगामी आम चुनावों में एक तरफ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और भाजपा है, वहीं दूसरी ओर 'परिवारवादियों' और 'भ्रष्टाचारियों' का यह द इंडिया समूह है।'' उन्होंने दावा किया कि राजग राज्य की सभी 28 सीटें जीतेगी। उन्होंने सत्तारूढ़ कांग्रेस पर राज्य में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने मोदी की ईमानदारी की प्रशंसा करते हुए दावा किया कि उनके (मोदी) के नेतृत्व में भाजपा ने पारदर्शिता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। गृह मंत्री ने कहा, "लोगों के पास स्पष्ट विकल्प है। एक ओर जहां मोदी ने एक पैसे के भ्रष्टाचार के बिना 23 वर्षों तक शासन किया है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस ने 12 लाख करोड़ रुपये का घोटाला किया है। ये लोग जहां कहीं भी सत्ता में आते हैं, भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाते हैं। इनका दिमाग कभी भी लोगों की सेवा करने पर केंद्रित नहीं होता है।" उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार की भी निंदा की। उन्होंने इसकी तुलना मोदी के भ्रष्टाचार मुक्त शासन के रिकॉर्ड से की। उन्होंने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के तौर पर मोदी के अपने कार्यकाल के दौरान कोई छुट्टी न लेने की उनकी कार्य नीति का उल्लेख करके उनके (मोदी के) समर्पण का उल्लेख किया। शाह ने कहा, " प्रधानमंत्री हमेशा भारत के लिए काम करते हैं। वह एक दिन की भी छुट्टी नहीं लेते हैं, जबकि राहुल 'बाबा' गर्मियों की छुट्टियों में घूमने के लिए विदेश जाते हैं। प्रत्येक छह महीने में कांग्रेस कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें ढूंढने लगते हैं। पूरा देश इस समय मोदी के साथ खड़ा है।" इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता बी.एस. येदियुरप्पा, प्रह्लाद जोशी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।



जम्मू–कश्मीर में लोकसभा चुनाव को देखते हुए सेना और पुलिस अलर्ट पर हैं। वहीं जम्मू संभाग के पुंछ जिले के मेंढर क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने संक्त टीम के साथ संवेदनशील स्थानों का दौरा किया। ● एजेंसी

## महाराष्ट्र सदन घोटाला मामले में भुजबल को जारी किया नोटिस

**मुंबई, एजेंसी**

बॉम्बे उच्च न्यायालय ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता एवं महाराष्ट्र सरकार में मंत्री छगन भुजबल और उनके परिवार के सदस्यों को एक याचिका पर मंगलवार को नोटिस जारी किये हैं। इस याचिका में भुजबल और उनके परिजनों को नयी दिल्ली के महाराष्ट्र के सदन के निर्माण में कथित घोटाले से संबधित एक मामले में सत्र न्यायालय द्वारा आरोप मुक्त किये जाने को चुनौती दी गयी है। न्यायमूर्ति एस एम मोदक की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार के भ्रष्टाचार निवारक ब्यूरो (एसीबी) के माध्यम से भुजबल, उनके पुत्र पंकज, भतीजा समीर और छह अन्य को नोटिस भेजे हैं। अदालत अब इस मामले की अगली सुनवाई 29 अप्रैल को करेगी।

# फर्जी खबरों के विरुद्ध ऑनलाइन रजिस्टर

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

चुनाव आयोग ने नयी लोकसभा चुनने के लिए इस समय जारी प्रक्रिया में फर्जी खबरों और सूचनाओं से निपटने के लिए मंगलवार को 'कल्पना बनाम सच्चाई रजिस्टर' नाम से एक नया सार्वजनिक ऑनलाइन रजिस्टर शुरू किया है। इस रजिस्टर को अद्यतन फैक्ट-चेक (तथ्यों की जांच) में उजागर नकली सूचनाओं और आयोग द्वारा चुनाव संबंधी विषयों में समय-समय पर जारी की जाने वाली सामान्य प्रश्नोत्तरी (एफएक्यू) को शामिल करने के लिए नियमित रूप से अपडेट किया जाएगा। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह पहल गलत सूचनाओं के प्रसार से निपटने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के लिए आयोग द्वारा किए जा रहे उपायों का हिस्सा है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अपने साथी दोनों चुनाव आयुक्तों - ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ निर्वाचन सदन में आयोजित एक समारोह में चुनाव आयोग की अधिकृत वेबसाइट पर इस रजिस्टर का उद्घाटन किया। आयोग ने कहा है कि ' कल्पना बनाम सच्चाई रजिस्टर' की शुरूआत चुनावी प्रक्रिया को गलत सूचना से बचाने के लिए आयोग के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कोशिश है।

## अरविंद केजरीवाल की नैतिकता समाप्त हो चुकी है : भाजपा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा जेल से सरकार चलाने पर आड़े हाथों लेते हुए मंगलवार को कहा कि अब भ्रष्ट आचरण से केजरीवाल की नैतिकता समाप्त हो चुकी है और दिल्ली की जनता उनसे मुक्ति चाहती है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इंडिया समूह पर जमकर हमला बोला और भ्रष्टाचार के आरोप में संलिप्त दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा जेल से सरकार चलाने पर सवाल उठाए। भाटिया ने इंडिया समूह पर निशाना साधा।

## निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में दो आईजी, आठ डीएम, 12 पुलिस अधीक्षकों के तबादले किए

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के लिए अपनी ''नियमित समीक्षा'' के तहत मंगलवार को पांच राज्यों में दो पुलिस महानिरीक्षकों (आईजी), आठ जिलाधिकारियों और 12 पुलिस अधीक्षकों के तबादले का आदेश जारी किया।

आयोग ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू भी उपस्थित थे। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के लिए तारीखों की 16 मार्च को घोषणा की थी। ये चुनाव सात चरणों में, 19 अप्रैल से एक जून तक होंगे। मतगणना चार जून को होगी। साथ ही, जिन अधिकारियों को मौजूदा पदस्थापन से हटा दिया गया है, उन्हें लोकसभा चुनाव संपन्न होने तक कोई चुनावी ड्यूटी नहीं दी जाए। संबंधित राज्य सरकारों को निर्देश दिया गया है कि वे भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के नामों की एक सूची आयोग को भेजें तथा 'शॉर्टलिस्ट' किए गए अधिकारियों को स्थानांतरित अधिकारियों के स्थान पर नियुक्त किया जाए। स्थानांतरित किये गए पुलिस महानिरीक्षकों में आंध्र प्रदेश के गुंटुर क्षेत्र और ओडिशा में मध्य क्षेत्र के आईजी शामिल हैं। स्थानांतरित किये गए अन्य अधिकारियों में बिहार के भोजपुर जिले के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक, नवादा जिले के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक तथा असम में उदलगिरि के जिलाधिकारी शामिल हैं। वहीं, आयोग ने झारखंड के मुख्य सचिव को पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रांची, पुलिस उपमहानिरीक्षक (पलामू) और पुलिस महानिरीक्षक (दुमका) के पदों पर रिक्तियों को भरने के लिए अधिकारियों के नाम की एक सूची भेजने को कहा है।

# ओडिशा विस चुनाव के लिए भाजपा की सूची जारी

**नयी दिल्ली/भुवनेश्वर, दो अप्रैल (भाषा)**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को आगामी ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए 112 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पार्टी ने अपने 22 मौजूदा विधायकों में से 21 पर फिर से भरोसा जताते हुए उन्हें उम्मीदवार बनाया है। भाजपा का टिकट नहीं पाने वाले एकमात्र विधायक पुरी जिले के ब्रह्मगिरि से ललितेंदु विद्याधर महापात्रा हैं। महापात्रा की भतीजी उपासना महापात्रा को ब्रह्मगिरी विधानसभा सीट से टिकट मिला है।

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के खिलाफ हिंजली विधानसभा सीट से शिशिर मिश्रा को मैदान में उतारा गया है। इस सूची में उपासना सहित आठ महिला उम्मीदवार हैं। इनमें सुंदरगढ़ की विधायक कुसुम टेटे, सेबती नायक (बोनाई), बबीता मलिक (बिंझरपुर), स्मृति रेखा पाही (धर्मशाला), कल्पना कुमार खारा (बालीगुडा), पार्वती परीदा (नीमापारा) और प्रत्यूषा राजेश्वरी सिंह (नयागढ़) शामिल हैं। प्रत्यूषा राज्य की सत्ताधारी बीजू जनता दल (बीजद) की पूर्व सांसद हैं और नयागढ़ विधानसभा सीट से पूर्व मंत्री और मौजूदा विधायक अरुण कुमार साहू के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी। सूची के अनुसार, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल भद्रक जिले की चांदबली विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे, जबकि पार्टी के वरिष्ठ नेता और बरगढ़ से मौजूदा सांसद सुरेश पुजारी ब्रजराजनगर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। पुजारी को इस बार लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी के टिकट से वंचित कर दिया गया था। पिछले दिनों भाजपा में शामिल होने वाले अभिनेता और दो बार के सांसद रहे सिद्धांत महापात्रा को डिगपींडी से भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है।

ओडिशा विधानसभा में विपक्ष के नेता जयनारायण मिश्रा अपनी पारंपरिक विधानसभा सीट संबलपुर से चुनाव लड़ेंगे। इसी तरह पूर्व मंत्री और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केवी सिंहदेव बोलांगीर जिले की पटनागढ़ विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। उनकी पत्नी संगीता कुमारी सिंह देव बोलंगीर लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार हैं। बीजद के पांच दलबदलुओं, अरविंद धाली, आकाश दास नायक, सिद्धांत महापात्रा, पूर्ण चंद्र सेठी और प्रियदर्शी मिश्रा को भाजपा ने टिकट दिया है। अरबिंद धाली खुर्दा जिले की जयदेव विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। अभिनेता से नेता बने आकाश दास नायक को जाजपुर जिले की कोरई विधानसभा सीट से टिकट दिया गया है जबकि बीजद के पूर्व विधायक प्रियदर्शी मिश्रा भुवनेश्वर उत्तर सीट से चुनाव लड़ेंगे। बीजद छोड़कर 26 मार्च को भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायक पूर्ण चंद्र सेठी खल्लीकोट विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे।



## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +1.249 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.047 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.976 |
| गुजरात टाइटंस | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | -0.738 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | +0.204 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.016 |
| पंजाब किंग्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.337 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.711 |
| मुंबई इंडियंस | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | -1.423 |




क्विंटन डिकॉक


विकेट लेने के बाद कुछ इस तरह जश्न मनाते आरसीबी के ग्लेन मैक्सवेल।

# डिकॉक के अर्धशतक से एलएसजी ने बनाए 181 रन

## निकोलस पूरन ने ताबड़तोड़ नाबाद 40 रनों की पारी खेली, आरसीबी के लिए ग्लेन मैक्सवेल ने दो विकेट चटकाए



निकोलस पूरन

बेंगलुरु, एजेंसी

सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक की 56 गेंद में 81 रन की ताबड़तोड़ पारी के दम पर लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में मंगलवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ पांच विकेट पर 181 रन बनाये।

डिकॉक ने अपनी पारी में आठ चौके और पांच छक्के लगाने के साथ पहले विकेट के लिए लोकेश राहुल (14 गेंद में 20 रन) के साथ 53 रन और मार्कस स्टोइनिस (15 गेंद में 24 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी की। निकोलस पूरन ने आखिरी ओवरों में 21 गेंद में पांच छक्के की मदद से नाबाद 40 रन बनाये। आरसीबी के लिए ग्लेन मैक्सवेल ने चार ओवर में महज 23 रन देकर दो विकेट चटकाये। रीस टॉप्ली, यश दयाल और मोहम्मद सिराज को एक-एक सफलता मिली। दयाल ने चार ओवर में सिर्फ 24 रन दिये।

### 4 आईपीएल टीमों का बिसलरी बना हाइड्रेशन पार्टनर

**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख बोतलबंद पीने का पानी, बिसलरी इंटरनेशनल ने मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात टाइटन्स, मुंबई इंडियन्स, राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के साथ हाइड्रेशन पार्टनर के रूप में साझेदारी की घोषणा की। कंपनी के सेल्स एंड मार्केटिंग निदेशक तुषार मल्होत्रा ने कहा " पांच जानी-मानी क्रिकेट फ्रेंचाइजी के साथ क्रिकेट के इस मौसम में प्रवेश करते हुए हम बेहद खुश हैं। बिसलेरी हैशडिंक्रइटअप के तहत हम एक मार्केटिंग कैम्पेन शुरू करने वाले हैं। इसमें हमारे साझेदार टीमों के खिलाड़ियों की तस्वीरों वाला सीमित-एडिशन पैक दिखाया जाएगा।

डिकॉक और राहुल ने लखनऊ को तेज शुरुआत दिलाई जिसमें दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने पहले ओवर में रीस टॉप्ली के खिलाफ तीन चौके लगाने के बाद मोहम्मद सिराज के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्के जड़कर अपने इरादे जाहिर कर दिये। अब तक संभल कर खेल रहे राहुल ने पांचवें ओवर में यश दयाल और छठे ओवर में मैक्सवेल की गेंद को दर्शकों के पास भेजा लेकिन ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला ने अगली गेंद पर उन्हें अपनी फिरकी में फंसाकर मयंक डागर के हाथों कैच कराया। देवदत्त पडिक्कल का संघर्ष इस मैच में जारी रहा जो 11 गेंद में सिर्फ छह रन बनाकर सिराज की गेंद पर आकाशीय शॉट खेल बैठे जिस पर विकेटकीपर अनुज रावत ने अच्छा कैच लपका। डिकॉक ने 12वें ओवर में डागर पर चौके के साथ अपना अर्धशतक जबकि छक्के के साथ टीम की रनों का शतक पूरा किया। उन्होंने इसके बाद स्टोइनिस के साथ रन गति को तेज करने पर ध्यान दिया और कैमरून ग्रीन के ओवर से 19 रन बटोरे। इसमें डिकॉक ने छक्का और चौका जबकि स्टोइनिस का छक्का शामिल था। स्टोइनिस ने मैक्सवेल पर छक्का लगाकर डिकॉक के साथ 26 गेंद में अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। मैक्सवेल ने हालांकि इसी ओवर में स्टोइनिस को पवेलियन की राह दिखायी। टॉप्ली ने 17वें ओवर में डिकॉक की शानदार पारी का अंत किया लेकिन उनके अगले ओवर में शानदार लय में चल रहे पूरन ने हैट्रिक छक्का जड़ दिया। पूरन ने आखिरी ओवर में सिराज के खिलाफ दो छक्के लगाकर टीम के स्कोर को 180 के पार पहुंचाया।

### एलएसजी पारीः

| | |
|---|---|
| डिकॉक का डागर बो टॉप्ली | 81 |
| राहुल का डागर बो मैक्सवेल | 20 |
| पडिक्कल का रावत बो सिराज | 06 |
| स्टोइनिस का डागर बो मैक्सवेल | 24 |
| निकोल्स पूरन नाबाद | 40 |
| बडोनी का डुप्लेसिस बो दयाल | 00 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 00 |

**अतिरिक्त :** 10

**कुल योग :** 20 ओवर में पांच विकेट पर 181 रन

**विकेट पतन :** 1-53, 2-73, 3-129, 4-143, 5-148

**गेंदबाजी :** टॉप्ली 4-0-39-1, दयाल 4-0-24-1, सिराज 4-0-47-1, मैक्सवेल 4-0-23-2, डागर 2-0-23-0, ग्रीन 2-0-25-0

## खेल डायरी

### प्रज्ञानानंदा सर्वश्रेष्ठ के तौर पर शुरू करेंगे अभियान

**टोरंटो।** युवा शतरंज खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा अगले विश्व चैंपियनशिप मैच के लिए चुनौती तय करने के लिए बुधवार से यहां शुरू होने वाले कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में तीन भारतीय प्रतिभागियों के बीच सबसे मजबूत दावेदार के रूप में अपना अभियान शुरू करेंगे। प्रज्ञानानंदा के साथ डी गुकेश और विदित गुजराती कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे। लगभग 35 वर्षों के बाद आठ खिलाड़ियों के इस टूर्नामेंट के लिए तीन भारतीयों ने क्वालिफिकेशन हासिल किये हैं। कुछ विशेषज्ञ भारत को शतरंज की दुनिया का नया रूस मान रहे हैं क्योंकि पहले ऐसा दबदबा सिर्फ रूस के खिलाड़ियों का ही दिखता था।

### हाथापाई के मामले में दीपक शर्मा को निलंबित किया

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मंगलवार को कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को आगामी सूचना तक निलंबित कर दिया। शर्मा पर गोवा में दो महिला खिलाड़ियों के साथ कथित तौर पर मारपीट का आरोप है। इंडियन वुमैंस फुटबॉल लीग सेकंड डिविजन में भाग लेने गई हिमाचल प्रदेश स्थित खाड एफसी की दो फुटबॉल खिलाड़ियों ने आरोप लगाया था कि क्लब के मालिक शर्मा 28 मार्च की रात उनके कमरे में घुस गए और उन्हें पीटा। शनिवार को एआईएफएफ ने शर्मा को जांच पूरी होने तक फुटबॉल संबंधित गतिविधियों से दूर रहने को कहा था।

### श्रृंखला खेलने आस्ट्रेलिया रवाना भारतीय हॉकी टीम

**नयी दिल्ली।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये छह अप्रैल से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलने आस्ट्रेलिया रवाना हो गई। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम सोमवार की रात रवाना हुई। भारतीय टीम ने हाल ही में भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग के चार में से तीन मैच जीते थे। छह अप्रैल को पहले मैच के बाद सात, 10, 12 और 13 अप्रैल को मैच होने हैं। हरमनप्रीत ने रवानगी से पहले कहा, ''इस दौरे को लेकर हम काफी उत्साहित हैं। इससे हमें पेरिस ओलंपिक से पहली अपनी ताकत और कमजोरियों का पता चलेगा और सुधार का मौका भी मिलेगा।''

### बेन स्टोक्स टी20 विश्व कप में नहीं खेलेंगे

**लंदन।** इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी बेन स्टोक्स आगामी टी20 विश्व कप से यह कहते हुए हट गए हैं कि इस 'बलिदान' से उन्हें पूरी ताकत से गेंदबाजी करने के लिए फिटनेस हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी और वह निकट भविष्य में वह ऑलराउंडर बन पाएंगे जो बनना चाहते हैं। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान स्टोक्स ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में इस शीर्ष प्रतियोगिता के शुरू होने से दो महीने पहले इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को अपने फैसले के बारे में जानकारी दे दी है। ईसीबी द्वारा जारी बयान में स्टोक्स ने कहा, ''मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और मेरा ध्यान गेंदबाजी फिटनेस हासिल करने पर है जिससे कि क्रिकेट के सभी प्रारूपों में ऑलराउंडर की भूमिका निभा सकूं।''

### बिंदियारानी को भारोत्तोलन विश्व कप में कांस्य पदक

**फुकेट (थाईलैंड)।** राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता भारोत्तोलक बिंदियारानी देवी ने मंगलवार को यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में महिलाओं की 55 किग्रा स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। गैर ओलंपिक भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए 25 वर्षीय बिंदियारानी ने कांस्य पदक जीतने के दौरान कुल 196 किग्रा (83 और 113 किग्रा) उठाया। हालांकि यह मणिपुरी भारोत्तोलक उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई। उन्होंने 2022 में बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में 203 किग्रा के कुल प्रयास के साथ रजत पदक जीता था। भारतीय खिलाड़ी छह प्रयासों में सिर्फ तीन वैध प्रयास कर सकी। उनका कुल वजन का प्रयास उत्तर कोरिया की कांग ह्योन ग्योंग से 38 किग्रा कम था जिन्होंने कुल 234 किग्रा (103 और 131 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता।

### भारत के अनिरूद्ध चंद्रशेखर और विजय प्रशांत एटीपी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में

**ह्यूस्टन।** भारत के अनिरूद्ध चंद्रशेखर और विजय प्रशांत की जोड़ी अमेरिका में एटीपी टूर पर पुरूषों की क्लेकोर्ट चैम्पियनशिप के युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। भारतीय जोड़ी ने अमेरिकी वाइल्ड कार्डधारी माइकल एममो और फ्रांसिस टियाफो को 6-3 , 6-4 से हराया। अब उनका सामना आस्ट्रेलिया के चौथी वरीयता प्राप्त एम पर्सल और जे थॉम्पसन से होगा। प्रशांत इस समय युगल रैंकिंग में 101वें और चंद्रशेखर 113वें स्थान पर है।

# कोलकाता नाइट राइडर्स की चुनौती के लिए तैयार है दिल्ली कैपिटल्स

विशाखापत्तनम, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स की नजरें बुधवार को आईपीएल के मैच में यह साबित करने पर लगी होंगी कि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मिली जीत कोई तुक्का नहीं थी जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स की नजरें जीत की हैट्रिक पर लगी होंगी। दिल्ली ने रविवार को गत चैम्पियन चेन्नई को 20 रन से हराया जो इस सत्र में उनकी पहली जीत थी। अब उनका सामना केकेआर से है जिसके बल्लेबाजों ने 29 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के गेंदबाजों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था।

दिल्ली के लिये आस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर और पृथ्वी साव पर अच्छी शुरूआत देने की जिम्मेदारी होगी। इस बीच ऋषभ पंत ने पहले दो मैचों में औसत प्रदर्शन के बाद अपने पुराने फॉर्म में लौटते हुए 32 गेंद में 51 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स और आस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श भी विरोधी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में माहिर हैं। स्टब्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया और टीम उनसे इस लय को कायम रखने की उम्मीद कर रही होगी। मार्श ने अभी तक उस तरह की बल्लेबाजी नहीं की है जिसके लिये वह जाने जाते हैं। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया को अभी तक लय नहीं मिली है जो चोट के कारण लंबे समय बाद लौटे हैं।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नीतिश राणा, मनीष पांडे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, शाकिब अल हसन, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, शेरफाने रदरफोर्ड, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, केएस भरत, फिल साल्ट, रहमानुल्लाह गुरबाज, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, दुष्मंता चामीरा, वरूण चक्रवर्ती, मिचेल स्टार्क, मुजीब उर रहमान, हर्षित राणा, सुयश शर्मा । **दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स । **मैच का समय :** शाम 7.30 से ।

## बांग्लादेश से दूसरा टेस्ट जीतने की दहलीज पर श्रीलंका

**चटगांव (बांग्लादेश)।** श्रीलंका ने 511 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे बांग्लादेश का स्कोर मंगलवार को यहां सात विकेट पर 268 रन करके दूसरे टेस्ट में जीत और श्रृंखला में सूपड़ा साफ करने की ओर कदम बढ़ाए। तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा, बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या और कामचलाऊ गेंदबाज कामिंदु मेंडिस ने दो-दो विकेट चटकाकर दूसरे टेस्ट के चौथे दिन श्रीलंका को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। दिन का खेल खत्म होने पर मेहदी हसन 49 गेंद में सात चौकों की मदद से 44 जबकि ताइजुल इस्लाम 10 रन बनाकर खेल रहे थे। बांग्लादेश की टीम को जीत के लिए अब भी 243 रन की दरकार है और उसकी हार तय नजर आ रही है।

# आईपीएल मैच का बदला कार्यक्रम : बीसीसीआई

नयी दिल्ली, एजेंसी


कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के घरेलू मैच को मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन 16 अप्रैल को कराने का फैसला किया गया जबकि गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच अहमदाबाद में होने वाले मैच के कार्यक्रम में भी बीसीसीआई ने बदलाव किया है।

पीटीआई ने सोमवार को अपनी खबर में कहा था कि केकेआर और रॉयल्स के बीच 17 अप्रैल को होने वाले मुकाबले के कार्यक्रम में राम नवमी के कारण बदलाव लगभग तय है। बीसीसीआई ने हालांकि इन दोनों मैच के कार्यक्रम में बदलाव का कोई कारण नहीं बताया। बीसीसीआई ने बयान में कहा, ''कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 17 अप्रैल 2024 को होने वाला मुकाबला अब एक दिन पहले 16 अप्रैल 2024 को होगा।'' बोर्ड ने कहा, ''अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को पहले गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच 16 अप्रैल 2024 को मैच की मेजबानी करनी थी। यह मुकाबला अब 17 अप्रैल 2024 को होगा।'' पता चला है कि कोलकाता पुलिस ने आईपीएल के 17वें सत्र के केकेआर के तीसरे घरेलू मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने में असमर्थता जताई।



## बॉलीवुड हलचल

# दोस्त उड़ाते थे शक्ल का मजाक, आज अजय देवगन हैं बॉलीवुड के सुपरस्टार



**मुंबई, एजेंसी।** बोल बच्चन, सिंघम सीरीज, शिवाय जैसी सुपरहिट फिल्में देने वाले अजय देवगन आज 55 साल के हो चुके हैं। सांवली रंगत और भारी आवाज वाले अजय देवगन, स्टंट डायरेक्टर वीरू देवगन के बेटे हैं। कभी गुंडागर्दी के लिए कॉलेज में मशहूर अजय ने जब अपने दोस्तों से कहा कि वो हीरो बनेंगे, तो दोस्त मजाक उड़ाते हुए हंस पड़े और हैरानी से पूछा- तू हीरो बनेगा? आज यही अजय देवगन बॉलीवुड के सबसे कामयाब एक्टर्स में शामिल हैं। शाहरुख हों, सलमान हों या आमिर, 90 दशक के हर स्टार ने किसी न किसी साल फ्लॉप फिल्में दीं या ब्रेक लिया, लेकिन अजय इकलौते एक्टर हैं, जिन्होंने 1991 की फिल्म फूल और कांटे से डेब्यू के बाद आज तक 33 सालों में कभी न ब्रेक लिया न बिना हिट दिए साल गुजारा। 122 फिल्मों के अलावा अजय सिनेमा से जुड़ी फ्यूचरिस्टिक अप्रोच के लिए भी चर्चा में रहते हैं। प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत करने वाले शुरुआती एक्टर्स में से ये एक हैं। अजय भारत के पहले एक्टर हैं, जिन्होंने वीएफएक्स स्टूडियो की शुरुआत की। अब अजय थिएटर चेन एनवाई सिनेमा के भी मालिक हैं। 600 करोड़ के इन्वेस्टमेंट के साथ अजय फिलहाल 65 प्लस थिएटर्स के मालिक हैं और आने वाले सालों में वो इस बिजनेस को एक्सपैंड कर देशभर में 250 स्क्रीन्स के मालिक बनने वाले हैं।



# जैजी बी ने महिलाओं के लिए गाने में यूज किया आपत्तिजनक शब्द

**मुंबई, एजेंसी।** पॉपुलर पंजाबी सिंगर जैजी बी विवादों में फंस गए हैं। उनके एक नए गाने की वजह से विवाद खड़ा हो गया है। खबर है कि इस सॉन्ग की वजह से विवाद गहरा गया है और अब मामला महिला आयोग में चला गया है। दरअसल, सिंगर का नया गाना 'मड़क शौकीनां दी' को हाल ही में रिलीज किया गया है। इसे एक हफ्ते पहले यूट्यूब पर रिलीज किया गया था और अब तक ये 3 मिलियन से ज्यादा व्यूज बटोरने में सफल हो चुका है लेकिन इसी बीच ये विवादों में आ गया है। इस गाने पर आरोप है कि इसमें महिलाओं के लिए अपमानजनक शब्द का प्रयोग किया गया है। इस पर महिला आयोग की ओर से एक्शन लिया गया है और पंजाब पुलिस की ओर से इस पर एक हफ्ते के अंदर रिपोर्ट मांगी गई है।जैजी बी के गाने 'मड़क शौकीनां दी' से जुड़े विवाद की बात की जाए तो इसके लिरिक्स उन्होंने खुद लिखे हैं। इसमें महिलाओं के लिए 'भेड़' शब्द का इस्तेमाल किया गया है। इसे लेकर महिला आयोग पंजाबी सिंगर जैजी पर खफा हो गया है। इसके बाद आयोग की ओर से जैजी के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने की मांग की जा रही है। गाने के विरोध में बरनाला, पंजाब में जैजी बी का पुतला भी जलाया गया।

# शो में सिद्धू बनकर कपिल शर्मा ने अर्चना पूरन सिंह को गोद में बिठाया



**मुंबई, एजेंसी।** रणबीर कपूर, नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर स्पेशल 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के प्रीमियर एपिसोड के बाद, कॉमेडियन कपिल शर्मा ने अपकमिंग दूसरे एपिसोड की एक झलक पेश की है। इस बार, सुर्खियों में क्रिकेटर रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर हैं, जो अपने मजाक और अनसुने किस्सों से शो की रौनक बढ़ा रहे हैं। प्रमोशनल क्लिप एयरहोस्टेस के रूप में कृष्णा अभिषेक के साथ शुरू होती है, जो दोनों क्रिकेट सितारों रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर के साथ छेड़खानी करते हैं। रोहित अपने साथी साथियों पर मज़ाकिया कटाक्ष करते हैं और उन्हें 'सुस्त मुर्गे' कहते हैं, जबकि श्रेयस सीनियर खिलाड़ियों की एंटरटेनिंग स्टोरीज शेयर करते हैं। टीज़र में क्रिकेटर्स को कपिल और उनकी टीम के साथ क्रिकेट खेलते हुए दिखाया गया है। कपिल पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू बनकर पहुंचते हैं, जो उनके पिछले शो, कॉमेडी नाइट्स विद कपिल और द कपिल शर्मा शो में अर्चना पूरन सिंह की जगह नजर आते थे। शो में अक्सर कपिल सिद्धू को नाम लेकर अर्चना को चिढ़ाते हैं और इस बार तो वो सिद्धू बनकर अर्चना की सीट पर जाकर बैठ जाते हैं और अर्चना उनकी गोद में होती हैं। पिछले एपिसोड में कपूर परिवार के सदस्यों ने कपिल शर्मा के साथ हल्के-फुल्के पल साझा किए थे। रणबीर कपूर ने उस समय को याद किया जब उनके पिता, दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर ने उन्हें अनुशासित किया था। रिद्धिमा और रणबीर ने अपने बचपन के झगड़ों को याद किया, यह एपिसोड दिल छू लेने वाले क्षणों से भरा था। द ग्रेट इंडियन कपिल शो सुनील ग्रोवर की वापसी भी हुई है, जो 2017 के विवाद के बाद कपिल के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। कलाकारों की टोली में राजीव ठाकुर, कीकू शारदा, अर्चना पूरन सिंह और कृष्णा अभिषेक भी शामिल हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# सत्ता परिवर्तन पर वकीलों का पैनल बदल रहे राज्य

- सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी, इस बात का ध्यान रखें कि कोर्ट के कामकाज पर असर ना पड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि तमाम राज्य और केंद्र शासित प्रदेश कभी भी अपने सूचीबद्ध अधिवक्ता बदल सकते हैं लेकिन सभी को एक बात का ध्यान रखना होगा। अपने सूचीबद्ध वकीलों को बदलते समय यह सुनिश्चित करना होगा कि अदालत के कामकाज पर असर ना पड़े। कोर्ट ने कहा कि अधिवक्ताओं के पैनल को बदलते समय राज्यों को कम से कम छह सप्ताह तक पुराने पैनल को जारी रखना चाहिए। इससे न्यायालयों को स्थगन देने के लिए मजबूर न होना पड़े।

इस मामले में न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि एक राजनीतिक दल से दूसरे राजनीतिक दल में सत्ता परिवर्तन के बाद सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अदालत में पेश होने वाले अपने अधिवक्ताओं के पैनल को बदल रहे हैं। इस वजह से कोर्ट को परिवर्तन के आधार पर समय-समय पर स्थगन देना जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि यह सच है कि उनके पास अपने सूचीबद्ध अधिवक्ताओं को बदलने की शक्ति है, लेकिन इस बात का भी ध्यान रखने की जरूरत है कि कोर्ट के कामकाज पर असर ना पड़े। इसलिए, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश ऐसा बदलाव करते समय अधिवक्ताओं के पुराने पैनल को कम से कम छह सप्ताह तक जारी रख सकते हैं।

इससे न्यायालयों को स्थगन देने के लिए मबूर नहीं होना पड़ेगा। शीर्ष अदालत ने इस आदेश की एक प्रति सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले स्थायी वकील को प्रसारित करने का निर्देश दिया है।

## खनन मामले में ईडी के सामने पेश नहीं हुए 5 डीएम



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कथित अवैध रेत खनन के संबंध में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के आदेश के बावजूद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष उपस्थित नहीं होने पर मंगलवार को तमिलनाडु के पांच जिला कलेक्टरों को फटकार लगाई है। शीर्ष अदालत ने अधिकारियों को 25 अप्रैल को व्यक्तिगत रूप से ईडी के सामने पेश होने का निर्देश दिया है। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि अधिकारियों ने अभद्र रवैया अपनाया है और कार्रवाई से पता चलता है कि उनके मन में अदालत, कानून और संविधान के प्रति कोई सम्मान नहीं है। कोर्ट ने कहा, हमारी राय में इस तरह का लापरवाह रवैया उन्हें एक कठिन परिस्थिति में डाल देगा। जब अदालत ने ईडी द्वारा जारी समन के जवाब में उन्हें पेश होने का निर्देश देते हुए आदेश पारित किया, तो उनसे उसी आदेश का पालन करने और अदालत में उपस्थित होने की उम्मीद की गई थी।

# कच्चातिवु द्वीप पर 1974 में श्रीलंका से हुआ था समझौता

*कच्चातिवु द्वीप का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है। वजह है एक आरटीआई आवेदन से निकलकर आई जानकारी। दरअसल, तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने आरटीआई दायर कर कच्चातिवु के बारे में पूछा था। अब आरटीआई के जवाब में कहा गया है कि सन 1974 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और श्रीलंका की राष्ट्रपति श्रीमावो भंडारनायके ने एक समझौता किया था। इसके तहत कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका को औपचारिक रूप से सौंप दिया गया था। जानकारी सामने आने के बाद भाजपा कांग्रेस पर हमलावर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर विदेश मंत्री ने इस मुद्दे को उठाया है।*




## पुनः पाने की उठती रही है मांग

तमिलनाडु की तमाम सरकारें 1974 के समझौते को मानने से इनकार करती रहीं और श्रीलंका से द्वीप को दोबारा प्राप्त करने की मांग उठाती रहीं। 1991 में तमिलनाडु विधानसभा द्वारा समझौते के खिलाफ एक प्रस्ताव लाया गया जिसके जरिए द्वीप को पुनः प्राप्त करने की मांग की गई थी। 2008 में तमिलनाडु की तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गईं और कच्चातिवु समझौतों को रद्द करने की अपील की। उन्होंने कहा था कि कच्चातिवु उपहार में देने वाले देशों के बीच दो संधियां असंवैधानिक हैं। इसके अलावा साल 2011 में जयललिता ने एक बार फिर से विधानसभा में प्रस्ताव पारित कराया। मई 2022 में तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने मोदी की मौजूदगी में एक समारोह में मांग की थी कि कच्चातिवु द्वीप को भारत में पुनः प्राप्त किया जाना चाहिए।

## कहां स्थित है यह द्वीप




कच्चाति वु पाक जलडमरूमध्य में एक छोटा सा द्वीप है, जो बंगाल की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। 285 एकड़ हरित क्षेत्र 1976 तक भारत का था। हालांकि, श्रीलंका और भारत के बीच एक विवादित क्षेत्र है, जिस पर आज श्रीलंका हक जताता है। दरअसल, साल 1974 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने समकक्ष श्रीलंकाई राष्ट्रपति श्रीमावो भंडारनायके के साथ 1974-76 के बीच चार समुद्री सीमा समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। इन्हीं समझौते के तहत कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया गया।

## क्या है कच्चातिवु द्वीप का इतिहास

कच्चातिवू द्वीप का निर्माण 14वीं शताब्दी में ज्वालामुखी विस्फोट के कारण हुआ था। यह कभी 17वीं शताब्दी में मदुरई के राजा रामानद के अधीन था। ब्रिटिश शासनकाल में यह द्वीप मद्रास प्रेसीडेंसी के पास आया। 1921 में श्रीलंका और भारत दोनों ने मछली पकड़ने के लिए भूमि पर दावा किया और विवाद अनसुलझा रहा। आजादी के बाद इसे भारत का हिस्सा माना गया। साल 1974 में 26 जून को कोलंबो और 28 जून को दिल्ली में दोनों देशों के बीच इस द्वीप के बारे में बातचीत हुई। इन्हीं दो बैठकों में कुछ शर्तों के साथ इस द्वीप को श्रीलंका को सौंप दिया गया। तब शर्त यह रखी गई कि भारतीय मछुआरे अपना जाल सुखाने के लिए इस द्वीप का इस्तेमाल कर सकेंगे और द्वीप में बने चर्च में भारत के लोगों को बिना वीजा के जाने की अनुमति होगी। समझौतों ने भारत और श्रीलंका की अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा चिह्नित कर दी। हालांकि इस समझौते का तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री एम करुणानिधि ने तीखा विरोध किया था।

## एक नजर

### मुंबई में रासायनिक संयंत्र में लगी आग, दो फैक्ट्रियां खाक

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के नवी मुंबई के एक औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार को रासायनिक संयंत्र में आग लग गई, जिससे आसपास की दो अन्य फैक्ट्रियां जलकर खाक हो गईं। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि पावने-कॉपरखैरने में एमआईडीसी में रासायनिक फैक्ट्री में सुबह आग लगी, जिसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि एमआईडीसी से अग्निशमन सेवाएं और कॉपरखैरने के आसपास के अग्निशमन केंद्रों की 14 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और चार घंटे तक आग पर काबू पाने को लेकर मशक्कत की। रसायन लीक होने से आग लगने का कारण बताया गया है। आगे की जांच जारी है।

### चोरी के शक में युवक को पीटा, मौत सबूत मिटाने के लिए शव जलाया

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी में 38 साल के युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी, बाद सबूत मिटाने के लिए शव को जला दिया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैसल गई। वारदात के 10 दिन बाद मृतक की मां की तहरीर पर शिमला के बालूगंज थाने में मामला दर्ज किया गया। शिमला से सटे सुन्नी की बझोल निवासी तारा देवी ने शिकायत में कहा कि उसका बेटा टीकमचंद पिछले आठ-नौ सालों से खरयाड़ में सेवानन्द के घर में मजदूरी का काम करता था। 22 मार्च को सेवानन्द की पत्नी प्रभा ने इसे फोन कर बताया कि टीकमचंद की गिरने के कारण मौत हो गई है और शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। जबकि, पुलिस को स्थानीय लोगों से जानकारी मिली कि, शक में गांव वालों ने हत्या कर दी है, शव जला दिया। एसएसपी संजीव गांधी ने कहा- मामले की जांच की जा रही है।

### इंडिया समूह एकजुट है, लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ेगा : फारूक

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि इंडिया समूह एकजुट है और देश के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ेगा। अब्दुल्ला ने कहा, इंडिया समूह में कोई विवाद नहीं है और सभी एकजुट हैं चाहे वह फारूक हों, उमर हों या महबूबा हों। वह कांग्रेस उम्मीदवार रमन भल्ला के समर्थन में आए थे, जम्मू लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने कहा-हमें उम्मीद है कि भारत के लोग लोकसभा चुनाव में उनका (इंडिया समूह) का समर्थन करेंगे।

### तुर्की में नाइट क्लब में लगी आग 29 लोगों की मौत, एक जख्मी

**अंकारा।** तुर्की में इस्तांबुल के एक नाइट क्लब में आग लगने से कम से कम 29 लोगों की मौत हुई है। इस्तांबुल के गवर्नर दावुत गुल कार्यालय ने मंगलवार को बताया है कि नाइट क्लब में मरम्मत के दौरान आग लग गई। घटना में 29 की मौत हुई है और एक व्यक्ति जख्मी हुआ है। आग में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 29 हो गई है। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। जिले में स्थित 16 मंजिला इमारत के भूतल पर स्थित है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

# चीन का बढ़ता दुस्साहस... नाम बदलने से वास्तविकता नहीं बदलेगी

## भारत की दो टूक- अरुणाचल के 30 शहरों को दिए चीनी नाम अस्वीकार

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने के चीन के प्रयास को खारिज कर दिया। मंत्रालय ने कहा कि नाम बदलने के प्रयास से इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है और रहेगा।



चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के 30 शहरों के नए नामों की चौथी सूची जारी करने के बाद मंत्रालय ने अपना बयान जारी किया। मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने कहा, चीन भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने के प्रयासों पर कायम है। हम चीन द्वारा किए गए इन प्रयासों को दृढ़ता से अस्वीकार करते हैं। स्थानों का नाम बदलने से यह वास्तविकता नहीं बदलेगी कि अरुणाचल भारत का एक अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है और हमेशा रहेगा। इससे पहले 28 मार्च को भारत ने कहा था कि चीन अपने निराधार दावों को दोहरा सकता है। बता दें, पिछले 7 सालों में ऐसा चौथी बार हुआ है जब चीन ने अरुणाचल की जगहों का नाम बदला हो। चीन ने अप्रैल 2023 में अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए थे। चीन ने पिछले 5 साल में तीसरी बार ऐसा किया था। इसके पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदले थे। दरअसल, चीन की तरफ से अक्सर दावा किया जाता है कि अरुणाचल प्रदेश उसका हिस्सा है।

### भारत भी तिब्बत के 60 स्थानों को दे अपने नाम, चीन पर भड़के हिमंत



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को भारत सरकार से आग्रह किया कि वह अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने के चीन के प्रयासों के जवाब में जैसे को तैसा वाला रवैया अपनाए। सरमा ने सुझाव दिया की भारत को तिब्बत के साठ क्षेत्रों के लिए खुद के नाम देकर इसका मुकाबला करना चाहिए। सरमा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, भारत सरकार से मेरा अनुरोध है कि हमें भी तिब्बत के 60 इलाकों को भौगोलिक नाम देने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जवाब हमेशा जैसे को तैसा होना चाहिए। लेकिन मैं टिप्पणी नहीं करना चाहता, क्योंकि यह भारत सरकार का नीतिगत फैसला है। लेकिन अगर उन्होंने 30 का नाम लिया है तो हमें 60 का नाम लेना चाहिए। चीन ने हाल ही में अरुणाचल पर अपने दावे को जोर दिया है और विभिन्न स्थानों के 30 नामों की चौथी सूची जारी की थी।

### अरुणाचल पर भारत की प्रतिक्रिया कमजोर और लचर : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश के 30 स्थानों का नाम बदले जाने पर कांग्रेस ने भारत की प्रतिक्रिया कमजोर और लचर बताया है। मंगलवार को आरोप लगाया कि जयशंकर की प्रतिक्रिया बहुत कमजोर थी जो सरकार एवं विदेश मंत्री को शोभा नहीं देती। पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी ने दावा किया कि जो लोग कच्चातिवु पर आवाज बुलंद करते हैं वो चीन का नाम लेने से भी डरते हैं। उन्होंने सवाल किया कि भारत की कितनी जमीन मई, 2020 के बाद से चीन के नियंत्रण में है, मोदी सरकार ने उस जमीन को खाली क्यों नहीं कराया? चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों के 30 नए नाम जारी किए जाने के कुछ दिन बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा था कि अरुणाचल एक भारतीय राज्य था, है, और भविष्य में भी रहेगा।

# सरहद पर सेना पूरी मुस्तैदी के साथ खड़ी

- राजनाथ बोले- शांतिपूर्ण समाधान के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली में मंगलवार को आर्मी कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मौजूद रहे सीडीएस अनिल चौहान और सेना प्रमुख मनोज पांडे।

चीन एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश को लेकर तमाम बयानबाजी कर रहा है। पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सैन्य टकराव जारी रहने के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि सरहद पर भारतीय सेना पूरी मुस्तैदी के साथ खड़ी है। शांतिपूर्ण समाधान के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है।

सेना के शीर्ष कमांडरों को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने रक्षा और सुरक्षा को नई ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए सेना के नेतृत्व की सराहना की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में सेना का अहम योगदान है। राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की भी सराहना की और कहा कि उसके प्रयासों से पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर सड़क संचार में एक बड़ा सुधार आया है। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा कि उत्तरी सीमाओं पर मौजूदा स्थिति पर राजनाथ सिंह ने पूरा विश्वास जताया और सरहद पर मौजूद सैनिकों की सराहना की है। गौरतलब है कि भारत और चीन की सेना के बीच पूर्वी लद्दाख में कुछ क्षेत्रों को लेकर लगभग चार वर्षों से गतिरोध बना हुआ है, जबकि दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी पूरी कर ली है। पाकिस्तान से सटी सीमा का जिक्र करते हुए राजनाथ ने कहा कि सीमा पार आतकंवाद को रोका है। हालांकि सरहद पार से अभी भी छद्म युद्ध जारी है।

## भारत को जरूर मिलेगी सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता : एस. जयशंकर



**गांधीनगर।** भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की स्थायी सदस्यता जरूर मिलेगी लेकिन इसके लिए एक बात का ध्यान रखना होगा। इसके लिए कड़ी मेहनत की जरूरत है। ये बातें विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुजरात के राजकोट बुद्धिजीवियों के साथ बातचीत के दौरान बताई। दरअसल इस दौरान दर्शकों ने विदेश मंत्री से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता को लेकर भारत की संभावनाओं के बारे में सवाल पूछा था। विदेश मंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का गठन लगभग 80 साल पहले हुआ, जब चीन, फ्रांस, सोवियत संघ, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका ने इसकी सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का फैसला लिया। उन्होंने कहा कि उस समय दुनिया में लगभग 50 स्वतंत्र देश थे, जिनकी संख्या बढ़कर अब 193 हो गई है, लेकिन अब भी पांच देशों ने परिषद पर अपना नियंत्रण बनाए रखा है। जयशंकर ने कहा कि अब दुनिया भर में यह मांग उठ रही है कि परिषद में बदलाव होना चाहिए और भारत को एक स्थायी सीट मिलनी चाहिए।

## रथ खींचने की मची होड़...



**मथुरा :** वृन्दावन के रंग जी मन्दिर के ब्रम्होत्सव में भगवान रंगनाथ की जय के साथ रथ खींचने की भक्तों में होड़ मच गई । जिसे रथ खींचने का मौका मिल गया धन्य हो गया और जिसे नही मिला उसने दूर से ही भगवान रंगनाथ को प्रणाम कर स्वयं को धन्य किया। इससे पहले 60 फीट ऊंचे रथ पर विराजमान भगवान रंगनाथ की रथ चलने के पहले वैदिक मंत्रो एवं शंखध्वनि के बीच आरती उतारी गई। बता दें, मन्दिर का 176वां ब्रम्होत्सव था और रथ भी इतना ही पुराना और चन्दन की लगड़ी का बना हुआ है। ● एजेंसी

# चुनाव के बाद सुधर सकते हैं भारत-पाक रिश्ते

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पड़ोसी देश के रक्षा मंत्री बोले पाकिस्तान ने भारत के साथ कम किए थे राजनयिक संबंध



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भारत में आम चुनाव के बाद रिश्ते बेहतर होने की उम्मीद जताई है। आसिफ की यह टिप्पणी सिंगापुर में विदेश मंत्री एस जयशंकर के उस बयान के कुछ दिनों बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान लगभग इंडस्ट्री लेवल पर आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और भारत का मूड अब आतंकवादियों को नजरअंदाज नहीं करने का है।

सोमवार को इस्लामाबाद में संसद भवन के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए आसिफ ने कहा, भारत में चुनाव के बाद हमारे संबंध बेहतर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की अपनी अपनी पृष्ठभूमि है। भारत में सात चरणों में मतदान हो रहा है। इस्लामाबाद और नई दिल्ली के बीच तनावपूर्ण संबंधों का एक लंबा इतिहास रहा है, जिसका मुख्य कारण कश्मीर मुद्दा और साथ ही पाकिस्तान से उत्पन्न होने वाला सीमा पार आतंकवाद है। बता दें, 2019 में, भारत सरकार द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, जम्मू और कश्मीर की विशेष स्थिति को रद्द करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद पाकिस्तान ने नई दिल्ली के साथ अपने राजनयिक संबंधों को कम कर दिया। इस्लामाबाद ने कहा कि इस फैसले ने पड़ोसियों के बीच बातचीत के माहौल को कमजोर कर दिया है। पाकिस्तान इस बात पर जोर देता रहा है कि संबंधों को सुधारने की जिम्मेदारी भारत पर है और वह उससे बातचीत शुरू करने की पूर्व शर्त के तौर पर कश्मीर में अपने एकतरफा कदमों को वापस लेने का आग्रह कर रहा है। भारत ने इस सुझाव को खारिज कर दिया है और पाकिस्तान को स्पष्ट कर दिया है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के संपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश देश के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से हैं। यह भी कहा गया कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर संवैधानिक उपाय भारत का आंतरिक मामला है।


## गाजा में इजराइली हमलों से एनजीओ के सात कर्मियों की मौत

**गाजा।** इजराइल लगातार गाजा पर जवाबी कार्रवाई कर रहा है। मौजूद आतंकी संगठन हमास के ठिकानों को इजराइली सेना निशाना बना रही है। हालांकि अब तक ताबड़तोड़ जवाबी हमलों को लेकर कई देश इजराइल की आलोचना कर रहे हैं। इस बीच, गाजा में हताहत लोगों को सहायता पहुंचे वाले समूह भी इजराइली हमले का शिकार हो गया है। जिसमें तकरीबन सात विदेशी कर्मचारी मारे गए। लोगों को राहत देने वाले अंतर्राष्ट्रीय सहायता समूह ने कहा कि सोमवार को हमले में सात विदेशी कर्मचारी मारे गए, जिनमें ऑस्ट्रेलिया, पोलैंड और ब्रिटेन के नागरिक शामिल थे। गौरतलब है कि अमेरिका स्थित वर्ल्ड सेंट्रल किचन, ने इजराइली रक्षा बलों को दोषी ठहराया है।

**विज्ञान** वैज्ञानिकों ने इस नई खोज का नाम तारकीय दिया, जिसमें खत्म होता तारा अपने ग्रहों की हत्या कर रहा

# दूर के सौर मंडल में खत्म होते ग्रह की खोज

नैनीताल, कार्यालय



अपने ग्रह को खत्म करते तारे का प्रतीकात्मक चित्र।

**अमृत विचार :** पृथ्वी समेत हमारे सौर मंडल के ग्रहों का अस्तित्व व अंत सूर्य पर निर्भर है। हालही में वैज्ञानिकों ने दूर के एक सौर मंडल मे ग्रहों का अंत होते देखा है। खोज में तारा अपने ग्रह को खत्म कर रहा है। इस खोज से हमारे सौर मंडल के अंत की जानकारी मिलती है।

वैज्ञानिकों ने इस नई खोज का नाम तारकीय हत्या दिया है। जिसमें खत्म होता तारा अपने ग्रहों की हत्या कर रहा है। हमारा सूर्य सबसे अच्छा मित्र और सबसे बड़ा शत्रु दोनों है। यही सिद्धान्त प्रत्येक सौर मंडल से जुड़ा हुआ है। जिसकी पुष्टि इस खोज में हुई है। दरअसल सभी सौर मंडल के अन्य ग्रह सूर्य के समान गैस और धूल के बादल से बने हुए होते हैं। इसके प्रकाश के बिना पृथ्वी पर कोई जीवन नहीं हो सकता।

दूसरी ओर, एक दिन ऐसा आएगा जब सूर्य पृथ्वी पर सारा जीवन समाप्त कर देगा और अंततः पृथ्वी को ही नष्ट कर देगा। हमारे ग्रह का अंत होने में अभी लगभग पाँच अरब वर्ष का समय लगेगा। यह घटना तब होगी, जब सूर्य एक लाल दानव में परिवर्तित हो जाएगा।

ग्रहों के खत्म होने की यह खोज डीओआई 10.1038/डी41586-024-00847-6 नामक आकाशगंगा में हुई है। हालाकि इससे पहले भी किसी तारे द्वारा अपने ग्रहों को नष्ट करने के संकेत पहले भी मिलते रहे हैं। मगर इस खोज से यह जानकारी मिलती है कि किसी सौर मंडल के खत्म होने के बाद क्या होता है। सौर मंडल के अंत के बाद ग्रह व तारे गैस और धूल के बादल में बदल जाएगा।

### ब्रह्मांड के हर वस्तु का अंत निश्चित

ब्रह्मांड में मौजूद किसी भी वस्तु का अंत निश्चित है। आकाशगंगा, तारे, ग्रह, धूमकेतु समेट अन्य सभी वस्तु जन्म लेते हैं और उनका अंत भी हो जाता है। हालांकि इनकी उम्र करोड़ों से अरबों वर्ष होती है। इनकी तुलना में इंसान की उम्र क्षणिक मात्र है।

## अमेरिका में भारतवंशी सांसदों ने हिंदुओं पर हमले का मांगा ब्योरा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में पांच भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने न्याय विभाग और संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) से इस साल देश में हिंदुओं के खिलाफ हुए घृणा आधारित अपराधों और मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाओं का विवरण मांगा है।

इन सांसदों में राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, श्री थानेदार, प्रमिला जयपाल और अमी बेरा शामिल हैं। इन्होंने न्याय विभाग के नागरिक अधिकार प्रभाग के क्रिस्टन क्लार्क को लिखा, न्यूयॉर्क से लेकर कैलिफोर्निया तक मंदिरों पर हमलों की घटनाओं ने हिंदू अमेरिकियों को गहरी चिंता में डाल दिया है। उन्होंने कहा, समुदायों के नेताओं ने चिंता व्यक्त की है कि इन घटनाओं में शामिल संदिग्धों का कोई सुराग नहीं है, जिससे कई लोग डर और भय में जी रहे हैं। हमारे समुदाय इन पक्षपात-प्रेरित अपराधों में कानून प्रवर्तन समन्वय को लेकर चिंतित हैं।

# गठबंधन के लिए 'इंडिया' नाम का प्रयोग बंद हो

नई दिल्ली, एजेंसी

- याचिकाकर्ता ने दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल की अर्जी, कोर्ट ने केंद्र और विपक्षी दलों से मांगा जवाब




दिल्ली हाईकोर्ट ने आई. एन. डी. आई. ए (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) का उपयोग करने से रोकने की मांग याचिका पर केंद्र और कई विपक्षी दलों को जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका दिया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि 'इंडिया' नाम का उपयोग करके पार्टियां हमारे देश के नाम पर अनुचित लाभ ले रही हैं।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका पर एक सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल किया जाए। अदालत ने याचिका पर सुनवाई की तारीख आगे बढ़ाने से इनकार करते हुए कहा कि याचिका पर 10 अप्रैल को सुनवाई और निपटारा करने का प्रयास किया जाएगा। याचिकाकर्ता गिरीश भारद्वाज ने इस आधार पर मामले की जल्द सुनवाई की मांग की गई थी कि याचिका अगस्त 2023 से लंबित है और दलीलें अभी तक पूरी नहीं हुई हैं और चुनाव आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा पहले ही की जा चुकी है।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता वैभव सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार और विपक्षी दलों को पहले ही आठ अवसर दिए जा चुके हैं लेकिन उन्होंने अभी तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है। अधिवक्ता सिद्धांत कुमार ने अदालत को बताया कि चुनाव आयोग पहले ही इस मामले में अपना जवाब दाखिल कर चुका है। नवंबर, 2023 में केंद्र सरकार के अधिवक्ता ने मामले में अदालत से जवाब दाखिल करने के लिए एक हफ्ते या 10 दिन का और समय देने का अनुरोध किया था।

वहीं, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक सहित नौ राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा था कि याचिका के खिलाफ प्रारंभिक आपत्तियां थीं और सुप्रीम कोर्ट पहले ही इस मुद्दे से निपट चुका है। याचिकाकर्ता ने 26 राजनीतिक दलों द्वारा आई. एन. डी. आई. ए नाम के उपयोग पर रोक लगाने और प्रतिवादी राजनीतिक गठबंधन द्वारा भारत के साथ राष्ट्रीय ध्वज के उपयोग पर रोक लगाने के लिए अंतरिम आदेश की मांग की है।